3 | राजधानी
एमसीडी में लाइसेंस राज को खत्म करेगी भाजपा

6 | अभिमत
छोटे व मझोले उद्योगों की संभावनाएं

10 | विदेश
अनवर बने मलेशिया के नए प्रधानमंत्री

10 | स्पोर्ट्स
फाइनल में भारत के सात मुक्केबाज

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 23
नई दिल्ली, शुक्रवार, 25 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने गांधीवादी मूल्यों का पालन नहीं किया: मोदी

राष्ट्रीय-9

# निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति में जल्दबाजी पर उठाए सवाल

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

## सुप्रीम कोर्ट ने की केंद्र सरकार की तीखी आलोचना

- निर्वाचन आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी व्यवस्था बनाने का अनुरोध वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया
- संबधित पक्षों से पांच दिन में लिखित जवाब देने को कहा
- संविधान पीठ ने अरुण गोयल की नियुक्ति से जुड़ी फाइल पर गौर किया और कहा-हम उनकी योग्यता पर नहीं प्रक्रिया पर उठा रहे सवाल



**सुप्रीम** कोर्ट ने निर्वाचन आयुक्त के तौर पर अरुण गोयल की नियुक्ति में जल्दबाजी पर बृहस्पतिवार को सवाल उठाए। वहीं, केंद्र ने न्यायालय की टिप्पणियों का विरोध किया और अटॉर्नी जनरल ने कहा कि गोयल की नियुक्ति से जुड़े पूरे मामले पर विस्तारपूर्वक गौर किया जाना चाहिए। मामले की सुनवाई शुरू होने पर न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने निर्वाचन आयुक्त के तौर पर गोयल की नियुक्ति से जुड़ी मूल फाइल पर गौर किया और कहा, यह किस तरह का मूल्यांकन है? हम अरुण गोयल की योग्यता पर नहीं बल्कि प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं। पीठ ने सवाल किया कि गोयल की चुनाव आयुक्त के तौर पर नियुक्ति में बहुत तेजी दिखाई गई और उनकी फाइल 24 घंटे भी विभागों के पास नहीं रही।

केंद्र ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी के जरिए इसका प्रतिवाद करते हुए पीठ से नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े पूरे मुद्दे पर विचार किए बगैर टिप्पणी न करने का पुरजोर अनुरोध किया। सुनवाई के दौरान जब अटॉर्नी जनरल दलीलें दे रहे थे तो वकील प्रशांत भूषण ने पीठ के समक्ष दलीलें रखने की कोशिश की। इस पर शीर्ष विधि अधिकारी ने भूषण से कहा, कृपया थोड़ी देर के लिए चुप रहिए। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयुक्त और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी व्यवस्था बनाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया और संबधित पक्षों से पांच दिन में लिखित जवाब देने को कहा। पीठ में शामिल न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी ने वेंकटरमानी से कहा, आपको अदालत को सावधानीपूर्वक सुनना होगा और सवालों का जवाब देना होगा। हम किसी उम्मीदवार पर नहीं बल्कि प्रक्रिया पर सवाल कर रहे हैं। इस पर अटॉर्नी जनरल ने कहा कि अदालत के सवालों का जवाब देना उनका दायित्व है। पीठ ने कहा कि 1985 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गोयल ने एक ही दिन में सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली, एक ही दिन में कानून मंत्रालय ने उनकी फाइल को मंजूरी दे दी, चार नामों की सूची प्रधानमंत्री के समक्ष पेश की गई तथा गोयल के नाम को 24 घंटे के भीतर राष्ट्रपति से मंजूरी भी मिल गई। पीठ में न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार भी शामिल रहे। पीठ ने कहा कि कानून मंत्री ने सूची में शामिल चार नामों में से किसी को भी सावधानीपूर्वक नहीं चुना जिससे कि वे छह साल का कार्यकाल पूरा कर पाते। वेंकटरमानी ने कहा कि चयन की एक प्रक्रिया तथा मापदंड है और ऐसा नहीं हो सकता कि सरकार हर अधिकारी का पिछला रिकॉर्ड देखे और यह सुनिश्चित करें कि वह छह साल का कार्यकाल पूरा करें। निर्वाचन आयोग (चुनाव आयुक्त की सेवा और कारोबार का संव्यवहार शर्तों) अधिनियम, 1991 के तहत चुनाव आयुक्त का छह साल या 65 वर्ष की आयु तक का कार्यकाल हो सकता है। ( शेष पेज 8 )

# पायलट ने गद्दारी की, सीएम नहीं बन सकते: गहलोत

- सचिन पायलट ने कहा-इतने अनुभव वाले किसी व्यक्ति को ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना शोभा नहीं देता

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को सनसनीखेज दावा करते हुए आरोप लगाया कि ढाई साल पहले उनकी सरकार के खिलाफ बगावत करने के लिए भाजपा ने सचिन पायलट और उनके सहयोगियों को 10-10 करोड़ रुपये दिए थे। उन्होंने दावा किया कि उनके पास इसके पर्याप्त सबूत हैं। आज ही राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा से जुड़े हैं।

एनडीटीवी को दिए गए एक इंटरव्यू में गहलोत ने पायलट को गद्दार करार दिया और कहा कि उन्हें नहीं पता कि कब हाईकमान ने पायलट को मुख्यमंत्री बनाने का संकेत दिया क्योंकि राज्य में वहीं ऐसे व्यक्ति हैं जो हाईकमान के भरोसेमंद हैं। उन्होंने कहा 'मुझे कोई संकेत नहीं मिले। मैं हाईकमान के साथ हूं।' गहलोत कैंप द्वारा पायलट को स्वीकार करने के सवाल पर गहलोत ने कहा 'वे कैसे ऐसे व्यक्ति को स्वीकार कर सकते हैं जिसने गद्दारी की है? हमारे विधायकों को और मुझे उनकी वजह से परेशानी झेलनी पड़ी। गहलोत के इस बयान से राजस्थान में कांग्रेस पार्टी में आंतरिक कलह और बढ़ता नजर आ रहा है जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा भी राजस्थान में आने वाली है। ( शेष पेज 8 )



## मतभेदों को इस प्रकार सुलझाएंगे जिससे कि पार्टी मजबूत हो: कांग्रेस

**नई दिल्ली**। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस नेता सचिन पायलट पर हमले तेज कर दिए हैं, ऐसे में पार्टी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके मतभेदों को इस तरह सुलझाया जाएगा कि पार्टी मजबूत हो। कांग्रेस ने यह भी कहा कि इस समय ध्यान भारत जोड़ो यात्रा की सफलता पर होना चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने एक बयान में कहा, अशोक गहलोत वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं। उन्होंने अपने कनिष्ठ सहयोगी सचिन पायलट के साथ जो मतभेद जाहिर किए हैं, उन्हें इस तरह से सुलझाया जाएगा कि कांग्रेस पार्टी मजबूत हो।

# भारत जोड़ो यात्रा में पति और बेटे संग शामिल हुईं प्रियंका



राहुल गांधी और प्रियंका वाद्रा के साथ भारत जोड़ो यात्रा में सचिन पायलट

**पायनियर समाचार सेवा** । बोरगांव (मप्र)

**कांग्रेस** के उत्तर प्रदेश मामलों की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा में अपने पति रॉबर्ट वाड्रा और बेटे रेहान के साथ बृहस्पतिवार को पहली बार शामिल हुईं।

मध्य प्रदेश में इस यात्रा के दूसरे दिन राहुल ने खंडवा जिले के बोरगांव से पैदल चलना प्रारंभ किया। यात्रा में प्रियंका के साथ उनके पति रॉबर्ट वाड्रा और बेटे रेहान भी पैदल चलते दिखाई दिए। राहुल जब पदयात्रा पर निकलते हैं तो सड़क के दोनों ओर पुलिस कर्मी उनकी सुरक्षा के लिए रस्सियों का सुरक्षा घेरा बनाकर साथ चलते हैं। प्रियंका के यात्रा में शामिल होने के बाद कांग्रेस के उत्साहित कार्यकर्ता भाई-बहन के समर्थन में नारेबाजी करते हुए उनके करीब आने की बार-बार कोशिश करते दिखाई दिए। उन्हें सुरक्षित घेरे से दूर करने के लिए पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। ( शेष पेज 8 )

# जामा मस्जिद में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध नहीं लगेगा

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली




- विवाद खड़ा होने के बाद एलजी के अनुरोध पर राजी हुए इमाम बुखारी

**दिल्ली** की शाही जामा मस्जिद में अकेली या समूह में आने वाली लड़कियों के प्रवेश पर पाबंदी लगाए जाने से बृहस्पतिवार को विवाद खड़ा हो गया। हालांकि उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अनुरोध के बाद शाही इमाम इस आदेश को वापस लेने को राजी हो गए। कई सामाजिक संगठनों के साथ-साथ राष्ट्रीय महिला आयोग एवं दिल्ली महिला आयोग ने भी मस्जिद में लड़कियों के प्रवेश पर रोक लगाने को तानाशाही फैसला बताते हुए कहा कि यह अस्वीकार्य है।

सूत्रों के अनुसार, सक्सेना ने इमाम बुखारी से बात कर इस बाबत आग्रह किया, तो इमाम बुखारी इस शर्त पर आदेश वापस लेने को राजी हो गए कि यहां आने वाले लोग मस्जिद की शुचिता का सम्मान करें और उसे बरकरार रखें। दिल्ली में यह विवाद ऐसे समय उठा जब सऊदी अरब ने भी 45 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को महरम (करीबी परिचित) के बिना भी कम से कम चार की संख्या में मस्जिदों में इबादत के लिए आने की इजाजत दे दी है। इससे पहले जामा मस्जिद प्रबंधन ने तीनों मुख्य द्वारों पर नोटिस लगाया था, जिसमें कहा गया था कि मस्जिद में लड़कियों के अकेले या समूह में प्रवेश पर रोक है। इस फैसले पर विवाद शुरू होने के बाद शाही इमाम ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह आदेश नमाज पढ़ने आने वाली लड़कियों के लिए नहीं है। ( शेष पेज 8 )

# द अशोक होटल का सांकेतिक मूल्य 7,409 करोड़ रुपए तय हुआ

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**सरकार** ने राष्ट्रीय मौद्रीकरण कार्यक्रम के तहत दिल्ली के प्रतिष्ठित द अशोक होटल का सांकेतिक मूल्य 7,409 करोड़ रुपए तय किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) योजना की शुरुआत पिछले वर्ष की थी। सूत्रों ने यह बताया। द अशोक और उसके निकट स्थित होटल सम्राट भारतीय पर्यटन विकास निगम की परिसंपत्तियां हैं जो इस योजना में सूचीबद्ध हैं। सूत्रों के मुताबिक निवेशकों से विचार-विमर्श किया जा चुका है और होटल की बिक्री के लिए मंत्रिमंडल की मंजूरी पर विचार किया जा रहा है। 25 एकड़ क्षेत्र में फैला द अशोक दिल्ली के बीचोबीच स्थित है। एक सूत्र ने बताया कि अशोक होटल का मौद्रीकरण निजी-सार्वजनिक भागीदारी के जरिए होगा। इसके लिए सांकेतिम मूल्य 7,409 करोड़ रुपए तय किया गया है। विभिन्न क्षेत्रों में अवसंरचना परिसंपत्तियों के मूल्य का लाभ उठाने के लिए सीतारमण ने अगस्त 2021 में चार साल के लिए 6 लाख करोड़ रुपए की एनएमपी की घोषणा की थी।

# असीम मुनीर पाकिस्तान के नए सेना प्रमुख

- कश्मीर में पुलवामा हमले के दौरान आईएसआई के मुखिया थे

**भाषा** । इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आसिम मुनीर को बृहस्पतिवार को देश का नया सेना प्रमुख चुना। मुनीर निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की जगह लेंगे। बाजवा 29 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। बाजवा (61) को 2016 में तीन साल के लिए सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उन्हें 2019 में तीन साल का सेवा विस्तार दिया गया था। उन्होंने अपने कार्यकाल के और विस्तार का अनुरोध करने की संभावना से इनकार कर दिया था। देश की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने ट्विटर पर घोषणा की कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मुनीर को पाकिस्तान का नया सेना प्रमुख नामित किया है। लेफ्टिनेंट जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीजेसीएससी) का अध्यक्ष चुना गया है। मरियम औरंगजेब ने ट्वीट किया, (नियुक्तियों संबंधी) संक्षिप्त विवरण राष्ट्रपति को भेज दिया गया है। दोनों अधिकारियों को फोर स्टार (वर्दी के कॉलर बैंड पर चार सितारे वाले) जनरल के रूप में पदोन्नत किया गया है।

लेफ्टिनेंट जनरल मुनीर ने ऑफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल के माध्यम से सेवा में प्रवेश किया, जिसके बाद उन्हें फ्रंटियर फोर्स रेजिमेंट में नियुक्त किया गया। वह लंबे समय से जनरल बाजवा के करीबी सहयोगी रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल मुनीर को बाद में 2017 की शुरुआत में सैन्य खुफिया महानिदेशक नियुक्त किया गया था और अगले साल अक्टूबर में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) प्रमुख बनाया गया था। बहरहाल, शीर्ष खुफिया अधिकारी के रूप में उनका कार्यकाल अब तक का सबसे छोटा कार्यकाल रहा। उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के दबाव डालने पर आठ महीने के भीतर इस पद से हटा दिया गया था और उनके स्थान पर लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद को नियुक्त किया गया था। उन्होंने गुजरांवाला कोर कमांडर के रूप में दो साल तक काम किया और फिर उन्हें क्वार्टर मास्टर जनरल के रूप में सामान्य मुख्यालय में स्थानांतरित किया गया। इस बीच, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने मीडिया को बताया कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को सिफारिश भेज दी गई है और सभी मामलों में कानून एवं संविधान के अनुसार काम किया गया है। डॉन समाचार पत्र ने बताया कि आसिफ ने नागरिकों से इन नियुक्तियों को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखने का आह्वान किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति नियुक्तियों को विवादास्पद नहीं बनाएंगे और प्रधानमंत्री की सलाह का समर्थन करेंगे। ( शेष पेज 8 )

# बहुविवाह, निकाह हलाला पर सुनवाई के लिए पांच सदस्यीय पीठ बनेगी

**भाषा** । नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह मुसलमानों में बहुविवाह और निकाह हलाला की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पांच न्यायाधीशों की नई संविधान पीठ का गठन करेगा। इस मुद्दे पर एक जनहित याचिका दायर करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जेबी पर्दीवाला की पीठ से अनुरोध किया था कि इस मामले में संविधान पीठ को नए सिरे से गठित करने की आवश्यकता है, क्योंकि पिछली संविधान पीठ के दो न्यायाधीश- न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता- सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इस पर न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, हम एक नई पीठ का गठन करेंगे। पिछली संविधान पीठ ने 30 अगस्त को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) को जनहित याचिकाओं में पक्षकार बनाया था और उनसे जवाब मांगा था। तत्कालीन संविधान पीठ की अध्यक्षता न्यायमूर्ति बनर्जी कर रही थीं और न्यायमूर्ति गुप्ता, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया इसमें शामिल थे। हालांकि न्यायमूर्ति बनर्जी और न्यायमूर्ति गुप्ता इस साल क्रमश: 23 सितंबर और 16 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए, जिससे बहुविवाह और निकाह हलाला की प्रथाओं के खिलाफ आठ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए संविधान पीठ के पुनर्गठन की आवश्यकता हुई। उपाध्याय ने अपनी जनहित याचिका में बहुविवाह और निकाह हलाला को असंवैधानिक और अवैध घोषित करने का निर्देश देने का आग्रह किया है। शीर्ष अदालत ने जुलाई 2018 में उनकी याचिका पर विचार किया था और इस मामले को संविधान पीठ के पास भेज दिया था जो पहले से ही ऐसी ही याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,273 | ↑ | 762 | |
| निफ्टी | 18,484 | ↑ | 217 | |
| सोना | 52,650 | ↑ | 199 | /10g |
| चांदी | 62,075 | ↑ | 445 | /kg |

## क्विक न्यूज

### तीन साल में 475 वंदे भारत ट्रेन तैयार करने की योजना

**नई दिल्ली**। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले तीन साल मे 475 वंदे भारत ट्रेन तैयार करने की योजना पर काम जारी है। मंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि बुलेट ट्रेन 2026 तक पूरी तरह से संचालित होने लगेगी। उन्होंने कहा, 475 वंदे भारत ट्रेन चलाने का लक्ष्य हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं। पिछले बजट में 400 ट्रेन को मंजूरी दी गई थी और इससे पहले 75 को ट्रेन स्वीकृति दी जा चुकी थी। हम आने वाले तीन वर्ष में लक्ष्य हासिल कर लेंगे। महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना के समय और लागत में वृद्धि के सवाल पर मंत्री ने कहा कि ऐसी ट्रेन के लिए प्रौद्योगिकी और प्रारंभिक डिजाइन का चरण बहुत जटिल होता है। उन्होंने कहा, ...हमने करीब 110 किमी का ट्रैक बना लिया है।

# एंबोलो के गोल से स्विट्जरलैंड ने कैमरून को हराया

**एपी** । अल वाकराह (कतर)

**ब्रील** एंबोलो के गोल से स्विट्जरलैंड ने गुरुवार को यहां फीफा विश्व कप के ग्रुप जी मैच में कैमरून को 1-0 से हरा दिया। एंबोलो ने भले ही स्विट्जरलैंड को महत्वपूर्ण जीत दिलाई हो लेकिन उन्होंने अपने इस वादे को निभाया कि अगर वह उस देश के खिलाफ गोल करेंगे जहां उनका जन्म हुआ तो वह इसका जश्न नहीं मनाएंगे। एंबोलो ने 48वें मिनट में गोलमुख के सामने मिले शेरडन शकीरी के पास को दाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट लगाकर गोल में पहुंचाया। एंबोलो ने गोल करने के बाद अपने दोनों हाथ फैला दिए और जब टीम के उनके साथी जश्न मनाने के लिए उनकी तरफ दौड़े तो उन्होंने अपने दोनों हाथ मुंह पर रख लिए। उन्होंने अल जेनोब स्टेडियम में गोल के पीछे मौजूद स्विट्जरलैंड के प्रशंसकों और फिर विपरीत गोल के पीछे मौजूद कैमरून के प्रशंसकों की ओर इशारा किया।



कैमरून के खिलाड़ियों को छकाते स्विट्जरलैंड के खिलाड़ी ब्रील एंबोलो (बाएं)

पच्चीस साल के फारवर्ड एंबोलो ने पांच साल की उम्र में अपने परिवार के साथ कैमरून छोड़ दिया था। उनका परिवार पहले फ्रांस में रहा लेकिन बाद में स्विट्जरलैंड में बस गया। वह दूसरी बार विश्व कप में स्विट्जरलैंड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अफ्रीका में जन्में खिलाड़ी ने भले ही गोल किया हो लेकिन अफ्रीका की टीमें चार मैच खेलने के बावजूद अब तक मौजूदा विश्व कप में कोई गोल नहीं कर पाई हैं। इन सभी टीम ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ मुकाबले खेले हैं। मोरक्को और ट्यूनीशिया ने तो क्रमश: क्रोएशिया और डेनमार्क को गोल रहित बराबरी पर रोका। इस हार के साथ विश्व कप फाइनल्स टूर्नामेंट में कैमरून की हार का सिलसिला आठ मैच तक पहुंच गया। यह क्रम 2002 से चला आ रहा है। दोनों टीमों ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की। कैमरून ने 10वें मिनट में गोल करने का स्पष्ट मौका गंवा दिया। स्विट्जरलैंड के सेंट्रल डिफेंडर्स के ऊपर से सीधा पास कार्ल टोको एकांबी के पास पहुंचा लेकिन वह सिर्फ 10 मीटर की दूरी से शॉट को गोल के ऊपर से बाहर मार बैठे।

दोनों टीमों ने पहले हाफ में अधिक मौके नहीं बनाए और रक्षात्मक खेल को तरजीह दी जिससे मध्यांतर तक स्कोर गोल रहित बराबरी पर रहा। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही एंबोलो ने स्विट्जरलैंड को बढ़त दिला दी। बाएं छोर से बने मूव के बाद गेंद दाएं छोर पर शकीरी के पास पहुंची जिन्होंने इसे एंबोलो तक पहुंचाया और इस फारवर्ड ने गोल दागने में कोई गलती नहीं की। ( शेष पेज 8 )

# नृशंस हत्याओं के पीछे नफरत भी है कारण

**प्रीतम श्रीवास्तव** । लखनऊ

- उत्तर प्रदेश में महिलाओं की हत्या कर शव के टुकड़े करने की कई घटनाएं
- सभी आरोपियों ने पुलिस को वारदात की वजह अत्यधिक घृणा होना बताया

**राष्ट्रीय** मीडिया में छाए दिल्ली के श्रद्धा हत्याकांड की तरह ही उत्तर प्रदेश के सीतापुर में भी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर शव के टुकड़े कर दिए। गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी नशे की आदी थी और बिना बताए घर छोड़कर अन्य व्यक्तियों के साथ समय बिताती थी। उसने पत्नी को कई बार समझाने की कोशिश की, परंतु वह नहीं मानी। वह यह सहन नहीं कर सका कि उसकी पत्नी अन्य लोगों के साथ सोए। इसलिए उससे छुटकारा पाने का निर्णय लिया।

आरोपी पंकज मौर्या ने पुलिस के सामने बयान दिया कि उसने अपने दोस्तों की मदद से पत्नी ज्योति उर्फ स्नेहा का कत्ल किया और शव के टुकड़े करके अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिए। आरोपी ने यह भी कहा कि उसने पत्नी से अत्यधिक घृणा होने पर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने सीतापुर के गुलेरिहा क्षेत्र से ज्योति के शव के टुकड़े बरामद कर लिए हैं और पंकज के साथ-साथ उसके दोस्त दुर्जन पासी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पंकज और ज्योति की शादी दस साल पहले हुई थी। ज्योति की हत्या दिल्ली के श्रद्धा हत्याकांड से मिलती-जुलती है, जहां मुम्बई की रहने वाली श्रद्धा वालकर को उसके लिव-इन पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला ने कत्ल करने के बाद शव के 35 टुकड़े किए और दिल्ली के विभिन्न इलाकों में फेंक दिए। सीतापुर की तर्ज पर ही पिछले हफ्ते आजमगढ़ में भी एक लड़की की हत्या की गई जहां आरोपी ने सिर धड़ से अलग कर दिया और शव के छह टुकड़े कर कुएं में फेंक दिए। पुलिस ने आरोपी प्रिंस यादव को गिरफ्तार कर लिया है। यादव ने पुलिस को बताया कि वह जब नौकरी के लिए दुबई चला गया तो उसकी प्रेमिका आराधना प्रजापति (24) ने दूसरे युवक के साथ शादी कर ली। इसलिए उसे आराधना से सख्त नफरत हो गई थी। इससे पहले नवंबर के शुरू में बाराबंकी में युवक ने अपनी प्रेमिका की बेरहमी से हत्या की और चेहरे को बुरी तरह कुचल दिया। इसके बाद शव को रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया। यहां भी हत्या का कारण नफरत ही सामने आया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी प्रेमिका ने उसे धोखा दिया, इसलिए उससे अत्यधिक घृणा होने पर वारदात को अंजाम दिया। ( शेष पेज 8 )

# तीन परियोजनाओं का विदेशों में बजेगा डंका इजराइल, जर्मनी और जापान में होंगे रोड शो

- देश की सबसे बड़ी फिल्म सिटी यमुना सिटी में यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे और जेवर एयरपोर्ट के पास बसाई जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना सिटी में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए अथॉरिटी विदेशों में डंका बजने जा रहा है। यमुना अथॉरिटी सबसे पहले इजराइल, जर्मनी और जापान में रोड शो करेगी। इन तीनों देशों में रोड शो दिसंबर माह में किए जाएंगे।

इन रोड शो के जरिए यमुना सिटी में बनाए जा रहे सरकार के सबसे बड़े ड्रीम प्रॉजेक्ट फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क और डाटा सेंटर पार्क समेत कई अहम प्रॉजेक्ट शामिल किए गए हैं। रोड शो के जरिए इजराइल, जर्मनी और जापान के उद्यमियों को यमुना सिटी में बसाए जा रहे तीन बड़े प्रॉजेक्ट के बारे में अवगत कराया जाएगा।

विश्वस्तरीय कंपनियों को बताया जाएगा कि यमुना सिटी में देश का सबसे बडा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया जा रहा है। यह एशिया का दूसरा सबसे बड़ा और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा हवाईअड्डा बनाया जा रहा है। इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 6 रन-वे बनाए जाएंगे। इसके साथ ही यहां पर एमआरओ हब और कार्गो हब बनाए जा रहे हैं। जिससे उद्यमी अपने कच्चे और पक्के माल को देश-विदेश में कार्गो के जरिए आसानी से आयात-निर्यात कर सकें। दिसंबर में होने वाले रोड शो के लिए इजराइल, जर्मनी और जापान में भारत के राजदूतों व उद्यमियों से संपर्क साधा गया है।

यमुना सिटी में बनने वाला मेडिकल डिवाईस पार्क अपनी तरह का उत्तर भारत में पहला और देश का सबसे प्रोजेक्ट होगा। अभी तक मेडिकल डिवाइस पार्क में 37 देशी-विदशी कंपनियों को प्लॉट अलॉट किए जा चुके हैं। फिल्म सिटी की टेक्निकल बिड ओपन हो चुकी हैं। अब केवल प्राइस बिड खुलना बाकी है। देश की सबसे बड़ी फिल्म सिटी यमुना सिटी में यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे और जेवर एयरपोर्ट के पास बसाई जाएगी।




## 4 हजार व बड़े भूखंड का होगा आवंटन

**नोएडा।** औद्योगिक भूखंड योजना के तहत आवेदन करने वाले आवंटी सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बोली लगा सकते है। इस दौरान सेक्टर.164 में भूखंड संख्या 56 जोकि 4000 वर्गमीटर तक का है। इसके साथ 4000 वर्गमीटर से बड़े भूखंड के लिए बोली लगाई जाएगी। ये बोली एसबीआई के ई ऑक्शन पोर्टल वेब साइट के जरिए लगाई जाएगी। वहीं अधिक जानकारी नोएडा प्राधिकरण की ऑनलाइन वेबसाइट पर मिलेगी। इन योजना के तहत कौन बोली लगाए गा इसकी एक सूची 23 नवंबर प्राधिकरण की साइट पर दी जा चुकी है।

## लोहे के खोखों को लेकर अब नगर निगम को हाईकोर्ट का झटका

**गाजियाबाद।** लोहे के खोखों को लेकर नगर निगम को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने नगर निगम से शहर में रखे गए सभी लोहे के खोखे हटा कर इस मामले में अपना जवाब देने के लिए आदेश दिए हैं। अब नगर निगम हाईकोर्ट के इस मौखिक आदेश के बाद लिखित फैसले का इंतजार कर रहा है।

बीजेपी पार्षद हिमांशु मित्तल की ओर से एक पीआईएल हाईकोर्ट में दायर की गई थी। इससे पहले एनजीटी ने भी वसुंधरा सेक्टर 16 में रखे गए लोहे के खोखों के बाजार को विकसित करने के मामले में एनजीटी में नगर आयुक्त को तलब किया था। एनजीटी में पेश होने से पहले ही नगर आयुक्त ने यहां से सभी लोहे के खोखों को हटा दिया था। एक अन्य पीआईएल हाईकोर्ट में दायर की गई थी। इस मामले में सबसे पहले पीआईएल कन्या वैदिक स्कूल प्रशासन की ओर से नगर निगम के खिलाफ दायर की गई थी।

# बाइक-भैंसा बुग्गी की भिड़ंत, 2 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के मोदीनगर के पैंगा सौंदा मार्ग पर गोशाला के पास बुधवार रात बाइक और भैंसा बुग्गी की भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार 2 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने हादसे की जानकारी परिजनों को दी। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव पैंगा निवासी अंकित चौधरी 28 वर्ष अपनी पत्नी रेनू और 4 साल के पुत्र आरुष के साथ रहते थे। वह एक निजी कंपनी में काम करके परिवार का पालन.पोषण करते थे। अंकित शाम को बाइक से अपने दोस्त राज बहादुर 42 के साथ किसी काम से गांव सौंदा गए थे। देर रात को वह गांव सौंदा से वापस पैंगा आ रहे थे। बाइक को अंकित चला रहा था और राजबहादुर पीछे बैठा था। बाइक सवार गांव सौंदा पैंगा मार्ग पर




गोशाला से थोड़ा आगे पहुंचे तो भैंसा.बुग्गी से सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुग्गी की रॉड अंकित की सीने में घुस गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को मोदीनगर के निजी अस्पताल में ले गए। यहां डॉक्टरों ने अंकित व राज बहादुर को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी राजेश कुमार यादव ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टक्कर मारने वाली बुग्गी को जब्त कर थाने में खड़ा कर लिया है। अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई । तहरीर आने पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। अंकित निजी कंपनी में काम करता था। राज बहादुर मजदूरी करके परिवार का पालन.पोषण करता था। दोनों की कमाई से ही परिवार का गुजर.बसर होता था। हादसे के बाद ग्रामीणों का कहना है कि अब परिवार के सामने रोजी.रोटी का संकट पैदा हो गया है। अंकित बेटे से चॉकलेट लाने का वादा करके निकला था।

## डंपर की चपेट में आया मोटरसाइकिल सवार

**नोएडा।** थाना रबूपुरा क्षेत्र में देर रात को एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार युवक को कुचल दिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि कासना गांव के रहने वाले नरेंद्र 30 वर्ष मोटरसाइकिल पर सवार होकर मरहरा गांव के पास से गुजर रहे थे। तभी एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए ने टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में उनकी मौत हो गई।

# लुक्सर जेल में 38 कैदी एचआईवी पॉजिटिव मिले

- सभी कैदियों को जेल में ही इलाज शुरू

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर जिले की जिला जेल लुक्सर जेल में बंद 38 कैदी जानलेवा बीमारी एड्स एचआईवी पॉजिटिव के रोगी पाए गए हैं।

उच्च पदस्थ सरकारी सूत्रों ने दावा किया है कि गौतमबुद्धनगर की जिला जेल में 38 कैदी एडस जैसी जानलेवा बीमारी से ग्रसित हैं। इन सभी कैदियों को जेल में ही इलाज दिया जा रहा है। आपको बता दें कि उत्तरप्रदेश का गौतमबुद्धनगर जिला देश की राजधानी दिल्ली से सटा हुआ है। इस जिले में कुछ भी होता है तो इसकी गूंज दूर तक सुनाई पड़ती है। यहां की जिला जेल को लुक्सर जेल के नाम से जाना जाता है। लुक्सर जेल में इन दिनों 2650 कैदी बंद हैं। इनमें से 38 कैदियों में एड्स के लक्षण पाए गए हैं। सभी मरीजों का इलाज शुरू कर दिया गया है। इस विषय में पता चला कि गाजियाबाद की जिला जेल में बंद 5500 कैदियों में से 140 को एडस नामक घातक बीमारी है। इसी प्रकार मेरठ की जिला जेल में भी 160 से अधिक कैदी इस जानलेवा बीमारी से पीड़ित हैं। उप्र के पुलिस महानिदेशक जेल के कार्यालय में तैनात पीआरओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जेलों में आने वाले प्रत्येक कैदी की नियमित जांच की जाती है। इस जांच के आधार पर अलग.अलग बीमारियों का रिकॉर्ड रखा जाता है। जो संख्या बताई जा रही है वह कोई एक दिन में सामने नहीं आ गयी है। यह नियमित सूचना का हिस्सा है।



## मोदीनगर में फंदे पर झूलती मिली महिला

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मोदीनगर थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव पंखे से लटका मिला। पड़ोसियों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। परिजनों को सूचना दी है। मध्य प्रदेश निवासी महिला रोशनी देवी काफी समय से भिक्कनपुर गांव में रहती थी। वह एक निजी स्कूल में नौकरी करती थी। बुधवार रात को वह अपने कमरे में सोने के लिए चली गई। सुबह के समय जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली तो पड़ोसियों ने खिड़की से देखा तो वह हक्के बक्के रह गए। महिला का शव पंखे से लटका हुआ है।

## गौतम बुद्ध नगर पुलिस ने किया लूट का पर्दाफाश

**नोएडा।** थाना सेक्टर फेस 3 पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इन लुटेरों के कब्जे से पुलिस ने लूट के 6 मोबाइल फोन, 3 अवैध चाकू और फर्जी नंबर प्लेट की दो मोटरसाइकिल बरामद की है। यह लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। नोएडा में लगातार मोटरसाइकिल से मोबाइल लूट की घटनाएं सामने आ रही थीं।

यहां पर राह चलते लोगों से अज्ञात बाइक सवार मोबाइल छीनकर फरार हो जाया करते थे। इन चोरों की तलाश में पुलिस काफी लंबे समय से लगी हुई थी।

# पार्श्वनाथ डेवलपर्स के दो भूखंडों के आवंटन रद्द

- ग्रेनो प्राधिकरण में नहीं जमा कराये थे 281 करोड़ रुपये

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पार्श्वनाथ डेवलपर्स के सेक्टर पाई स्थित दो भूखंडों के आवंटन रद्द कर दिए हैं। दोनों भूखंडों पर करीब 281 करोड़ रुपये की बकाया धनराशि न जमा करने और दोनों परियोजनाओं को पूरा न करने पर प्राधिकरण ने यह कार्रवाई की है। प्राधिकरण इन दोनों भूखंडों को अपने कब्जे में लेकर नई स्कीम के जरिए आवंटित करेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ माहेश्वरी के निर्देश पर लंबे अर्से से बकाया रकम का भुगतान न करने और परियोजना को पूरा न करने वाले आवंटियों के खिलाफ प्राधिकरण ने कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राधिकरण ने बुधवार को पार्श्वनाथ डेवलपर्स के दो प्रोजेक्टों का जमीन आवंटन निरस्त कर दिये हैं।

प्राधिकरण के बिल्डर विभाग की तरफसे पार्श्वनााथ डेवलपर्स को 2006 में भूखंड संख्या 11ए सेक्टर पाई में 25 एकड़ जमीन आवंटित की गई थी। लीज प्लान के अनुसार 2007 में 100095 वर्ग मीटर भूखंड की लीज डीड भी हो गई। डेवलपर ने कुल प्रीमियम 33.54 करोड़ रुपये में से 2007 तक 7.14 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया।

शेष धनराशि का भुगतान 13 किस्तों में 2013 तक करना था। इस परियोजना को भी 2013 में ही पूरा करना था, लेकिन डेवलपर ने न तो परियोजना को पूरा किया और न ही प्राधिकरण की बकाया धनराशि जमा की। बकाया भुगतान व परियोजना को पूरा करने का हवाला देते हुए डेवलपर को परमिशन बंधक अनुमति भी दी गई, लेकिन डेवलपर ने न तो परियोजना पूरी की और न ही बकाया भुगतान जमा किया।

## बकाएदारों पर बड़ा एक्शन लेने की तैयारी में जीडीए

**गाजियाबाद।** जीडीए अब बकाएदारों पर एक्शन लेगा। इसके लिए कॉलोनीवार ऐसे लोगों की सूची बनाई जाएगी जो जीडीए का पैसा अदा नहीं कर रहे हैं। बकाएदारों की सूची तैयार करने के बाद जीडीए इस प्रकरण पर एक्शन लेगा। जीडीए का अभी भी करीब एक हजार करोड़ से अधिक रुपया बकाया है। यह पैसा अगर मिल जाता है तो इससे जीडीए की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

साथ ही शहर में विकास की योजनाओं को भी स्पीड मिलेगी, लेकिन काफी कोशिश के बाद भी जीडीए का यह पैसा आवंटी लौटा नहीं रहे है। इसी को लेकर जीडीए का प्रॉपर्टी विभाग एक बार फिर से एक्शन में आ गया है। जीडीए की कोशिश है कि बकाएदारों की फाइनल सूची तैयार की जाए। बकाएदार जीडीए का बकाया अदा नहीं कर रहे हैं उन पर एक्शन लिया जाए। जीडीए वीसी ने निर्देश दिए हैं कि वह बकाएदारों की सूची तैयार कर उन पर एक्शन ले।

# कुत्ते को लेकर विवाद में चले लात घूंसे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में डॉग को गंदगी करने से रोकने पर कुछ युवकों ने एक दिव्यांग की बुरी तरह पिटाई की। उसको पहले लात घूसों से पीटा। फिर सड़क पर घसीटा।

इसके बाद सिर पर ताबड़तोड़ वार किए। इससे दिव्यांग को गंभीर चोटें आई है। घायल व्यक्ति निजी हॉस्पिटल में भर्ती है। मामले में पुलिस ने डॉग मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वसुंधरा सेक्टर-2 निवासी मोहित कुमार ने बताया कि केतन सबरवाल नामक व्यक्ति रेलवे ट्रैक के पास गली में अपना डॉग घुमा रहे थे। इस गली में मोहित का घर है। मोहित ने घर के सामने डॉग को गंदगी कराने से मना किया। आरोप है कि इसी बात पर केतन सबरवाल समेत कई लोग इकट्ठा हो गए और मोहित की पिटाई शुरू कर दी। दिव्यांग मोहित सड़क पर गिर पड़े। इतने पर भी आरोपी उन्हें लात.घूसों से पीटते रहे।

मोहित ने बताया कि आरोपियों ने उनके सिर पर वार किया। इससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। इसके बाद कई लोगों ने वहां आकर उन्हें बचाया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है। मोहित की शिकायत पर थाना इंदिरापुरम पुलिस ने केतन सबरवाल के खिलाफ सेक्शन-323, 504, 506 में केस दर्ज कर लिया है। उधर, घायल मोहित का इलाज एक निजी हॉस्पिटल में चल रहा है। इंस्पेक्टर देवपाल सिंह ने कहा घटना की जानकारी मिली है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# सर्वधर्म सद्भावः पीले हुए 3003 कन्याओं के हाथ

- केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने दिया आर्शीवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

श्रम विभाग के तत्वावधान में कमला नेहरु नगर में जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए पंडाल में आज 3003 जोडे विवाह बंधन में बंध गए।

सामुहिक विवाह कार्यक्रम में गाजियाबाद, हापुड़ और बुलंदशहर से आए जोड़े शामिल हुए। सभी जोड़ों को उनके धर्म के अनुसार विवाह के रिति रिवाज संपन्न कराया गया। हिंदू धर्म के 1850, 1147 मुस्लिम जोड़े, तीन बौद्व और तीन सिख जोड़ें का विवाह एक ही पंडाल में संपन्न कराया गया। इस दौरान सभी धर्म के गुरुओं ने विवाह की रस्में संपन्न कराई।



केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह एवं श्रम विभाग सेवा योजन मंत्री अनिल राजभर ने वैवाहिक जीवन में बंधने जा रहे सभी जोड़ों को मंच से आशीर्वाद दिया।

बताया गया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही विवाह बंधन में बंधने वाले जोड़ों को वर्चुअल आशीर्वाद प्रदान करेंगे। विवाह से पूर्व ही वैवाहित सूत्र में बंधने वाले जोड़ों के बैंक खाते में 10 हजार रुपये की राशि प्रशासन द्वारा पहुंचा दी गई थी।

शेष 65 हजार रुपये की राशि तीन दिन में सभी जोड़ों के बैंक एकाउंट में पहुंचेगी। सुबह से ही पंडाल मे पंजीकरण के बाद जोड़ों की एंट्री कराई गई। सुविधा एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए पंडाल को ब्लॉक में विभाजित किया गया था। हिंदू, मुस्लिम, सिख और बौद्व धर्म के धर्मगुरु विवाह संपन्न कराने क लिए सुबह से ही पंडाल में पहुंच चुके थे।

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, केसीडब्लू गोर्ड के अध्यक्ष डॉ रघुराज प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष गाजियाबाद ममता त्यागी, महापौर आशा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक, उप श्रमायुक्त रवि श्रीवास्तव, जिला पंचायम अध्यक्ष हापुड़ रेखानागर, एडीएम प्रशासन रितु सुहास, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप आदि ने विवाह बंधन में बधे जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मौजूद श्रम विभाग सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने मंडल में मौजूद सभी जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यूपी सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद जनरल वीके सिंह ने वैवाहिक बंधन में बंधने वाले जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि गाजियाबाद जनपद के लिए यह बड़ा दिन है।

सामूहिक विभाग सरकार का श्रमिकों को वह तोहफा है जिसे वे जिंदगी भर याद रखेंगे।


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुशरण में मंज़ूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने की माँग की गई थी।
कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।
कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ज्योति शुक्ला/ जितेंद्र शुक्ला (27300000339 & QZDWA00005016557) | डब्ल्यूजेड-203ए, दूसरी मंज़िल (पीछे की ओर), केएच नंबर-65/1/2 और 2/1, गली नंबर-3, साध नगर गाँव पालम, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली/ नवंबर 19, 2022 | जून 23, 2022 ₹ 13,79,900/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मनीष कुमार गौर/ पारुल गौर (19600043605 & QZGRN00005005978) | संपत्ति संख्या I 48, दूसरी मंज़िल, बिना छत के अधिकार, गली नंबर 1, केएच नंबर 69/24, विलेज पालम, राज नगर 1, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली, दिल्ली/ नवंबर 19, 2022 | अप्रैल 01, 2022 ₹ 9,37,248/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

**दिनांक : नवंबर 25, 2022** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर** **आईसीआईसीआई बैंक लि.**

## सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,

यह सूचना बैंक ऑफ राजस्थान लि. (यहां इसमें आगे "ईबीओआर" के रूप में संदर्भित) और निम्नवर्णित कर्जदार तथा सह-कर्जदार के बीच किए गए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई एक आवासीय ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के विषय में जारी की जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने आदेश दिनांकित 12 अगस्त, 2010 के अनुसार, ईबीओआर तथा आईसीआईसीआई बैंक लि. (यहां इसमें आगे "बैंक" के रूप में संदर्भित) के समामेलन की स्कीम को स्वीकृति प्रदान कर दी है। तदनुसार ईबीओआर के सभी उपक्रम बैंक में एक चालू कारोबार के रूप में अंतरित तथा निहित हो गए हैं और इस प्रकार बैंक की सम्पत्तियां, सम्पदाएं, आस्तियां, स्वत्वाधिकार, हित और प्राधिकार हो गए हैं।
अधोहस्ताक्षरी ने बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रमन चावला/नीलू चावला/ RBDEL00001865559 | मकान नंबर 1-ए 1 7767, वार्ड नंबर - पंद्रह, राम नगर, पहाड़गंज, नई दिल्ली /22-11-2022 | 24-06-2022 रू. 8,30,199/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 25-11-2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वेद प्रकाश/ रूपा प्रकाश/ LBGUR00003285669 | फ्लैट नंबर- 08158, 8वीं मंज़िल, मारवेला प्लॉट नंबर- जीएच-04, महागुन माय वुड्स, सेक्टर -16 सी, नोएडा/ नवंबर 22, 2021 | जून 23, 2021 रु. 36,26,575/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | ठाकुर दीपक कुमार/ सुरभि नरुका/ LBNOD00002090908 | फ्लैट नंबर- क्यू 403, टॉवर- क्यू, चौथा लूर, अजनारा ले गार्डन, अजनारा रियल टेक लिमिटेड, प्लॉट नंबर- जीएच 02, सेक्टर- 16, ग्रेटर नोएडा/ नवंबर 22, 2021 | अगस्त 30, 2021 रु. 23,27,595/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | राकेश चंद्र शर्मा/ मुरली श्याम शर्मा/ LBDEL00003571776 | फ्लैट नंबर- क्यू 1907, 19वीं मंज़िल, टॉवर- क्यू, अजनारा ले गार्डन, प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा, नोएडा/ नवंबर 22, 2021 | अक्टूबर 16, 2021 रु. 8,82,200/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | विकास त्यागी/ रेणु त्यागी/ LBDEL00001978243/ LBDEL00001981853 | यूनिट नंबर 1404, 14वीं मंज़िल, ब्लॉक जे, टाइप 2 ए, अंतरिक्ष गोल्फ व्यू, प्लॉट नंबर जीएच 005 ए, सेक्टर 78, नोएडा, उ.प्र./ नवंबर 22, 2022 | अगस्त 31, 2017 रु. 34,11,457/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | मोहम्मद मकदूम मोहिउद्दीन/ तनवीर अहमद खान/ रुमाना खादरी/ LBNOD00002398252 | फ्लैट नंबर 605, छठी मंजिल, टॉवर-सी, प्लॉट नंबर जीएच- 07 ए, कासा ग्रांडे, सेक्टर- सीएचआई-वी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा/ नवंबर 22, 2022 | दिसंबर 06, 2021 रु. 43,09,332/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : नवंबर 25, 2022** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर** **आईसीआईसीआई बैंक लि.**

## सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल **श्री पारश राम** पुत्र राम अवध निवासी मकान नं. जी-409, गली नम्बर 13/4, त्रिपालफक्ट्री, जोहरी पुर, दयालपुर उत्तर पुर्वी, दिल्ली-110094, अपने पुत्र **दिनेश** को अपनी सभी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। यदि कोई इससे किसी प्रकार का लेन देन करेगा तो इसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा, मेरे मुवक्किल कि इसमे कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**AMIT BATRA (Advocate)**
**26-B/1, D.B.Gupta Road, Karol Bagh, New Delhi-110005. Mob: 9868066199**

## PUBLIC NOTICE

**NOTICE** is hereby given that ASHA AZAD (UID No. 780489758817) wife of Late Sh. Prithvi Raj Azad resident of House No. 41, Flat No.-3, Gali No.1, Harijan Basti, Neb Sarai, New Delhi-110068, have agreed to sell the property mentioned in the schedule hereto, to my client vide Agreement dated 17.10.2022 free from all encumbrances.
All persons claiming an interest in the said property or any part thereof by way of sale, gift, lease, inheritance, exchange, mortgage, charge, lien, trust, possession, easement, attachment or otherwise howsoever are hereby required to make the same known in writing along with the documentary proof thereof, to the undersigned at his office at Office No.04, Street No. 02, Neb Sarai, New Delhi-110068 within 14 days from the date hereof, failing which the said sale will be completed, without any reference to such claim and the same, if any, shall be considered as waived.

**Schedule**
Description of the property
House No,41, Flat NO.-3 Gali No.-1, Harijan Basti Neb Sarai, New Delhi-110068,

**Priyanka Raina Saini**
**Advocate**
**DELHI HIGH COURT**
**Office Address:-04, Khasra No.-139 Street No.-2, Neb Sarai, New Delhi - 110068.**
**Mob. No.-7982720649**

## PUBLIC NOTICE

**Subject:** Transfer of ownership in respect of Residential Flat no. 204 on Second Floor, in Pocket-2, Sector-19, situated in the Layout Plan of Housing Estate at Dwarka, New Delhi.
In respect of 100% share upon the intestate death of Sneh Gupta resident of Residential Flat no. 204 on Second Floor, in Pocket-2, Sector-19, situated in the Layout Plan of Housing Estate at Dwarka, New Delhi.
WHEREAS Sneh Gupta was the owner of Residential Flat no. 204 on Second Floor, in Pocket-2, Sector-19, situated in the Layout Plan of Housing Estate at Dwarka, New Delhi.
WHEREAS the said Sneh Gupta has died on 29.11.2019.
WHEREAS Mr. Ajay Kumar Gupta and Mr. Sanjeev Kumar Gupta (sons) are the legal heirs of the said Late Sneh Gupta.
WHEREAS Mr. Ajay Kumar Gupta and Mr. Sanjeev Kumar Gupta intend to apply for the transfer of the said property in their favour as they are the only Class 1 legal heirs of the said Sneh Gupta.
If any person is having any objection against the transfer of said property Residential Flat no. 204 on Second Floor, in Pocket-2, Sector-19, situated in the Layout Plan of Housing Estate at Dwarka, New Delhi in favour of Mr. Ajay Kumar Gupta and Mr. Sanjeev Kumar Gupta (Sons), legal heirs of the said Late Sneh Gupta, he/she /they can submit objection in writing to the office of the undersigned, alongwith supporting documents within 07 days from the date of publication of this notice failing which the concerned Authority may sanction the mutation of the property as per the records & may not entertain subsequent claim, thereupon.

**Mr. Subash Bhat (Advocate)**
**Add: Trinity Legal Partners, C-401, The Courtyard, Nirvana Country, Sector 50, Gurgaon, Haryana.**
**subash.bhat@trinitylegalpartners.com**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# श्रद्धा की हत्या में सख्त सजा दिलाएंगे : शाह

## गृहमंत्री ने कहा- पूरे मामले पर मेरी नजर, जिसने भी यह जघन्य वारदात की है वह बच नहीं पाएगा





नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को आरोपी आफताब पूनावाला को रोहिणी स्थित फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी ले जाते सुरक्षा कर्मी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

श्रद्धा वालकर की हत्या की गुत्थी अब तक नहीं सुलझी है। दिल्ली पुलिस की टीम राजधानी से लेकर महाराष्ट्र और उत्तराखंड तक सबूतों की तलाश में जुटी हुई है। इस बीच मामले को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जिसने भी श्रद्धा वालकर की हत्या की है। उसे सख्त सजा मिलेगी। पूरे मामले पर उनकी नजर है। मैं देश के लोगों को सिर्फ यह बताना चाहता हूं कि जिसने भी यह किया है। पुलिस व अभियोजन पक्ष कानून और अदालतों के माध्यम से कम से कम समय में सख्त सजा सुनिश्चित करेंगे।

अमित शाह ने बृहस्पतिवार को एक टीवी कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली और मुंबई पुलिस के बीच तालमेल की कोई कमी नहीं है। लेकिन जो चिट्ठी सामने आई है, उसमें दिल्ली पुलिस की कोई भूमिका नहीं है। श्रद्धा ने महाराष्ट्र के एक थाने को चिट्ठी भेजी थी कि उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े करने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। वहां पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहां इसकी जांच होगी। उस समय हमारी सरकार नहीं थी। जो भी जिम्मेदार होगा, सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान शाह ने दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन के जेल में बने रहने को शर्मनाक बताया और कहा कि इस तरह की चीजें सार्वजनिक जीवन में अभूतपूर्व हैं। गृह मंत्री ने कहा, वह भी जेल गए थे मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। बाद में, अदालत में लड़ाई लड़ी और अदालत ने कहा कि यह एक राजनीतिक साजिश थी और मामला फर्जी है। यदि आपके साथ अन्याय हुआ है तो कानून का सहारा लीजिए, या अदालत का रुख करिए। आप इतनी बेशर्मी के साथ कार्य नहीं कर सकते। तिहाड़ में जैन को विशेष सुविधाएं मिलने के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि यह जवाब केजरीवाल नीत आप को देना चाहिए कि ये वीडियो वास्तविक हैं, या नहीं।

### आफताब का पॉलीग्राफी टेस्ट हुआ, दो दिन में आएगी रिपोर्ट

रोहिणी में फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) में श्रद्धा वालकर की हत्या मामले में आरोपी आफताब अमीन पूनावाला की पॉलीग्राफी टेस्ट हुआ। एफएसएल, रोहिणी की निदेशक दीपा वर्मा ने कहा, जांच जारी है और अगर जरूरत पड़ी तो आरोपी को शुक्रवार को भी बुलाया जा सकता है। पॉलीग्राफी टेस्ट पूरा होने के बाद पूनावाला का मेडिकल परीक्षण किया जाएगा और परिणाम दो दिनों में आने की उम्मीद है। आरोपी की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही उसका नार्को टेस्ट कराया जा सकता है। पूनावाला का नार्को टेस्ट सोमवार को किए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार पॉलीग्राफी जांच में रक्तचाप, नब्ज और सांस की दर जैसी शारीरिक गतिविधियों को रिकॉर्ड किया जाता है।

## दिल्ली पुलिस ने भायंदर नहर में मोबाइल फोन तलाश किया

**नई दिल्ली/मुंबई।** श्रद्धा वालकर हत्या मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की एक टीम ने बृहस्पतिवार को मुंबई के पास भायंदर नहर में मोबाइल फोन की तलाश की। मीरा-भायंदर-वसई-विरार पुलिस के कर्मियों ने तलाश में मदद की।

दल्ली पुलिस की टीम एक सप्ताह से मुंबई के पास वसई इलाके में डेरा डाले हुए है, जहां वालकर और उसका लिव-इन पार्टनर व हत्यारोपी आफताब पूनावाला रहता था। जांचकर्ताओं ने वालकर व पूनावाला के दोस्तों, रिश्तेदारों और उनके द्वारा किराए पर लिए फ्लैटों के मालिकों के बयान भी दर्ज किए। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों ने कहा कि श्रद्धा वालकर द्वारा वर्ष 2020 में दर्ज कराई शिकायत का गंभीरता से लेना चाहिए था, जिसमें उसने आफताब पर हत्या की कोशिश के आरोप के साथ आशंका जताई थी कि वह उसके टुकड़े-टुकड़े कर देगा।

## संक्षिप्त समाचार



अखिल भारतीय रेलवे चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरित करती आरडब्ल्यूडब्ल्यूसीओ अध्यक्ष मीना त्रिपाठी।

### धन शोधन मामले में ताहिर की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने उत्तर-पूर्वी दंगों में आम आदमी पार्टी के नेता ताहिर हुसैन के खिलाफ धन शोधन के आरोप तय किए जाने को चुनौती देने वाली उसकी याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति अनु मल्होत्रा ने कहा, याचिका और इसके साथ दायर की गई अर्जियां खारिज की जाती हैं। न्यायाधीश ने हुसैन की याचिका पर आदेश 15 नवंबर को सुरक्षित रख लिया था। याचिका में, निचली अदालत के तीन नवंबर के आदेश को चुनौती दी गई थी। उस आदेश में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की धारा तीन (धन शोधन का अपराध) और धारा चार (धन शोधन के अपराध के लिए सजा) के तहत कथित अपराधों को लेकर उनके खिलाफ आरोप तय किए गए हैं।

### अदालत ने व्यवसाई नायर, बोइनपल्ली से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने नई आबकारी नीति 2021-22 से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में कारोबारी विजय नायर और अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर बृहस्पतिवार को उनसे जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति योगेश खन्ना की एकल पीठ ने नायर और बोइनपल्ली को नोटिस जारी किया और उन्हें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की अलग-अलग याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा। मामले की सुनवाई पांच दिसंबर को होगी।

### आप नेता ने फांसी लगाकर दी जान

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के एक नेता का शव पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में स्थित उनके आवास में बृहस्पतिवार को फंदे पर लटका मिला। मरने वाले की पहचान आम आदमी पार्टी के मजदूर प्रकोष्ठ के सचिव संदीप भारद्वाज के रूप में हुई है।पुलिस उपायुक्त घनश्याम बंसल ने कहा कि पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली कि राजौरी गार्डन निवासी संदीप भारद्वाज को उनके आवास से मृत लाया गया है। अपराध शाखा की टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत पूछताछ की कार्यवाही कानून के अनुसार की जा रही है। मृतक संदीप भारद्वाज संगमरमर व पत्थरों का कारोबार करते थे। वह तलाकशुदा थे और दो बेटियों और एक बेटे के साथ रहते थे।

### टाटा पावर की लोक अदालत 27 को

**नई दिल्ली।** उत्तर एवं उत्तर पश्चिमी दिल्ली की करीब 70 लाख की आबादी को बिजली सप्लाई करने वाली पावर यूटिलिटी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने दिल्ली स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (डीएसएलएसए) के सहयोग से 27 नवंबर को एक स्पेशल लोक अदालत लगाने की घोषणा की है। इस लोक अदालत में, ग्राहकों को बिजली चोरी और डिस्कनेक्शन के मामलों में तत्काल राहत दी जाएगी। इस स्पेशल लोक अदालत का आयोजन टीपीडीडीएल- ईएसी ऑफिस, सेक्टर-3, रोहिणी, नई दिल्ली में किया जाएगा।

### भाजपा नेताओं के खिलाफ आरोप का आदेश बरकरार

**नई दिल्ली।** सत्र अदालत ने लोक सेवक को उसके कर्तव्य का निर्वहन करने से रोकने के लिए मारपीट या आपराधिक बल प्रयोग सहित अन्य अपराधों के लिए भाजपा के नेताओं मनोज शौकीन और मास्टर आजाद सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का मजिस्ट्रेट अदालत का आदेश बरकरार रखा है। शौकीन पूर्व विधायक हैं, जबकि सिंह उत्तरी दिल्ली के मेयर रह चुके हैं। अदालत ने, हालांकि, मजिस्ट्रेट अदालत को आपराधिक धमकी वाले अपराध के आरोप में संशोधन करने का निर्देश दिया। सत्र अदालत शौकीन और सिंह की पुनरीक्षण याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए उक्त आदेश बरकरार रखा।

# एमसीडी में लाइसेंस राज खत्म करेगी भाजपा

**● व्यापारियों को घर बैठे ऑनलाइन मिलेगी सभी सुविधाएं : आदेश**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

निगम चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। राजनीति दल मतदाताओं को रिझाने के लिए तरह-तरह के वादे कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश भाजपा ने वादा किया है कि निगम की सत्ता में आने पर व्यापारियों को इंस्पेक्टर राज से मुक्त करेगी। फैक्ट्ररियों के लिए सभी लाइसेंस से छूट देगी और सभी बड़ बाजारों में बड़ी और आधुनिक पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराएगी। ताकि बाजारों में आसानी से ग्राहक खरीदारी के लिए आ सकें।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने बृहस्पतिवार को भाजपा संकल्प की घोषणा करते हुए कहा कि भाजपा हमेशा से व्यापारियों की परेशानियों को दूर करने के लिए काम करती रही है।

सभी व्यापारियों को वर्ष 2006 में सीलिंग का दौर याद होगा, जब भाजपा के कार्यकर्ताओं ने व्यापार को बचाने के लिए सीलिंग के खिलाफ आंदोलन चलाया था और बहुत से भाजपा कार्यकर्ता जेल तक गए थे। भाजपा दिल्ली के लाखों व्यापारियों के लिए निगम से संबंधित लाइसेंसिंग प्रक्रिया को आसान बनाएगी। ट्रेड लाइसेंस की प्रक्रिया को और आसान और पारदर्शी बनाएंगे, चाहे वो अनधिकृत, अधिकृत, कमर्शियल हो या अन्य जगह सभी जगहों पर ट्रेड लाइसेंस प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जाएगा, ताकि व्यापारियों को नगर निगम के चक्कर नहीं लगाने पड़े।

उन्होंने समृद्धि योजना में 18 साल के हाउस टैक्स को माफ किया गया है, अनॉथराइज कॉलोनी में व्यापार करने वालों को सिर्फ एक साल का हाउस टैक्स जमा करने पर उन्हें 17 साल की छूट मिलेगी।




# आप के पास है कूड़ा खत्म करने का ब्लू-प्रिंट

**● सत्ता में आने पर दिल्ली को बनाएंगे दुनिया की सबसे सुंदर राजधानी : सिसोदिया**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास तीनों कूड़े के पहाड़ खत्म करने का ब्लू प्रिंट तैयार है। निगम में आप की सरकार बनने के बाद ये कूड़े के पहाड़ खत्म होने वाले है। साथ अगले 5 सालों में दिल्ली को दुनिया की सबसे सुंदर राजधानी बनाएंगे। सिसोदिया ने यह बात बृहस्पतिवार को आदर्श नगर, वजीरपुर और मॉडल टाउन के सभी वार्डो में नुक्कड़ सभा में कही।

सिसोदिया ने जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि इस बार एमसीडी में भाजपा के नाकामी और कुशासन का अंत करने के लिए आम आदमी पार्टी को वोट दे, एमसीडी में भी केजरीवाल की सरकार बनाये और अपने वार्ड में आप उम्मीदवारों को विजयी बनाएं। आप का विजन एमसीडी में आकर अगले 5 सालों में दिल्ली को दुनिया की सबसे सुंदर राजधानी बनाना है वहीं भाजपा का विजन ये है कि अगर एमसीडी में आये तो कूड़े के पहाड़ों को और ऊँचा करेंगे। सिसोदिया ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब जनता भाजपा के नेताओं से सवाल करती है कि पिछले 15 सालों में उसने एमसीडी में क्या किया तो उनके नेता बोलते है हमने केजरीवाल को गालियाँ दी।

जनता ने पूछा कि अगले 5 सालों में क्या करोगे तो बोलते है कि अगले 5 साल भी गालियाँ देंगे। फिर जनता ने पूछा कि हमारे काम कौन करवाएगा। दिल्ली कूड़ा साफ कौन करवाएगा तो भाजपा वाले बोलते है वो तो केजरीवाल को ही आता है।




# 28 लाख गरीब परिवारों को आरओ मुहैया कराएगी कांग्रेस

**● दिल्ली को बीमारी, बोतलबंद पानी, टैंकर माफिया से मुक्त बनाऐंगे : चौधरी अनिल**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

निगम की सत्ता में आने पर कंग्रेस 28 लाख गरीब परिवारों को आरओ मुहैया कराएगी। साथ ही दिल्ली को बीमारी मुक्त, बोतल बंद पानी, टैंकर माफिया, भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का भी वादा किया है। प्रदेश कांग्रेस विजन की कड़ी में बृहस्पतिवार को गंदे पानी का हल आरओ जल, नामक जल विजन पेश किया गया।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने का कि कांग्रेस निगम में आते ही दिल्ली को बनायेगी साफ पानी वाली दिल्ली, शीला दीक्षित वाली दिल्ली। एम.सी.डी का मतलब मेरी चमकती दिल्ली क्योंकि स्वच्छ जल है सबका अधिकार, इसे पूरा करेगी कांग्रेस सरकार। अनिल कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषित पानी की समस्या अहम मुद्दा है। कांग्रेस लोगों से वादा करती है कि यहां रहने वाले करीब 28 लाख गरीब परिवार जो पीने के पानी हेतू 10,000 रुपये वार्षिक खर्च करते है, उन सभी जे.जे. कॉलोनियों, पुनर्वासित कॉलोनियों, अनाधिकृत कालोनियों व मलीन बस्तियों में रहने वाले परिवारों को आर.ओ. देकर दह हजार सालाना खर्च से मुक्त बनाऐंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार औसतन 30 रुपये प्रतिदिन, मतलब 900 रुपये मासिक पानी पर खर्च करता है, जो वार्षिक 10,800 रुपये बैठता है।

कुमार ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली को मुफ्त पानी के नाम पर गंदा पानी सप्लाई कर रही है और उनके संरक्षण में फल-फूल रहा है टैंकर माफिया।

# दावा : जेल में रसूखदार के लिए हर इंतजाम आम बात

**● जैन ने किसी आरोपी से अपनी जेल की कोठरी में मालिश कराई तो यह गैरकानूनी है : गुप्ता**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मंत्री सत्येंद्र जैन के जेल की अपनी कोठरी में कथित तौर पर मालिश कराने और बाहर का खाना के वीडियो पर विवाद के बीच तिहाड़ जेल के एक पूर्व विधि अधिकारी ने दावा किया कि वहां ऐसी गैरकानूनी गतिविधियां आम बात हैं और प्रभावशाली कैदियों की यौन इच्छाओं की पूर्ति तक की व्यवस्था वहां की जाती है।

तिहाड़ जेल में 1981 से 2016 तक विधि अधिकारी एवं प्रवक्ता के तौर पर काम करने वाले सुनील गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि रसूखदार लोगों को देश की सबसे बड़ी जेल में अधिकारियों के साथ ही कैदियों से सभी तरह की विशेष सुविधाएं मिलती थीं। गुप्ता ने कहा कि जब उन्होंने कुछ मामलों में शिकायत की तो उन पर कार्वाई भी की गई थी। गुप्ता ने बताया कि उनके कार्यकाल में, उन्होंने प्रभावशाली लोगों को यौन इच्छाओं की पूर्ति की व्यवस्था करने के लिए कहते हुए तथा इन्हें हासिल करते हुए देखा। तिहाड़ के भीतर लौंडेबाजी सामान्य बात है और प्रभावशाली कैदी, दूसरे कैदियों से आपसी रजामंदी या जेल अधिकारियों की मदद से ये सब करने के लिए कहते हैं।

सत्येंद्र जैन के मामले में विस्तृत जांच की आवश्यकता है। अगर जैन ने किसी आरोपी से अपनी जेल की कोठरी में मालिश कराई तो यह गैरकानूनी है क्योंकि परिसर में किसी कैदी को फिजियोथैरेपी देने के लिए भी अधिकृत वार्ड हैं। वह किसी आरोपी से अपनी कोठरी में मालिश नहीं करा सकते।

हालांकि, इस वायरल वीडियो ने गुप्ता को हैरान नहीं किया क्योंकि उनकी नजर में जेल में ऐसी गैरकानूनी गतिविधियां सामान्य हैं। गुप्ता ने दावा किया, उन्होंने मंत्रियों, कारोबारियों और उद्योगपतियों को खुश करने के लिए नियमों की धज्जियां उड़ते हुए देखी है। प्रभावशाली लोगों के साथ कौन नहीं जुड़ना चाहेगा। वे गरीब कैदियों को नौकरी, कानूनी सहायता और पैसे देने का वादा करते थे तथा उनसे अपनी मनमर्जी की सुविधा लेते थे। यहां तक कि जेल अधिकारी भी इशारों पर नाचते हैं क्योंकि बदले में उन्हें धन, रिश्तेदारों एवं अन्य को नौकरियां का वादा किया जाता है।

पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी ने कहा, सुनील जो कह रहे हैं वह संभवत: उनके आने से पहले या मेरे जाने के बाद उनके कार्यकाल में हुआ होगा। बेदी तिहाड़ जेल में 1993-1995 तक महानिदेशक रहीं हैं।

# तुगलकाबाद किले से अतिक्रमण हटाने के लिए मिले छह सप्ताह

**● आदेश का पालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई होगी : अदालत**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को तुगलकाबाद किले के अंदर और आसपास मौजूद अतिक्रमण हटाने के लिए छह सप्ताह का समय दिया है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने स्पष्ट किया कि उसके आदेश का पालन नहीं करने पर अदालत सख्त कार्रवाई करेगी।

अदालत ने यह भी कहा कि वह वर्ष 2017 में गठित समिति के सदस्यों को पेश होने के लिए कहेगी। समिति को यह निर्धारित करने के लिए संरचना के सर्वेक्षण की निगरानी का काम सौंपा गया था कि उनमें से कौन सा ढांचा 1993 में अस्तित्व में था।

एएसआई के वकील ने सहयोग नहीं मिल की बात कही तो एमसीडी),डीडीए व अन्य प्राधिकारों ने सहयोग देने की बात कही।

# लाचित की 400 वीं जयंती पर समारोह का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय लाचित दिवस सांस्कृतिक समारोह का शुभारंभ असम के सीएम हिमंत बिस्व शर्मा और केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने किया।

जनरल लचित से संबंधित विज्ञान भवन में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा भी मौजूद थे। यह पहला मौका है जब महान आहोम सेना के जनरल लाचित बरफुकन और उनकी उपलब्धियों को राष्ट्रव्यापी श्रद्धांजलि देने के लिए उनके 400 वीं जयंती असम के बाहर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

औरंगजेब की महत्वाकांक्षाओं को रोकते हुए अपनी कुशल सैन्य रणनीति से मुगलों की सेना को हराने वाले लाचित बरफुकन का जन्म 24 नवंबर, 1622 को असम के चराइदेव में हुआ था।

कार्यक्रम की शुरुआत ताई आहोम समुदाय की पारंपरिक प्रार्थना से हुई। उसके बाद मृदुस्मिता दास बोरा और उनकी टीम द्वारा सीता उद्धर पर सत्त्रिया प्रदर्शन किया गया।

### प्रधानमंत्री ने श्रद्धांजलि अर्पित की समारोह को संबोधित करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्ववर्ती अहोम साम्राज्य के जनरल लचित बोड़फूकन की 400वीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उन्होंने लोगों की भलाई को हर चीज से ऊपर रखा। साल भर आयोजित कार्यक्रमों के समापन समारोह को शुक्रवार को संबोधित करेंगे। पीएमओ ने यह जानकारी दी।

# अधर में भविष्य : आईएएस की तैयारी करें या मौके के लिए संघर्ष

## छात्रों को परेशान कर रहा कोरोना महामारी के चलते दो वर्ष की अधूरी तैयारी और सिविल सेवा परीक्षा से वंचित रहने का दर्द

अजीत तिवारी। नई दिल्ली



सिविल सेवा में अतिरिक्त अवसर को लेकर प्रदर्शन करते अभ्यर्थी। (फाइल फोटो)

आंखों में आईएएस बनने का सपना संजोए हजारों अभ्यर्थियों को जिंदगी ने दोराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है। उनके समक्ष हालात ऐसे बन गए हैं कि वे देश की सबसे प्रतिष्ठित लोकसेवा के लिए मनोयोग से तैयारी करें या कोरोना महामारी की भेंट चढ़ चुके दो साल के बीच निकल गए अवसर को पाने के लिए संघर्ष करें।

कोरोना महामारी के दौरान पिछले दो वर्षों में विश्वव्यापी संकट का हर वर्ग को प्रत्येक स्तर पर सामना करना पड़ा था। प्रतियोगी परीक्षाओं खासकर सिविल सेवा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी भी इससे अछूते नहीं रहे। लोकसेवा के लिए परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने में एक साल का समय लगता है, लेकिन दो वर्षों (2020 और 2021) में लॉकडाउन, कोविड के कड़े नियमों के चलते राजधानी दिल्ली समेत कई बड़े शहरों में परीक्षा की तैयारी कर रहे सभी अभ्यर्थियों को घर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। उनकी तैयारी स्वास्थ्य कारणों, बेहतर अध्ययन सामाग्री के अभाव में बुरी तरह प्रभावित हुई। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि तैयारी करने वाले लाखों अभ्यर्थी इन्हीं दो वर्षों में परीक्षा की निर्धारित उम्र सीमा एवं अवसरों की संख्या को पार कर गए। इसके चलते उन्होंने सिविल सेवा की परीक्षा में भाग लेने की पात्रता खो दी।

मुखर्जी नगर में सिविल सेवा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी सुभाष ठाकुर कहते हैं कि समय के चक्र ने हमसे सब कुछ छीन लिया है। हमारे परिजनों की आशा धूमिल होती दिख रही है। हम अपने सपनों को मरता हुआ देख घोर निराशा से घिरे हुए हैं।

बनारस के गौरव ने बताया कि वर्ष 2020 में परीक्षा से एक महीना पहले कोरोना महामारी के चलते पिता को खोने के बाद भी सिविल सेवा की परीक्षा में शामिल हुआ। मैं केंद्र से सभी अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अवसर दिए जाने की मांग करता हूं।

बिहार के औरंगाबाद के रोहित प्रियदर्शी ने कहा कि केंद्र सरकार को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों की पिछले दो साल की बर्बादी को देखते हुए सहानुभूतिपूर्वक कम से कम एक अतिरिक्त अवसर दिए जाने पर विचार करना चाहिए।

### संसदीय समिति ने की अनुशंसा

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली 'विभागीय संसदीय स्थायी समिति' ने अपनी 112वीं रिपोर्ट में केंद्र सरकार से अनुशंसा की है कि सरकार संवेदनशीलता के आधार पर यूपीएससी सिविल सेवा के आकांक्षियों को अतिरिक्त अवसर और आयु सीमा में छूट प्रदान करे।

### देश के 100 सांसदों का खटखटाया दरवाजा

अभ्यर्थियों ने अपनी मांग केंद्र सरकार तक पहुंचाने के लिए लगभग 100 सांसदों के दरवाजों तक दस्तक दी है। इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह को संबोधित पत्र भी लिखे गए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने नरम रुख अपनाने को कहा

इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने अभिषेक आनंद सिन्हा बनाम भारत संघ (डब्ल्यूपी- 434/2021) मामले में सरकार से छात्रों के प्रति 'नरम रुख' अपनाने को कहा है। साथ ही अर्जित शुक्ला बनाम भारत संघ (डब्ल्यूपी-92/2022) मामले में सरकार से संसदीय समिति की अनुशंसा के आलोक में दो सप्ताह के भीतर विचार करने को कहा, लेकिन इस संबंध में कोई राहत नहीं मिली है।

# बालकनी या छत पर खाना परोसने को सरकार ने दिए 200 लाइसेंस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में खाने के शौकिन बालकनी या छत पर बैठक अब खुली हवा में अपने मनपंसद का खाना खा सकेंगे। दिल्ली नगर निगम ने ऐसे 200 होटल-रेस्टोरेंट को लाइसेंस दिया है। इनमें 155 ओपन स्पेस व 45 टैरेस डाइनिंग के लिए हैं। निगम इसके मद्देनजर 250 आवेदन मिले हैं।

सूत्रों के अनुसार उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना में 31 अक्टूबर को रेस्तरां, घरों और होटलों की लाइसेंसिंग आवश्यकताओं को आसान बनाने और सुविधा प्रदान करने के लिए संबंधित विभागों, एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति का गठन किया है, जिसका उद्देश्य होटल व्यवसाय को प्रोत्साहन प्रदान करना है। लेट नाइट डाइनिंग, भोजनालयों और खुली हवा और छतों पर खाना मुहैया कराना शामिल है।

कमेटी ने 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसके बाद एमसीडी ने ओपन एयर डाइनिंग के लिए आवेदन आमंत्रित करना शुरू कर दिया। एक हफ्ते से भी कम समय में, नगर निगम ने रेस्तरां और होटलों को छतों और उनसे जुड़े खुले स्थानों में ओपन एयर डाइनिंग की अनुमति दे दी। एमसीडी रोजाना 25-30 लाइसेंस दे रही है। अब तक 250 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# इलेक्ट्रोपैथी को जल्द ही मान्यता देगी हरियाणा सरकार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कादीपुर** स्थित पूर्वांचल भवन में हरियाणा इलेक्ट्रोपैथी काउंसिल द्वारा विधायक सुधीर सिंगला का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। काउंसिल के डाक्टरों ने इलेक्ट्रोपैथी के हक में हरियाणा विधानसभा में आवाज उठाने पर विधायक का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

विधायक सुधीर सिंगला ने इस अवसर पर इलेक्ट्रोपैथी काउंसिल के तत्वावधान में इस पद्धति पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया है। यह पुस्तक सभी के विचारों और इलैक्ट्रोपैथी के लाभों का प्रचार-प्रसार करेगी। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि हर नई तकनीक को अपनाने में समय लगता है। समय के साथ पद्धति के फायदे मिलने पर वह पद्धति सभी को प्रिय हो जाती है।

## हरियाणा इलेक्ट्रोपैथी काउंसिल द्वारा आयोजित अभिनन्दन समारोह में कही यह बात

## विधानसभा में इस मुद्दे को उठाने पर काउंसिल ने किया धन्यवाद

इलैक्ट्रोपैथी भी धीरे-धीरे मान्य हो रही है। राजस्थान सरकार ने साल 2018 में इसको मान्यता दी है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हरियाणा में इलैक्ट्रोपैथी की मान्यता के लिए उन्होंने हरियाणा विधानसभा में इस विषय को उठाया था। उन्हें विश्वास है कि जल्द ही इस पद्धति को भी हरियाणा सरकार द्वारा भी इसको मान्यता दे दी जायेगी।


कादीपुर स्थित पूर्वांचल भवन में विधायक सुधीर सिंगला का अभिनंदन करते हरियाणा इलेक्ट्रोपैथी काउंसिल के सदस्य।

विधायक ने कहा कि एक डाक्टर का कर्तव्य सदैव सभी की सेवा करना होता है। सेवाभाव से किया गया हर कार्य में सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने चिकित्सकों का आह्वान किया कि आप सब भी सदैव अपने हुनर को जनसेवा में लगाएं। लोगों की सेवा करते रहें। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि यह पद्धति एक दिन विश्व भर में नाम रोशन करेगी। भारत में इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को लोग पहचानने लगे हैं, क्योंकि इससे शुगर, हार्ट समस्या, कैंसर, काला पीलिया, डेंगू, एड्स जैसी खतरनाक बीमारियों का इलाज संभव है। कोरोना काल में इम्युनिटी बढ़ाने में इलेक्ट्रो होम्योपैथी दवाइयों का विशेष योगदान रहा है। इलेक्ट्रोपैथी में दवाओं का निर्माण नॉन पॉइजन वनस्पति से किया जाता है, करीब 114 पौधों से इसकी दवा बनती है।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू, गुरुग्राम के पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, मनोज गर्ग, अशोक सैन, इलेक्ट्रोपैथी प्रेक्टिशनर काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. ललित गोला, डॉक्टर मुनीपाल सिकरीवाल, डॉक्टर संजय आर्य, डॉ. रमेश वर्मा, डॉक्टर आरके पुंडीर, डा. राकेश कुमार, डॉ. नितिन कुमार, डॉ. रवि राजपूत, एडवोकेट रोहित मदान, डॉ. पुष्पा, डॉ. गौतम तंवर, डॉक्टर भारत भूषण तथा टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में अवैध निर्माणों पर चला पीला पंजा

## नोबल इंकलेव में निगम टीमों ने 6 भवनों को तोड़ने के साथ ही दो अन्य भवन सील किए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आयुध** डिपो के प्रतिबंधित दायरे में स्थित अवैध निर्माणों पर नगर निगम गुरूग्राम द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत अवैध निर्माणों को तोड़ने एवं सील करने की प्रक्रिया जारी है।


गुरुवार को कार्यकारी अभियंता गोपाल कलावत के नेतृत्व में नगर निगम गुरुग्राम की टीम जेसीबी एवं पुलिस बल के साथ नोबल इनकलेव में पहुंची। वहां पर टीम द्वारा छह निर्माणाधीन भवनों को तोड़ने के साथ ही दो अन्य भवनों को सील करने की भी कार्रवाई की। पूरी कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार के विरोध की स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।


गुरुग्राम के नोबल इनकलेव में अवैध रूप से बनाए जा रहे भवन गिराती निगम की जेसीबी।

# हिन्द की चादर गुरु तेग बहादुरजी का बलिदान दिवस मनाया

**गुरुग्राम।** भारत विकास परिषद् (लाल बहादुर शास्त्री शाखा) के मुख्य संरक्षक बोधराज सीकरी, अध्यक्ष राजीव छाबड़ा और कोषाध्यक्ष रमेश नरूला द्वारा हिन्द की चादर कहे जाने वाले गुरू तेग बहादुर जी का बलिदान दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम सक्षम बाल विकास संस्थान (गैर सरकारी संगठन) द्वारा संचालित विद्यालय में आयोजित किया गया।

जिसमें बोधराज सीकरी ने और दिल्ली से आए हरविंदर सिंह लाम्बा (गुरू तेग बहादुर एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट) ने गुरू तेग बहादुर जी के बारे में विद्यालय के सभी छात्रों को विस्तार से उनकी कुर्बानी का इतिहास बताया। संस्कार की प्रेरणा दी। अजय भार्गव ने भी गुरू तेग बहादुर सिंह और



गुरु गोबिंद सिंह का गीत गाकर कार्यक्रम को सुंदर बनाया। इसके बाद गुरु का लंगर भी सभी बच्चों को वितरित किया। जिसमें सुरेश सीकरी, सोनिया सचदेवा, सीमा चावला, वीनू छाबड़ा, प्रीति भाटिया, सोनिया चावला, आशिमा भार्गव, कमल आहलुवालिया, सुभाष सचदेवा, नवीन शर्मा, दीपक भाटिया, ओम धमीजा, विजय चावला, रोहित, श्रवण का विशेष योगदान रहा। सब बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स उपहार रूप में एवं गुरू जी की जीवनी पर पुस्तकें भी वितरित की गई।

# ईवी देश में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी : अमित दास

## एसजीटी विवि व इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुआ करार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एसजीटी** विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन के उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए और इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया गया।

इस अवसर पर विवि के प्रबंध न्यासी मनमोहन सिंह चावला, कुलपति प्रो. (डॉ.) ओपी कालरा, प्रो. चांसलर प्रो. राकेश शर्मा,


गुरुग्राम स्थित एसजीटी विवि व इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुआ करार के दौरान पेपरों का आदान-प्रदान करते अधिकारी।

निदेशक आउटरीच डॉ. रजनीश वाधवा, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय, प्रोफेसर (डॉ.) साहिल वर्मा, अन्य संकायों के डीन, विभागों के प्रमुख और एसजीटी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर भी भव्य लॉन्च के लिए उपस्थित थे।

इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट के संस्थापक और सीईओ अमित दास के अनुसार देश के प्रमुख ईवी निर्माता वर्तमान में युवा, प्रतिभाशाली और रचनात्मक श्रमिकों की तलाश कर रहे हैं। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उन युवा पेशेवरों के लिए एक उत्कृष्ट प्रारंभिक बिंदु के रूप में काम करेगा, जो ईवी क्षेत्र में काम करना चाहते हैं। इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट के साथ साझेदारी में स्थापित इलेक्ट्रिक वाहन उत्कृष्टता केंद्र (सीआई) लिमिटेड का उद्देश्य एक परिवर्तित ईवी वातावरण में छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए शिक्षित करना, संलग्न करना और उन्नत करना है।

ईवी देश के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी। यह उत्कृष्टता केंद्र इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी के सहयोग से मौजूदा पाठ्यक्रम में नए मॉड्यूल शामिल करने में मदद करेगा। इस प्रयास के साथ एसजीटी विश्वविद्यालय निस्संदेह व्यापक अवसरों की तलाश कर रहा है।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का सर्टिफिकेशन और पाठ्यक्रम आधारित अनुभव कार्यक्रम इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से बढ़ते फ्यूचरिस्टिक इंडस्ट्री सेगमेंट के लिए छात्रों की महत्वपूर्ण कौशल जरूरतों को पूरा करेगा। आने वाले वर्षों में यह उत्कृष्ट पेशेवर और शैक्षणिक संभावनाएं पेश करेगा, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कार्यक्रम भारत के ईवी विजन का समर्थन करेगा।

प्रशिक्षण और अनुसंधान क्षेत्रों में उत्कृष्टता केंद्र का जोर होगा। केंद्र के नियोजित कार्यक्रम छात्रों को शानदार करियर और आगे की शिक्षा के अवसरों के अलावा प्रमाणन, पाठ्यक्रम-आधारित क्रेडिट, लाइव प्रोजेक्ट, स्टार्ट-अप अवसर और फंडिंग सहित संभावनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेंगे। एसजीटी विश्वविद्यालय छात्रों में तकनीकी मानसिकता विकसित करने और पीढ़ियों में वैज्ञानिक सोच का निर्माण करने के लिए ज्ञान प्रदान करने में विश्वास रखता है।

# दो युवकों ने दुकानदार को पीटा

**सोहना।** सोहना सदर थाना के गांव जखोपुर में दो युवकों ने मिलकर दुकानदार की लात घूसों से जमकर पिटाई की। पीड़ित ने बिना किसी कारण के मारपीट करने का आरोप लगाया है। जखोपुर निवासी बलराम ने पुलिस को बताया कि उसने मोबाइल की दुकान की हुई है।

मंगलवार की शाम को जखोपुर निवासी चंकित अपने साथ अन्य युवक को लेकर आया था। दोनों ने मिलकर उसको पिटना शुरू कर दिया। उसे मुंहए सिरए आंख और नाक पर चोट-चोट मारते हुए बेहोश कर दिया। जबकि चंकित या उसके साथ आए युवक से उसको कोई लड़ाई नहीं थी। उसके परिजनों ने उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया।

# सोहना में युवा समारोह को लेकर जबरदस्त तैयारियां हुई शुरू

## कॉलेज के विद्यार्थी सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** निरंकारी कॉलेज में युवा समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। ये समारोह तीन दिनों तक चलेगा। जो 2 दिसम्बर से शुरू होकर 4 दिसम्बर को समाप्त होगा। इस समारोह को सफल बनाने के लिए समिति सदस्यगण जोर-शोर से जुटे हैं। वहीं कॉलेज के विद्यार्थी सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। जिन्होंने रिहर्सल करना शुरू कर दिया है।

स्थानीय निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल कॉलेज इस साल युवा समारोह की मेजबानी करेगा। ये समारोह नूह मार्ग पर स्थित कॉलेज परिसर में होगा। 2 दिसम्बर से शुरू होकर 4 दिसम्बर तक चलेगा। समारोह गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में आयोजित होगा। जिसमें करीब 30 कॉलेज हिस्सा लेंगे। वहीं कॉलेज विद्यार्थी सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। जिन्होंने रिहर्सल करना शुरू कर दिया है।


सोहना के निरंकारी कॉलेज में विद्यार्थी युवा समारोह को लेकर तैयारी करतीं छात्राएं।

### युवा समारोह के लिए 'समितियां गठित'

**कॉलेज** प्रशासन ने युवा समारोह को सफल बनाने के लिए करीब एक दर्जन समितियां गठित कर दी हैं। जिनमें कॉलेज में तैनात स्टाफ को जिम्मेदारी सौंप दी है। ऐसी समितियों में स्टेज संचालन समिति, अनुशासन समिति, भोजन व्यवस्था समिति आदि शामिल हैं। जो सभी प्रकार की व्यवस्थाओं की देखरेख करेंगी।

### 'युवा समारोह में होंगी 40 प्रतियोगिताएं'

**युवा** समारोह में करीब 40 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिनमें विद्यार्थी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। ऐसी प्रतियोगितयों में समूह गान, समूह नृत्य, जनरल डांस, कव्वाली, भजन, कविता पाठ, शास्त्रीय संगीत, मोनो एक्टिंग, नाटक आदि शामिल हैं।

### 'समारोह के बारे में ऐसा कहते हैं इंचार्ज'

**युवा** समारोह कार्यक्रम के इंचार्ज डॉक्टर डीपी सिंह बताते हैं कि समारोह को सफल बनाने के लिए तैयारियां जारी हैं। कॉलेज के विद्यार्थी सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। जिन्होंने रिहर्सल करना शुरू कर दिया है। विजेता प्रतियोगियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

# एसई व मैम्बर जाजोरिया ने लिया एक गांव गोद

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**दक्षिण** हरियाणा बिजली वितरण निगम गुरुग्राम में तैनात अधीक्षण अभियंता यानी कि एसई व मैम्बर टेक्निकल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम सदस्य इंजीनियर राजकुमार जाजोरिया को सरकार के आदेश पर अमल करते हुए खण्ड का गांव करन की खेड़ली को गोद लिया है। जिसमें इंजीनियर राजकुमार गांव की देखरेख करेंगे। वे विकास कार्यों का जायजा लेंगे। गांव में इंजीनियर संरक्षक के तौर पर कार्य करेंगे।

हरियाणा सरकार ने गांवों के विकास के लिए नई पहल शुरू की है। जिसके तहत प्रथम श्रेणी अधिकारी को एक गांव गोद देकर विकास कराने का जिम्मा सौंपा जाएगा। ये अधिकारीगण ऐसे गांवों में संरक्षक की भूमिका निभाएंगे। ताकि ग्रामीणों को खुशहाल, जागरूक व सुदृढ बनाया जा सके। वहीं इस योजना पर अमल करते हुए सरकार ने सोहना निवासी व दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में तैनात अधीक्षक अभियंता इंजीनियर राजकुमार जाजोरिया को सोहना खण्ड के गांव करन की खेड़ली को गोद देकर संरक्षक की जिम्मेदारी दी है। नवनियुक्त संरक्षक इंजीनियर राजकुमार जाजोरिया 29 नवंबर को


राजकुमार जाजौरिया।

गांव में पहुंचकर विकास कार्यों की जानकारी हासिल करेंगे। उनके साथ पंचायत विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इंजीनियर राजकुमार जाजैरिया ने बताया कि उनकी जिम्मेदारी गांव के विकास को गति देने व ग्रामीणों को जागरूक करना होगा। इसके अलावा सरकार की नीतियों की जानकारी देकर ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाना होगा।

**'शहरवासियों में खुशी' :** राजकुमार जाजौरिया सोहना के मूल निवासी हैं। जिनके द्वारा खंड का गांव गोद लेने से शहरवासियों में खुशी मनाते हुए बधाई दी है। कस्बे के प्रबुद्ध व्यापार मंडल के प्रधान अशोक गर्ग, पार्षद हरीश नंदा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू, पूर्व पार्षद नागेश मुखी, कपड़ा यूनियन प्रधान प्रदीप सिंगला टोनी, सर्राफा यूनियन पूर्व प्रधान अशोक वर्मा, पार्षद राजकुमार गोयल एडवोकेट, अनुराग जिंदल एडवोकेट आदि ने इंजीनियर राजकुमार जाजोरिया की नियुक्ति पर बधाई दी है।

# ताराग्राम यात्रा-2022 के निष्कर्ष के साथ आयोजित हुआ सार संगम

## यात्रियों के अनुभवों से समावेशी एवं सभी के अनुकूल भविष्य निर्माण के प्रयासों पर हुई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

**दिल्ली** में स्थापित कंपनी डेवलपमेंट एल्टरनेटिव्स ग्रुप ने ताराग्राम यात्रा 2022 के समापन के मौके पर 'सार संगम-प्रयास के माध्यम से नीतिगत समाधान की तलाश' का आयोजन किया। इस यात्रा के तहत यात्रियों के तीन समूहों ने उत्तर के शहर, कस्बों और क्षेत्रों का भ्रमण किया। यात्रा की थीम 'को-क्रिएटिंग ग्रीन एंड इनक्लूसिव इकोनॉमीज' रखी गई थी।

ग्लोबल थिंक टैंक और अग्रणी सोशल एंटरप्राइज डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स (डीए) का लक्ष्य हाशिए पर जी रहे लोगों के लिए बेहतर समाधान एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना है। जिससे उनका जीवन बेहतर हो और उनके श्रम का सम्मान हो। इस दिशा में विभिन्न छोटे उद्यमों को साथ लाते हुए डीए काम कर रहा है। साथ ही इस मसले पर विमर्श को बढ़ावा दे रहा है। सार संगम इसी दिशा में डीए का



एक प्रयास है। आगरा, मीरजापुर और बुंदेलखंड की यात्रा से लौटे यात्रियों के तीन समूह सार संगम के मौके पर राजधानी दिल्ली में एकत्र हुए। इस ताराग्राम यात्रा 2022 से मिली सीख एक व्यापक चर्चा का आधार बनी है।

सार संगम के दौरान अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे, जिससे इस संबंध में बेहतर समझ स्थापित की जा सके और इन सीखों का लाभ लिया जा सके। सार संगम के दौरान 'संसाधन दक्षता एवं सर्कुलर इकोनॉमी', 'आजीविका सुरक्षा एवं समावेशी उद्यमिता' और 'क्लाइमेट रेजिलियंस एंड इकोसिस्टम रीस्टोरेशन' विषयों पर तीन सत्रों का आयोजन किया गया। इसके बाद 'को-क्रिएटिंग ग्रीन एंड इनक्लूसिव इकोनॉमीज' विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। इसमें हर यात्रा के अनुभव को समाहित किया गया। इस चर्चा को प्रोसिडिंग रिपोर्ट के रूप में लिपिबद्ध किया जाएगा, जिसे नीति निर्माताओं के साथ साझा किया जाएगा। ताराग्राम यात्रा 2022 और इस परिचर्चा पर अपने विचार साझा करते हुए डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स ग्रुप के सीईओ श्रृष्टांत पातरा ने कहा, 'किसी सकारात्मक बदलाव की शुरुआत जमीनी स्तर से ही होती है। ताराग्राम यात्रा 2022 के पीछे हमारा विचार यही है। हम चाहते थे कि आम लोग न केवल रोज की चुनौतियों को जानें, बल्कि यह देखें कि स्थानीय लोगों को उनका जीवन स्तर सुधारने के लिए किन कदमों की आवश्यकता है। सार संगम में हुई चर्चा से मुझे यह आशा मिली है कि हम यात्रियों से मिले अनुभवों को नीति के रूप में परिवर्तित करने की दिशा में काम कर सकते हैं। इससे विकास का नया मॉडल तैयार हो सकेगा।' डेवलपमेंट अटरनेटिव्स ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अशोक खोसला ने कहा, 'ताराग्राम यात्रा से हमें जो मिला है, इससे ज्यादा खुशी की कोई बात नहीं हो सकती है।

# कॉइनस्विच प्रो सिंगल लॉगिन के साथ मल्टी-एक्सचेंज ट्रेडिंग के लिए पहला रुपया संचालित क्रिप्टो प्लेटफॉर्म बन गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के सबसे बड़े क्रिप्टो-निवेश एप, कॉइनस्विच ने आज कॉइनस्विच प्रो को लॉन्च करने की घोषणा की जो एक मल्टी एक्सचेंज ट्रेडिंग प्लेटफार्म है । अपनी तरह का पहला केवाईसी-नियमों का पालन करने वाला प्लेटफॉर्म यूजर्स को सिंगल लॉगिन के साथ कई एक्सचेंजों पर भारतीय रुपये में क्रिप्टो की ट्रेडिंग करने की अनुमति देगा। कॉइनस्विच कुबेर के साथ, कॉइनस्विच ने 18 मिलियन रिटेल यूजर्स के बीच क्रिप्टो निवेश और जागरूकता में क्रांति लाते हुए इसका लोकतंत्रीकरण किया है, जिससे यह लॉन्च के दो वर्षों के भीतर भारत में सबसे बड़ा क्रिप्टो प्लेटफॉर्म बनने में सफल रहा है। कॉइनस्विच प्रो (https://coinswitch.co/pro/trade)के साथ, कॉइनस्विच ने ट्रेडर्स के लिए संपूर्ण ट्रेडिंग अनुभव की दोबारा कल्पना की है। ट्रेडर्स निम्न सुविधाओं के साथ विभिन्न एक्सचेंजों पर ट्रेड कर सकते हैं। सिंगल यानी एक ही लॉगिन, आर्बिट्रेज के अवसरों की खोज, तुलना, और उसका लाभ



उठाना, और एकीकृत पोर्टफोलियो में निवेश प्रबंधित करें।

कॉइनस्विच के को-फाउंडर और सीईओ आशीष सिंघल ने कहा, कॉइनस्विच प्रो भारतीयों को केवाईसी-अनुपालन प्लेटफॉर्म पर क्रिप्टो की खरीद-बिक्री करने में मदद करेगा, जैसा कि पहले कभी नहीं देखा गया। हमारा मानना है कि क्रिप्टो ट्रेडर्स वर्तमान में भारत में उत्पादों से वंचित हैं। कॉइनस्विच प्रो के साथ, हम ट्रेडिंग अनुभव को अगले स्तर पर ले जाना चाहते हैं, जिसमें ट्रेडर्स को एक साथ कई एक्सचेंजों में क्रिप्टो के कीमतों के उतार-चढ़ाव के बारे में पता लगाने और लाभ उठाने में मदद मिलेगी और साथ ही मुनाफा कमाने के नए अवसर भी बनेंगे।'' बचपन के दोस्त आशीष सिंघल, विमल सागर तिवारी और गोविंद सोनी द्वारा स्थापित, कॉइनस्विच ने सितंबर 2021 में कॉइनबेस वेंचर्स और आंद्रेसेन होरोविट्ज (165) से सीरीज सी फंडिंग में 260 मिलियन डॉलर जुटाए और 1.9 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन पर एक क्रिप्टो यूनिकॉर्न बनने में सफल रहा। कंपनी के पास टाइगर ग्लोबल, सिकोइया कैपिटल इंडिया, रिबिट कैपिटल और पैराडाइम जैसे ब्लू-चिप निवेशक शामिल हैं। कॉइनस्विच मार्च 2023 के अंत तक अपनी पहली नॉन-क्रिप्टो पेशकश को लॉन्च करने के लिए भी तैयार है, जोकि सभी के लिए समान धन कमाने (मेक मनी इक्वल फॉर ऑल) के अभियान का हिस्सा है।

# धर्मज क्रॉप गार्ड का आईपीओ जल्द ही बाजार में होगा उपलब्ध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**2015** में स्थापित, धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड एक कृषि-रासायनिक कंपनी है। कंपनी BwB (व्यवसाय से ग्राहक) और BwB (व्यवसाय से व्यवसाय) ग्राहकों के लिए कीटनाशकों, फफूंदनाशकों, तृणनाशक, पौधों के विकास नियामकों, सूक्ष्म उर्वरकों और एंटीबायोटिक जैसे कृषि-रासायनिक योगों की एक विस्तृत श्रृंखला के निर्माण, वितरण और विपणन के व्यवसाय से जुडी हुई है।

कंपनी किसानों को उत्पादकता और लाभप्रदता को अधिकतम करने में सहायता करने के लिए फसल सुरक्षा समाधान भी प्रदान करती है। धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड लैटिन अमेरिका, पूर्वी अफ्रीकी देशों, मध्य पूर्व और सुदूर पूर्व एशिया के 25 से अधिक देशों में उत्पादों का निर्यात करता है।

## धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड का एक अनुसंधान और विकास केंद्र भी है

जुलाई 2022 तक, धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड के पास 219 से अधिक संस्थागत उत्पाद थे जिन्हें उन्होंने भारत और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में स्थित 600 से अधिक ग्राहकों को बेचा। जुलाई 2022 तक, कंपनी ने 25 देशों में 60 से अधिक ग्राहकों को अपने उत्पादों का निर्यात किया। कंपनी की विनिर्माण सुविधा अहमदाबाद, गुजरात, भारत में स्थित है। निर्माण सुविधा में धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड का एक अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) केंद्र भी है। कंपनी के ब्रांडेड उत्पाद 17 राज्यों में एक नेटवर्क के माध्यम से बेचे जाते हैं, जिसमें 4,200 से अधिक डीलर शामिल हैं, जिनकी जुलाई 2022 तक भारत में 16 स्टॉक डिपो तक पहुंच है। वित्तीय वर्ष 2020 और 2021 और जुलाई, 2022 में समाप्त वर्ष के लिए परिचालन से आय क्रमशः 1,982.22 मिलियन रुपये 3,024.10 मिलियन रुपये और 6,962.88 मिलियन रुपये था।

# बजाज फाइनैंस ने पंजाब के मोहाली से देश भर के लोगों को फाइनैंशियल एजुकेशन देने और धोखाधड़ी के बारे में जागरूक बनाने के लिए कार्यक्रम-2022 की शुरुआत की

पायनियर समाचार सेवा। पुणे

**भारत** की सबसे बड़ी एवं सबसे अधिक विविधतापूर्ण NBFC, और बजाज फिनसर्व समूह की लोन से संबंधित कारोबार का संचालन करने वाली कंपनी है, बजाज फाइनैंस लिमिटेड ने ऑनलाइन धोखाधड़ी, फाइनैंशियल एजुकेशन, बैंकों तथा NBFCs में शिकायतों को दूर करने की व्यवस्था के साथ-साथ RBI की एकीकृत लोकपाल योजना (इंटीग्रेटेड ओंबड्समैन स्कीम) के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पंजाब के मोहाली में स्थित रयात-बाहरा यूनिवर्सिटी में एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

RBI ने पूरे देश में बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने की मुहिम चलाई है, और उसी अभियान के एक हिस्से के रूप में इस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। पूरे महाराष्ट्र, हरियाणा और पंजाब के अलग-अलग स्कूलों एवं कॉलेजों, मैन्युफैक्चरिंग प्लांट तथा ऑटो यूनियन के कैंपस में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई गई है। मोहाली में आयोजित इस वर्कशॉप की अध्यक्षता RBI लोकपाल, चंडीगढ़,



तथा साइबर क्राइम, मोहाली के वरिष्ठ अधिकारियों और लुधियाना के रिटायर्ड स्क्व के साथ-साथ बजाज फाइनैंस की रिस्क कंटेनमेंट यूनिट और ऑपरेशन टीमों के अन्य सदस्यों ने की। बजाज फाइनैंस ने इस वर्कशॉप में भाग लेने वाले सभी लोगों और आम जनता को फाइनैंस के संबंध में अच्छी आदतों को अपनाने तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के लिए नीचे दिए गए सुझावों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए कुछ सुझाव इस तरह हैं।

**क्या करें :** सेवाओं से संबंधित किसी भी समस्या/सवाल के लिए, बजाज फाइनैंस के ग्राहकों को सीधे कंपनी की वेबसाइट www.bajajfinserv.in/reach-us पर जाना चाहिए। मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें, साथ ही ऑनलाइन बैंकिंग क्रेडेंशियल्स, ATM-PIN, UPI-PIN और वॉलेट पासवर्ड समय-समय पर ज़रूर बदलें, केवल भरोसेमंद कंपनियों के एंटीवायरस सॉफ्टवेयर ही इंस्टॉल करें, साथ ही यह सलाह भी दी जाती है कि अपने डिवाइस के सॉफ्टवेयर को हमेशा अपडेट रखें, लोन चुकाने के लिए सिर्फ अधिकृत पेमेंट मोड का इस्तेमाल करें और भुगतान करने के बाद पावती रसीद लेना कभी न भूलें। समय पर अलर्ट और नोटिफिकेशन पाने के लिए, फाइनैंस कंपनी या किसी दूसरे सर्विस प्रोवाइडर के पास रजिस्टर्ड कांटेक्ट डिटेल्स को हमेशा अपडेट रखें

**क्या नहीं करें:** इंटरनेट पर कभी भी बजाज फाइनैंस कस्टमर केयर नंबर के बारे में सर्च करने की कोशिश नहीं करें, क्योंकि यह आपको नकली हेल्पलाइन नंबरों और वेबसाइटों तक ले जा सकता है।

# फोगिंग पर प्रतिबंध से डेंगू-मलेरिया के मरीज बढ़े

## डेंगू के दो नए मामले सामने आने से आंकड़ा पहुंचा नौ पर

कविता। फरीदाबाद


संजय कालोनी में आए मरीज के घर के बाहर फोगिंग करता कर्मी। बीके अस्पताल में मौजूद डेंगू वार्ड

**शहर** में बढ़ते प्रदूषण के कारण फोगिंग नहीं करने के आदेश हैं। ऐसे में डेंगू के मरीजों की संख्या में वृद्धि होने लगी। बुधवार को डेंगू के दो नए पॉजिटिव केस सामने आए हैं। जिसके कारण जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा नौ पर पहुंच गया है। वहीं फिलहाल जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या नियंत्रण में रहे, इसे देखते हुए विभाग ने तुरंत एक्शन लेते हुए डेंगू के मरीज के घर और बाहर फोगिंग करवा दी।

**दो नए मामले आए सामने :** जिले में पिछले कुछ समय से डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा सात ही था। जिसमें धौज से एक, पाली से दो पॉजिटिव, पल्ला से एक, अनंगपुर से एक, सेक्टर-15 और सूरजकुंड से 1-1 मरीज शामिल थे। जिनका इलाज पूरा हो चुका था, लेकिन बुधवार को दो सैम्पल पॉजिटिव पाये गए। जिसमें एक सैम्पल सेक्टर-23 से एक 15 वर्षीय बच्ची और ओल्ड फरीदाबाद से 49 वर्षीय एक व्यक्ति का पॉजिटिव आया है।

**बंद थी फोगिंग :** डेंगू के दो नए मामले पॉजिटिव आने से विभाग में हडकंप मच गया। आनन-फानन में बृहस्पतिवार को तड़के मरीजों के घरों के निकट और घर के भीतर फोगिंग कराई गई। वहीं फोगिंग करने पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि फिलहाल प्रदूषण के कारण फोगिंग बंद कर रखी थी। फिलहाल फोगिंग मरीज सामने आने पर ही की जा रही है।

**अलग है व्यवस्था :** डेंगू के मरीजों की संख्या न बढ़े विभाग इसके लिए जागरूक कर रहा है। लेकिन यदि मरीज बढ़ते हैं तो जिला डेंगू व मलेरिया विभाग की तरफ से बीके अस्पताल में 12 बिस्तरों का डेंगू वार्ड बनाया है। यह वार्ड बीके सिविल अस्पताल में मौजूद अस्थाई अस्पताल में बनाया गया है। विभाग के अधिकारी का कहना है स्वास्थ्य विभाग की तरफ से तमाम केंद्रों पर मरीजों की भर्ती की करने और जांच करने की व्यवस्था भी की गई है। जिससे कि समय रहते ही मरीजों का उपचार किया जा सके। विभाग लगातार डेंगू-मलेरिया लार्वा नष्ट करवा रहा है। बायोलॉजिस्ट पीके अरोड़ा ने बताया कि घरों के आसपास किसी प्रकार का पानी जमा ना होने दें और निरंतर सफाई रखें। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार डेंगू के लारवा नष्ट कराने के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है।

# पंचायत चुनाव-2022 : जिले में पूरी हुई सभी तैयारियां, मतदान आज

## पोलिंग पार्टी ईवीएम व पूरी चुनाव सामग्री सहित पोलिंग बूथ के लिए हुई रवाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


पंचायत के चुनाव के लिए मिले समान को चैक करती पोलिंग पार्टी।

**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में शुक्रवार, 25 नवंबर को होने वाले पंच एवं सरपंचों के चुनाव को पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क है, जिसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां व प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। डीसी विक्रम ने कहा कि मतदाता प्रजातंत्र के पर्व पर अधिक से अधिक मतदान करके अपनी भागीदारी करके गांव की छोटी सरकार चुनें।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने पोलिंग पार्टी की फाइनल रिहर्सल को संबोधित करते हुए कहा कि पोलिंग पार्टी पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता व पारदर्शिता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। पंचायत चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। जिला में पंचों व सरपंचों के लिए मतदान शुक्रवार, 25 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां व इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। पंचायतों में पंच और सरपंच पद के लिए शुक्रवार, 25 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को खंड स्तर पर फाइनल रिहर्सल करवाकर रवाना कर दिया गया है। जिला के सभी तीनों खंडों में चुनाव से संबंधित सभी तैयारियों पूरी तैयारी कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि सभी पोलिंग पार्टियां शुक्रवार, 25 नवंबर को मतदान के उपरांत उसी स्थान पर मतगणना करके परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

जिला में शुक्रवार, 25 नवंबर को पंच व सरपंच के लिए सुबह 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने बताया कि प्रात : 6 बजे एजेंटों की उपस्थिति में मॉक पोल किया जाएगा। अगर कोई एजेंट सुबह 6 बजे नहीं पहुंचता है तो 10 मिनट इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मॉक पोल शुरू कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिला में दो सरपंच ग्राम पंचायत पीएम बदरौला तथा किडावली गावों के और 578 पंच निर्विरोध चुने गए हैं। जबकि किडावली ग्राम पंचायत तो सर्व सम्मति से ग्रामीणों ने पहले ही निर्विरोध चुन ली है। वहीं 22 वार्डो में पंच पद के लिए कोई आवेदन पत्र दाखिल ही नहीं हुए हैं। जहां वार्डो में पंच पद के लिए आवेदन पत्र दाखिल नही किए गए हैं। वहां पर हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आगामी आदेशों पर चुनाव करवाया जाएगा।

जिला के खंड फरीदाबाद की पोलिंग पाटियों को आरओ कम एसडीएम बडखल पंकज सेतिया की अध्यक्षता में डीएवी स्कूल सैक्टर - 14 व खंड बल्लबगढ की पोलिंग पार्टियों को सेक्टर-3 स्थित राजकीय माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चुनाव से संबंधित सामग्री वितरित की गई। आरओ एवं एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में पोलिंग पार्टी को चुनाव से संबधित जानकारी भी दी गई। वहीं एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल की अध्यक्षता में शिव कालेज में तिगावं ब्लाक के लिए पंचायत चुनावों के लिए पोलिगं पार्टियों को रवाना किया गया।

# सूटकेस में बंद मिला शव महानगर में फैली सनसनी


सूरजकुंड के जंगल में मिली सूटकेश में बंद लाश का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सूरजकुंड** रोड पर एमवीएन नाके से पाली की ओर जाने वाले रास्ते पर झाड़ियों के पास एक सूटकेस बृहस्पतिवार को लावारिस हालत में पड़ा हुआ था। जिसे देखकर वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति को संदेह हो गया। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दे दी।

थोड़ी ही देर में डीसीपी एनआइटी नरेंद्र कादयान, एसीपी विष्णु प्रसाद क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 और डीएलएफ, थाना सूरजकुंड, अनखीर चौकी के साथ एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की। सूटकेस खोलने पर पता चला का धड़ पड़ा हुआ था। मृतक का सिर और कमर के नीचे का हिस्सा गायब था। जिसके कारण यह पता नहीं चल पाय कि मृतक व्यक्ति महिला है या पुरूष। पुलिस ने शव बीके अस्पताल भेजने के बाद जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक दोपहर करीब दो बजे पुलिस कंट्रोल में किसी ने फोन कर सूचना दी कि एमवीएन नाके से पाली की जाने वाले रास्ते पर एक सूटकेस लावारिस हालत में पड़ा हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस और अपराध शाखा की टीम ने मौके पर पहुंच कर सूटकेस को कब्जे में लेने के बाद खुलवाया। सूटकेस के खुलते हुए उसमें सड़ी गली हालत में एक व्यक्ति धड़ पड़ा हुआ था। शव का यह हिस्सा देखने में कई दिनों पुराना लग रहा था। पुलिस का अनुमान है कि मृतक व्यक्ति किसी अन्य जगह पर हत्या करने के बाद उसकी पहचान छिपाने के लिए यहां पर फेंका गया है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल में रखवा दिया है। मृतक की पहचान के लिए आसपास के जिलों की पुलिस से सम्पर्क किया जा रहा है। साथ ही पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

# समाचार पत्र विक्रेताओं ने किया प्रसाद वितरण


बल्लभगढ़ सेक्टर तीन स्थित खाटू श्याम मंदिर में अमावस्या के अवसर पर लंगर प्रसाद वितरित करते समाचार पत्र विक्रेता।

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**अमावस्या** पर सेक्टर-3 खाटू श्याम मंदिर में शाम के समय मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें सेक्टर 3 के गणमान्य लोग व आस-पास के अनेक श्याम भक्तों ने बाबा का गुणगान किया।

हारे के सहारे आजा मेरे शाम पुकारे आजा भजन पर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध गए। इस धार्मिक कार्यक्रम में समाचार पत्र विक्रेताओं इन्द्रराज, मोहित बोहरा, गौरव, मोहित रावत, रामपाल शर्मा, गोपाल अरोड़ा द्वारा मन्दिर ट्रस्ट के शिव प्रसाद शर्मा के सहयोग से सभी भक्तों के लिए सुंदर प्रशाद की व्यवस्था की।

समाचार विक्रेता इन्द्रराज ने बताया आगे भी कर्मयोगी भाई मिलकर समाजिक व धार्मिक आयोजनों में सेवा देते रहेंगे।

# ऑनलाइन होगा यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**यूरोपीय** संघ फिल्म महोत्सव (ईयूएफएफ) नई दिल्ली में शानदार प्रतिक्रिया प्राप्त करने के बाद पूरे भारत में एक बड़े स्थर पर ऑनलाइन होने के लिए अब तैयार है। इसमें 25 भाषाओं की 35 फिल्में जो कि पुरस्कार विजेता रही हैं आप कहीं भी देख सकते हैं, 15 नंवबर से 15 दिसंबर तक।

ईयूएफएफ के 27वें संस्करण का वर्चुअल अवतार दर्शकों के लिए 30 दिनों के चुनिंदा, उच्च गुणवत्ता वाले सिनेमा का एक बुटीक लेकर आएगा, जो उन्हें प्रसन्न करने के लिए तैयार किया गया है। यह तीन वर्गों में पुरस्कार विजेता फिल्में लाता है। वर्चुअल फिल्म फेस्टिवल सभी सिनेमा प्रेमियों और आम तौर पर नई संस्कृतियों और कहानियों की खोज करने में रुचि रखने वाले लोगों के लिए उन फिल्मों तक पहुंच पाने का एक शानदार अवसर है। जो आसानी से उपलब्ध नहीं हैं और कभी भी नाटकीय रिलीज नहीं हो सकती हैं। यूरोपियन यूनियन फिल्म फेस्टिवल सिनेमा को पूरी तरह से नए लेंस के माध्यम से डिजाइन करता है-क्यूरेटर के लेंस जो कहानियों की दुनिया की खोज करते हैं। जो हमें आश्चर्यचकित करने की क्षमता रखते हैं और सिनेमा पर बिल्कुल नया दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल, यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के दूतावासों और क्षेत्रीय भागीदारों द्वारा आयोजित सभी के लिए निशुल्क उत्सव में भारत और 27 यूरोपीय संघ के सदस्य देशों- ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, क्रोएशिया, चेकिया, डेनमार्क की फिल्में शामिल होंगी। एस्टोनिया, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आयरलैंड, इटली, लातविया, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, माल्टा, नीदरलैंड, पोलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन और स्वीडन। व्यक्तिगत कहानियों को उजागर करते हुए अभी तक सार्वभौमिक अनुभवों को दर्शाते हुए, ये फिल्में विंडो टू यूरोप की पेशकश करती हैं और सीमाओं को पार करने और साझा अनुभव बनाने के लिए सिनेमा की शक्ति का प्रदर्शन करती हैं। इसको लेकर एच.ई. भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत यूगो एस्टुटो ने कहा, मुझे भारत में बड़े दर्शकों के लिए यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव के आभासी संस्करण को लाने में बहुत खुशी हो रही है। यह फेस्टिवल दर्शकों को कॉमेडी, एक्शन, ड्रामा और एनिमेशन जैसी विभिन्न शैलियों के माध्यम से पूरे यूरोप और भारत की यात्रा पर ले जाएगा।

# तिगांव विस क्षेत्र प्रभारी की हुई संगठनात्मक नियुक्ति

**फरीदाबाद।** अटल कमल भाजपा जिला कार्यालय फरीदाबाद पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रकाश भाटी को तिगांव विधानसभा क्षेत्र प्रभारी नियुक्त किया। गोपाल शर्मा ने उनकी नियुक्ति पर कहा कि प्रकाश भाटी काफी वर्षो से संगठन में सक्रिय हैं।

विभिन्न पदों पर पार्टी के कार्य का पदभार निभा चुके हैं और इनकी इस नियुक्ति से तिगांव विधानसभा क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। गोपाल शर्मा ने कहा कि तिगांव विधानसभा फरीदाबाद जिले की सबसे बड़ी विधानसभा है। विधानसभा प्रभारी तिगांव विधानसभा के सभी 4 मंडलों के संगठनात्मक कार्यो को सुचारू रूप से चलाने और संगठन विस्तार के कार्यो को गति देने का कार्य जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और मंडल कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ मिलकर करेंगे।

# 16 करोड़ रुपये से सुधरेगी खेड़ी पुल-वजीरपुर रोड की दशा

## पीडब्ल्यूडी ने एस्टीमेट बनाकर हरियाणा सरकार को भेजा

## सरकार की मंजूरी मिलने के बाद होगा अगला काम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**खेड़ी** पुल से पुराने वजीरपुर रोड की हालत बद से बदतर है। इस रोड की दशा सुधारने के लिए लोक निर्माण विभाग ने 16 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बना कर सरकार को भेजा है। बजट को स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। फिलहाल इस रोड के व्यापारियों और कॉलोनी के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, क्योंकि इस रोड पर गंदा पानी भरा हुआ है।

इस रोड पर नई पुलिस लाइन भी है और पुलिस लाइन के सामने जीवन नगर बसा हुआ है। जीवन नगर में पानी निकासी का इंतजाम नहीं है। हालांकि कई साल पहले रोड के दोनों ओर नालियां भी बनाई गई थी, लेकिन पानी निकासी का इंतजाम न होने के कारण पानी जमा होता रहता है और बारिश के समय में तो स्थिति और भी बदतर हो जाती है। फिलहाल भी बाढ़ जैसी स्थिति है। जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। पानी की वजह से बाइक व ऑटो खराब हो रहे हैं। करीब डेढ़ साल पहले जीवन नगर में पानी निकासी के लिए पाइप डाले गए थे। लेकिन पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई। इससे जीवन नगर की गलियों में जमा पानी रोड पर भी आकर खड़ा होता है। जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों को दुर्गंध में रहना दुश्वार हो गया है। मच्छरों का प्रकोप है। दुकानदार अपनी दुकानों को बदबू के कारण बंद कर देते हैं। कई बार समाजसेवी बालकिशन वशिष्ठ ने इस मुद्दे को उठाया और बुधवार को भी एक कार्यक्रम में उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल को इस समस्या के बारे में अवगत कराया। हालांकि पीडब्ल्यूडी पहले ही इसका बजट बनाकर भेज चुका है। खेड़ी पुल से करीब साढ़े सात किलोमीटर लंबी सीमेंटेड रोड बनाई जाएगी।

# क्रोफार्म संचालित एग्री-टेक स्टार्टअप ओटिपी में नियुक्तियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## सीईओ कुणाल पाटिल ने कहा,'हम क्रोफार्म संचालित ओटिपी में कार्य बल की नियुक्ति में सहयोग के लिए हुई इस साझेदारी से बहुत खुश हैं

**देश** के सबसे बड़े ब्लू और ग्रे कॉलर जॉब पोर्टल वर्क इंडिया ने क्रोफार्म संचालित अग्रणी एग्री-टेक स्टार्टअप ओटिपी के साथ साझेदारी की है। इसके तहत फील्ड सेल्स और कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट्स विभागों में नियुक्ति में वर्क इंडिया सहयोग कर रही है। आठ महीने में 180 से ज्यादा लोगों की नियुक्ति वर्क इंडिया के माध्यम से हुई है और आगे भी जरूरत के हिसाब से नियुक्तियां की जा रही हैं।

इस साझेदारी के तहत वर्कइंडिया ने क्रोफार्म संचालित ओटिपी को दक्ष, प्रभावी एवं जरूरत के अनुरूप कुशल कार्यबल प्रदान किया है। कृषि क्षेत्र में तेजी से बढ़ती टेक्नोलॉजी ने जहां एक ओर कार्यबल की मांग को कम किया है, तो दूसरी ओर युवाओं के लिए अलग तरह के रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। वर्क इंडिया नौकरी छोड़ने की दर को नियंत्रित करते हुए जरूरत एवं उपलब्ध संसाधनों के बीच अंतर को पाटने का काम कर रही है। इस संबंध में वर्कइंडिया के संस्थापक एवं सीईओ कुणाल पाटिल ने कहा, 'हम क्रोफार्म संचालित ओटिपी में कार्यबल की नियुक्ति में सहयोग के लिए हुई इस साझेदारी से बहुत खुश हैं। वर्कइंडिया में हमारा प्रयास लगातार देशभर में ब्लू एवं ग्रे कॉलर कार्यबल को बेहतर अवसर देना रहा है। हमें खुशी है कि यह पहल केवल इन कामगारों को ही नहीं मदद कर रही है, बल्कि किसानों एवं उनके कारोबार को भी इससे मदद मिली रही है।' इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए ओटिपी के संस्थापक एवं सीईओ वरुण खुराना ने कहा, 'अपने उपभोक्ताओं को ताजा कृषि उत्पाद देने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें ऐसा कार्यबल चाहिए। जो दक्ष, भरोसेमंद और प्रभावशाली हो। वर्कइंडिया इस जरूरत को पूरा करने में सक्षम है और हम आगे भी इस गठजोड़ को बनाए रखना चाहेंगे।'

टेली-कॉलिंग, फील्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव, डिलीवरी पार्टनर्स आदि समेत 50 श्रेणियों में रोजगार के अवसर मुहैया कराने के मामले में अपने व्यापक अनुभव के साथ वर्कइंडिया ओटिपी जैसे स्टार्टअप्स को सही कार्यबल के चुनाव में मदद करती है। यह प्लेटफॉर्म पूरी तरह से ऑटोमेटेड सिस्टम पर काम करता है, जिसमें एल्गोरिदम एवं जियो-टैगिंग के आधार पर योग्य व्यक्ति को चुना जाता है। यह जगह के आधार पर डाटा को मैच करता है, योग्यता का आकलन करता है और उनके व्यवहार को भी समझने का प्रयास करता है। इससे फर्जी जॉब पोस्टिंग पर लगाम लगाने में मदद मिलती है और नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के हितों की रक्षा सुनिश्चित होती है।

# संक्षिप्त समाचार

## पुण्यतिथि पर 52 लोगों ने किया रक्तदान




**फरीदाबाद।** स्वर्गीय रुचि जुनेजा मक्कड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 52 रक्त वीरों ने रक्तदान कर अपनी आहुति दी। इस अवसर पर नरेश जुनेजा पिता ने अपनी बच्ची की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और समाज के लोगों को बढ़-चढ़कर पुण्य कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने भंडारे का तथा रक्त दान शिविर का आयोजन किया हुआ था। इस अवसर पर डॉ प्रशांत गुप्ता ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो 18 साल की उम्र से ज्यादा हो, 45 किलो से वजन ज्यादा हो और कोई दवाई गोली नहीं ले रहा हो। वह हर 3 महीने बाद रक्तदान कर सकता है। उन्होंने जुनेजा की इस पहल का स्वागत किया। इस अवसर पर परिवार के लोग विद्या जुनेजा, राजरानी सेतिया, पुनीत ग्रोवर, ज्योति ग्रोवर और अपना ब्लड बैंक की तरफ से रेनू, संतराम, हजारीलाल पाठक, प्रवीण व देवराज मौजूद रहे। इस अवसर कालरा कॉलोनी के रक्त दाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## रविंद्र फागना ने छह विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी ग्राउंड गुरुग्राम के मैदान में प्रैक्टिस मैच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकैडमी गुरुग्राम को 6 विकेट से हराया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था। गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी टीम बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 296 रन बनाए और टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सचिन गूर्ज्जर ने शानदार नाबाद पारी खेली। उन्होंने 138 रन, 90 गेंद में 11 चोंके और 8 छक्कों की मदद से बनाए। विवान राठी ने 36 रन, रोहित शयोकंड ने 35 रन, तनु सोनी ने 34 रन बनाए। वहीं रविंद्र क्रिकेट अकैडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए करन डेढ़ ने 21 रन 2 विकेट लीं। निशांत यादव ओर रोहित कराहना ने 2-2 विकेट ली व नमन शर्मा ओर आदित्य तोमर ने 1-1 विकेट लीं। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंदर फागना क्रिकेट अकैडमी ने 36 ओवर में 297 रन 4 विकेट खो कर मैच जीत। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए हितेश सोरौत की शानदार शतकीय पारी ख़ाली 125 रन 101 गेंदों पर 14 चोंके 5 छक्कों की मदद से बनाए। करन डेढ़ ने 70 रन 51 गेंदों पर 2 चोंके 5 छक्कों , प्रिन्स लोहिया ने 39 रन बनाए। गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए आदित्य व के डी ओर सचिन गुज्जर ने 1-1 विकेट ली। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकैडमी गुरुग्राम को 6 विकेट से हराया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हितेश सोरौत को दिया गया।


## लापता बच्चों को किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी संजय कॉलोनी प्रभारी कृष्ण गोपाल की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो गुमशुदा नाबालिक बच्चों के परिजनों को तलाश कर उनके हवाले कर दिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा बच्चे संजय कॉलोनी के एरिया से लावारिस अवस्थाम घूमते हुए शाम करीब 5 बजे बरामद हुए। बच्चों से पूछताछ की गई तो दोनों बच्चे एक ही परिवार के थे। जिसमें एक 9 वर्ष तथा एक 6 वर्ष का था। बच्चे घर से भटक गए थे। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बच्चों की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में दी। पुलिस के द्वारा बनाए गए सोशल मीडिया ग्रुप और समाज के आम लोगों के साथ पुलिस के बनाए गए आरडब्लू ग्रुप पहचान के लिए बच्चों का फोटो डाली गई। बच्चों के साथ पीसीआर की मदद् से पुलिस चौकी एरिया में अलाउंसमेंट की गई, लेकिन बच्चों के परिजनों का कोई पता नहीं लगा। अंत मे पुलिस व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बच्चों का पर्वतीय कॉलोनी का पता चला। बच्चों के परिजनों से सम्पर्क किया गया। बच्चों की माता से बात हुई उसने बताया कि उसका पति गुरुग्राम में रहता है वह कम्पनी में काम करती है।

## चौथे दिन चारु मल्होत्रा ने दिया मुख्य वक्तव्य

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय में चल रही राष्ट्रीय स्तरीय सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम-समग्र कल्याण प्रबंधन के चौथे दिन आन्ट्रप्रनरीअल एंड वोकेशनल वैलनेस पर एक ज्ञानवर्धक वक्तव्य आयोजित किया गया। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश में समग्र विकास और कल्याण प्रबंधन पर राष्ट्रीय स्तरीय सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के द्वारा समग्र कल्याण प्रबंधन विषय पर इस सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ 21 नवंबर को किया गया। सत्र की मुख्य वक्ता चारु मल्होत्रा (कॉरपोरेट स्पीकर, एलुमना (आईआईटी दिल्ली) ने एंट्रप्रनरीअल एंड वोकेशनल वैलनेस के विषय में प्रतिभागियों को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि उद्यमिता एवम् व्यावसायिकता में कल्याण का उद्देश्य कार्यस्थल पर कर्मचारी व उद्यमी को शारीरिक और मानसिक स्वास्थय, सुरक्षा, संतुष्टि और सामाजिक खुशहाली और जीवंत वातावरण महसूस कराना है। उद्यमिता तथा व्यावसायिक कल्याण मानव कार्य, कार्यस्थल एवं कार्य वातावरण से संबंधित है। अपने कार्य, कैरियर, जॉब और कार्य वातावरण से खुश होना बहुत आवश्यक है। अंत में प्रतिभागियों ने व्याख्यान के विषय से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, सभी जिज्ञासाओं का मुख्य वक्ता चारु मल्होत्रा ने समाधान किया। व्याख्यान धन्यवाद ज्ञापन से समाप्त हुआ। कार्यक्रम में कुल लगभग 150 प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम संयोजक डॉ मनोज शुक्ला, समन्वयक डॉ शिल्पा गोयल, डॉ इनायत चौधरी की देखरेख में आयोजित किया गया और तकनीकी समन्वयक डा विनीत नागपाल का भी विशेष सहयोग रहा।

## जेसी बोस और पंजाब विश्वविद्यालय के बीच समझौता



**फरीदाबाद।** इंजीनियरिंग, विज्ञान तथा अन्य संबद्ध उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास, नवाचार तथा प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। इस अवसर पर जेसी बोस विश्वविद्यालय से डीन इंस्टीट्यूशन्स प्रो. संदीप ग्रोवर, निदेशक (आर एंड डी) प्रो. नरेश चैहान, कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डॉ. केएस आर्य सहित विभिन्न शिक्षण विभागों के अध्यक्ष भी उपस्थित थे। कुलपति प्रो. तोमर ने अकादमिक समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस समझौता से विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और छात्रों को पंजाब विश्वविद्यालय की सहभागिता में शोध परियोजनाओं पर काम करने के लिए अवसर मिलेगा। जिससे दोनों विश्वविद्यालयों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की अकादमिक सहभागिता के माध्यम से विश्वविद्यालय का उद्देश्य अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है ताकि शोधकर्ताओं के लिए उभरते क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने के ज्यादा से ज्यादा अवसर सृजित हो। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. राज कुमार ने उद्योग एवं अकादमिक संपर्क को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## गुजरात चुनाव
### भाजपा की रणनीति

**गुजरात** विधानसभा चुनाव में भाजपा एक रणनीति के अंतर्गत 'आप' व उसके नेता केजरीवाल को इस तरह अनदेखा कर रही है, जैसे उनका कोई अस्तित्व ही न हो। वह केवल कांग्रेस पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। ऐसे में गुजरात विधानसभा चुनाव काफी कौतूहल का विषय बनता जा रहा है। भाजपा को 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में भी गुजरात में विजय मिली थी, हालांकि उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं था। उस समय केवल कांग्रेस ही भाजपा को चुनौती दे रही थी और दोनों में सीधी टक्कर थी। इस बार आम आदमी पार्टी-आप के प्रवेश से चुनावी परिदृश्य बदल गया है। मजेदार बात है कि भाजपा इस तीसरी चुनावी शक्ति की उपस्थिति को जानबूझ कर या अनजाने ही अनदेखा कर रही है, जबकि कुछ विश्लेषकों का मानना है कि आप का शहरों में असर बढ़ा है। भले ही आप उतनी सीटें न जीत सके जिसका दावा उसके नेता कर रहे हैं, पर वह खासकर उन क्षेत्रों में असर डाल सकती है जहां जीत-हार थोड़े वोटों से तय होती हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी यह कह कर कांग्रेस पर निशाना लगाया है कि उसे कमजोर विरोधी नहीं समझा जाना चाहिए। इस प्रकार उन्होंने संकेत दिया है कि राज्य में चुनावी लड़ाई मुख्यत: कांग्रेस व भाजपा के बीच है। शायद आम आदमी पार्टी-आप पर हमला उनकी चुनावी रणनीति में शामिल नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन कार्यकाल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और वे राज्य तथा उसकी जनता को दूसरे किसी नेता की तुलना में बहुत अच्छी तरह जानते हैं। वे लगातार विकास संबंधी मुद्दों पर जोर दे रहे हैं और जानबूझ कर आम आदमी पार्टी के उभार को कम करके आंक रहे हैं। शायद प्रधानमंत्री समझते हैं कि राज्य में भाजपा के बहुत लंबे समय तक शासन में रहने के कारण इस बार गुजरात चुनाव पहले की तरह सहज न हों। ऐसा लगता है कि राज्य के मौजूदा प्रशासन



के पास विकास के मुद्दों पर ज्यादा कुछ दिखाने के लिए नहीं है और मोरबी दुर्घटना भी हो चुकी है। प्रधानमंत्री ऐसे में बहुत होशियारी से जनता का ध्यान कांग्रेस के कुशासन की ओर दिला कर स्वयं को पीड़ित की तरह पेश करना चाहते हैं। उनके पास वे हथियार हैं जिनको स्वयं कांग्रेस ने उनको सौंपा है। उन्होंने एक रैली में कांग्रेस नेता मधूसूदन मिस्त्री के हालिया बयान के खिलाफ हमला बोला जिसमें उन्होंने मोदी पर व्यक्तिगत रूप से हमला बोलते हुए उनकी 'औकात' बताने की धमकी दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता को याद दिलाया कि कांग्रेसियों ने पहले भी उन पर कैसे-कैसे हमले बोले हैं। सोनिया गांधी ने उनको 'मौत का सौदागर' तथा मणिशंकर अय्यर ने 'नीच आदमी' और 'चाय वाला' कहा था। लेकिन ये सारी बातें पुरानी हो गई हैं और भारतीय जनता पार्टी इनका सफलतापूर्वक चुनावी प्रयोग भी कर चुकी है। ऐसे में देखना होगा कि इस बार ये पहले की तरह कारगर सिद्ध होती हैं या नहीं।

लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि भाजपा आप को अनदेखा कर रही है, जबकि कुछ राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार उसका असर शहरों पर पड़ रहा है जिनको भाजपा का मजबूत किला माना जाता है। हो सकता है कि यह भाजपा की सुनियोजित रणनीति हो। भाजपा मुख्यत: दक्षिण गुजरात पर ध्यान केन्द्रित कर रही है जहां विधानसभा की 35 सीटें हैं। 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की विजय में दक्षिण गुजरात की महत्वपूर्ण भूमिका थी, हालांकि यहां भी आप अपनी पकड़ मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यह भी मजेदार बात है कि कांग्रेस प्रदेश में चुनाव प्रचार के मामले में आश्चर्यजनक रूप से खामोश रही है तथा उसने बहुत बाद में चुनाव प्रचार शुरू किया है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा उसे मुख्य प्रतिद्वंद्वी के रूप में पेश कर रही है। ऐसे में देखना होगा कि भविष्य में आम आदमी पार्टी-आप को अनदेखा करने तथा कांग्रेस को मुख्य प्रतिद्वंद्वी बताने की भाजपा की रणनीति कहां तक सफल होगी।

# छोटे व मझोले उद्योगों की संभावनायें

छोटे व मझोले उद्योगों-एमएसएमई क्षेत्र को ज्यादा नियमों व विनियमनों की आवश्यकता नहीं है। इनको भारत का सहयोग व समर्थन चाहिए।



**दिनेश कुमार त्यागी**
(लेखक, पूर्व आईएएस हैं।)



अंतरराष्ट्रीय संस्थानों द्वारा किए अनेक अध्ययनों से किसी देश व खासकर विकासशील देशों के आर्थिक व सामाजिक विकास में एमएसएमई क्षेत्र का महत्व पूर्णत: स्पष्ट होता है। भारत में एसएमई की भूमिका इस तथ्य से पुष्ट होती है कि इसका जीडीपी में योगदान लगभग 30 प्रतिशत तथा कुल निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान है। एमएसएमई क्षेत्र भारत में रोजगार प्रदान करने का मुख्य स्रोत है। इसमें लगभग 12 करोड़ लोग काम करते हैं और इस प्रकार यह समतापूर्ण व समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। सरकार द्वारा देश में स्टार्टअप संस्कृति के विकास के प्रोत्साहन में भी एमएसएमई की वृद्धि व विकास महत्वपूर्ण है। इससे नौजवानों व उभरते उद्यमियों में खोज व रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है।

एमएसएमई द्वारा सामाजिक-आर्थिक विकास में निभाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद यह क्षेत्र अपनी पूरी क्षमता तथा उभरते भारतीय उद्यमियों का उपयोग नहीं कर पा रहा है। इस क्षेत्र के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर अकादमीशियनों व सरकार ने कई बार विचार किया है। इनमें उपयुक्त कर्ज उपलब्धता की कमी, नियामक मुद्दे, कौशल विकास, तकनीक उच्चीकरण तथा उत्पादों की मार्केटिंग शामिल हैं। इसके साथ ही कच्चे माल की खरीद की समस्या भी है। बड़ी फर्मों द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए समय पर भुगतान व बकाये की समस्या भी इस क्षेत्र के लिए बड़ी चुनौती है। एक और गंभीर चुनौती एमएसएमई के बारे में विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध न होना है। हालांकि, देश में 70 मिलियन से अधिक एमएसएमई की उपस्थिति की बात कही जाती है, पर सरकारी पोर्टल पर इनमें से केवल 11 मिलियन का ही पंजीकरण है।

सरकार ने पंजीकरण को स्वैच्छिक रखा है। प्रक्रिया के सरलीकरण व आनलाइन व्यवस्था के बावजूद एमएसएमई का पंजीकरण 15 प्रतिशत से कम है। वर्तमान दृष्टिकोण की समीक्षा कर हर एमएसएमई का पंजीकरण अनिवार्य किया जा सकता है। इसके आधार पर कोई सहायता या नीतिगत पहल की जा सकती है और क्षेत्र की चुनौतियों से ज्यादा प्रभावी रूप से निपटा जा सकता है। सौभाग्य से श्रम मंत्रालय के माध्यम से श्रम पंजीकरण व कृषि मंत्रालय के माध्यम से किसानों का पंजीकरण काफी सफल रहा है। पीएम किसान सममान निधि योजना की घोषणा के बाद 90 मिलियन से अधिक किसानों ने पंजीकरण कराया है। ये सभी ई-केवाईसी द्वारा अधिकृत हैं तथा भूमि के विवरण भूमि पंजीकरण डेटाबेस से पुष्ट हैं। सरकार द्वारा किसानों की कुछ सरोकारों को संबोधित करने में किसानों का डेटा बहुत लाभदायक सिद्ध हुआ है। यहां तक कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना में 50 मिलियन से अधिक किसानों का डेटाबेस है। इसी प्रकार सबको लाभान्वित करने वाली उपयुक्त योजना के लिए एमएसएमई क्षेत्र का विश्वसनीय डेटाबेस जरूरी है जिसके आधार पर सरकार उनकी सहायता व समर्थन कर सकती है। दूसरा उदाहरण श्रम पंजीकरण का है। श्रम मंत्रालय ने पांच लाख कामन सर्विस सेंटरों-सीएससी के नेटवर्क का लाभ उठाया है जिसने श्रमिकों के पंजीकरण की पैरवी तथा उनकी लामबंदी की है। इसके परिणामस्वरूप 283 मिलियन श्रमिकों में से अब तक 170 मिलियन से अधिक का पंजीकरण हो चुका है। यह पंजीकरण एक मिशन की तरह कराया गया और सरकार की हर एजेंसी ने इसके लिए इच्छित समर्थन दिया।

मंत्रालय ने हर सीएससी को प्रत्येक पंजीकरण के लिए 20 रुपये का प्रोत्साहन दिया जिसने पंजीकरण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इसी प्रकार एमएसएमई मंत्रालय को युद्धस्तर पर मिशन मोड में पंजीकरण का अभियान चलाना चाहिए। इसके लिए उयुक्त प्रोत्साहन के साथ सीएससी व डाक विभाग का प्रयोग किया जा सकता है। आमतौर से एमएसएमई में सरकारी विनियमन के प्रति संदेह का भाव है। पंजीकरण के लाभ बताने के लिए एमएसएमई इकाइयों को स्थानीय स्तर पर समर्थन दिया जाना चाहिए। एमएसएमई के मामले में कुछ और प्रोत्साहनों की आवश्यकता हो सकती है ताकि वे सरकारी विनियमन दृष्टिकोण के प्रति व्याप्त भय दूर कर सकें। पीएम फसल बीमा योजना की तरह एक समग्र बीमा योजना एक पहल हो सकती है। इसके साथ ही, प्रत्येक एमएसएमई को किसान क्रेडिट कार्ड की तरह एमएसएमई कार्ड दिया जा सकता है। इसे तीन साल की कैश क्रेडिट लिमिट से जोड़ा जा सकता है जिससे तरलता के मुद्दों को संबोधित करने में भी सहायता मिलेगी। प्रत्येक एमएसएमई के लिए एक फ्री डोमेन नाम की पहचान तथा एक वेबसाइट ऐसी अन्य पहलें हो सकती हैं। एमएसएमई के लिए डिजाइन की गई पेंशन योजना की समीक्षा कर पेंशन को वर्तमान 3,000 रुपये से बढ़ा कर 10,000 रुपये करने की जरूरत है क्योंकि वर्तमान योजना में व्यापारियों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। ऐसे समग्र पैकेज व मिशन मोड दृष्टिकोण से देश में सभी एमएसएमई का उद्यम पोर्टल पर पंजीकरण कर विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों व राज्य सरकारों द्वारा डिजाइन व क्रियान्वित योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकता है। इससे एक निश्चित समय में काफी पारदर्शिता आएगी। खाते के लिए एपीआई, पैन व ई-केवाईसी से देश में एमएसएमई के लिए विश्वसनीय डेटाबेस का विकास हो सकता है। यह टिकाऊ वृद्धि तथा राष्ट्रनिर्माण में सभी क्षेत्रों की पूरी क्षमता के प्रयोग का माध्यम बन सकता है। एमएसएमई की समस्यायें किसानों के समक्ष आने वाली समस्याओं जैसी हैं।

देश की जीडीपी में एमएसएमई का योगदान महत्वपूर्ण है। एमएसएमई देश की जनसंख्या के बड़े हिस्से को रोजगार दे कर बेरोजगारी के मुद्दे को संबोधित करते हैं। राष्ट्रनिर्माण में एमएसएमई का महत्व कृषि की तुलना में किसी प्रकार कम नहीं है। ऐसे में सवाल है कि किसानों की तरह सरकार एमएसएमई को समग्र रूप से मदद क्यों नहीं देती है? इसका एक कारण यह है कि एमएसएमई की सामूहिक सौदेबाजी की क्षमता गतिविधियों की विविधता एवं उनके विस्तार के कारण किसानों जैसी नहीं है। व्यापारियों के संगठन सीएआईटी को इस क्षेत्र को सरकारी सहायता लेने में सक्षम बनाने में ज्यादा प्रभावी भूमिका निभानी चाहिए।

देश में एमएसएमई की भूमिका को समझने तथा नीतिगत हस्तक्षेप की समीक्षा की जरूरत है। बड़ी कंपनियों या सरकारी एजेंसियों द्वारा एमएसएमई के बकाये का भुगतान न करना या समय पर भुगतान न करना एक बड़ी समस्या है। भारतीय संदर्भ में 'स्माल स्केल एंड एंसीलियरी इंडस्ट्रियल अंडरटेकिंग्स एक्ट, 1998 के अंतर्गत लंबित भुगतान पर ब्याज' के प्राविधानों ने ज्यादा सहायता नहीं की है। ऐसे ही प्राविधान मेस्मेड एक्ट, 2006 में भी थे। यहां तक कि कंपनियों के वार्षिक एकाउंट में एमएसएमई के बकाए के उल्लेख के प्राविधान ने भी एमएसएमई की तरलता समस्यों के समाधान में ज्यादा सहायता नहीं की है। ऐसे में इस कानून पर ध्यान देने तथा क्षेत्र को ऐसे विनियमनों से मुक्त करने की आवश्यकता है जो उसकी वृद्धि में बाधा बने हैं। इससे उन मध्यस्थों की भूमिका भी नहीं विकसित हो पा रही है जो बड़ी सीमा तक एमएसएमई क्षेत्र की तरलता के मुद्दों को संबोधित कर सकते हैं। कर्ज निर्धारण में स्टांप ड्यूटी प्राविधान पर पुनर्विचार की जरूरत है। चीजों को लचीला बनाने तथा एक प्रभावी उपकरण के रूप में विकसित करने से एमएसएमई की तरलता संबंधी समस्याओं का काफी सीमा तक समाधान हो सकता है। यहां तक कि एमएसएमई क्षेत्र को प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत कर्ज देने तथा उसकी सीमा निर्धारित करने का इस क्षेत्र की कर्ज समस्याओं के समाधान में बहुत सीमित प्रभाव पड़ता है।

एमएसएमई क्षेत्र को ज्यादा कानूनों व विनियमनों के बजाय भारत की सहायता व समर्थन की जरूरत है। टिकाऊ उद्यम बनाने की भारतीयों की अंतर्निहित क्षमता को व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है। नियमनों को इस क्षेत्र में खोज, लचीलेपन व श्रमता में बाधा नहीं बनने चाहिए। इस क्षेत्र में व्यापक संसाधन व संभावनायें हैं जिनमें छोटे व मझोले कस्बों तथा ग्रामीण भारत में काम करने वाले नौजवान शामिल हैं। भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया जैसी महत्वपूर्ण पहल के साथ ही अब एमएसएमई क्षेत्र के प्रति केन्द्रीय व राज्यों के स्तर पर दृष्टिकोण को पुन: परिभाषित करने की जरूरत है।

# खेरसन के साथ रूसी अभियान की उल्टी गिनती शुरू

**दीपक सिन्हा**
(लेखक पूर्व सैन्य अधिकारी हैं)

इस वर्ष 30 सितंबर को, अंतरराष्ट्रीय कानून की अवहेलना में, राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन के चार कब्जे वाले क्षेत्रों को रूस में समाहित करने वाली संधियों पर बहादुरी से हस्ताक्षर किए, लुहांस्क, डोनेट्स्क, खेरसॉन और ज़ापोरीज़िया। समारोह में अपने भाषण में, लाइव प्रसारण में, उन्होंने कहा कि उन क्षेत्रों के लोग हमेशा के लिए हमारे नागरिक थे।

हालांकि, यह पूरी तरह से इस तरह से नहीं निकला है। केवल चार सप्ताह बाद हमने एक विचित्र घटना देखी, जैसा कि यूक्रेन में रूसी सेना के कमांडर जनरल सर्गेई सुरोविकिन ने खेरसॉन में सेना के जनरल और रक्षा मंत्री, सर्गेई शोइगु को लाइव टीवी पर जमीनी स्थिति की सूचना दी। इसमें उन्होंने कहा, खेरसॉन शहर को आपूर्ति करना असंभव था, और इसकी रक्षा व्यर्थ होगी। उन्होंने निप्रो नदी के विपरीत किनारे पर निकट भविष्य में एक सैन्य वापसी का प्रस्ताव रखा। शोइगु उनके आकलन से सहमत थे और उन्हें सैनिकों की वापसी के साथ शुरू करने और निप्रो नदी के पार कर्मियों, हथियारों और उपकरणों के सुरक्षित हस्तांतरण को सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय करने का आदेश दिया।

बिना किसी संदेह के, इस टीवी कार्यक्रम का मंचन घरेलू दर्शकों के लिए किया गया था, विशेष रूप से जीवन बचाने पर बार-बार जोर देने पर। भरती और बड़ी संख्या में हताहतों की संख्या, एक रिपोर्ट सुझाव है कि एक लाख से अधिक मारे गए और घायल हुए, पुतिन की लोकप्रियता के लिए कुछ खास नहीं कर रहा है। हो सकता है कि यह पुतिन द्वारा खुद को दूर करने और सेना को दोष देने का एक प्रयास भी हो सकता है। यह रैंक और फ़ाइल को रैंक करेगा जो अपने शुरुआती गलत अनुमानों के लिए भारी भुगतान कर रहे हैं।



जो वास्तव में अकथनीय है, और सैन्य रूप से संदिग्ध है, अभिजात वर्ग के एयरबोर्न बलों के एक डिवीजन प्लस के लिए अपने को बिना किसी लड़ाई के पद छोड़ना है । उनके मनोबल पर इसका जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ा होगा, उसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। यह सच है कि निप्रो नदी के पश्चिमी तट पर स्थित खेरसॉन, क्रॉसिंग साइटों को व्यापक नुकसान के कारण रूसी आपूर्ति लाइनों से कट गया है, लेकिन उस समस्या के समाधान के तरीके हैं। इसके अलावा, कोई भी व्यक्ति या सरकार अपने नमक के लायक नहीं है, बिना किसी लड़ाई के अपना क्षेत्र छोड़ दें, खासकर अगर यह एक महत्वपूर्ण संचार केंद्र है। सिर्फ इसलिए कि हम ऐसा करते हैं, खासकर जहां चीनी का संबंध है, यह एक सार्वभौमिक मानदंड नहीं बना देता है! निर्मित क्षेत्रों में रक्षा, अगर ठीक से व्यवस्थित और नियोजित है, तो हमलावर के लिए सभी प्रकार की समस्याएं खड़ी हो सकती हैं, जिसमें भारी जनहानि से लेकर योजनाओं में देरी और व्यवधान शामिल हैं, यहां तक कि अपने स्वयं के बलों को पहल करने की अनुमति भी दे सकते हैं। आखिरकार, जर्मन सेना के खिलाफ 900 दिनों तक लेनिनग्राद की रूस की प्रसिद्ध रक्षा ने आखिरकार हिटलर की महत्वाकांक्षाओं के लिए भुगतान किया और नाज़ी जर्मनी की कमर तोड़ दी। हाल ही में, मारियुपोल पर कब्जा करने के लिए रूसियों को अंतत: तीन महीने लगे, उनकी समग्र योजनाओं पर बहुत प्रभाव पड़ा होगा और उनकी महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगा होगा। इसमें कुछ सुझाव हैं, जो हास्यास्पद रूप से जोड़ सकते हैं, कि युद्ध में उलझे बिना इन सैनिकों को बाहर निकालने से यूक्रेन को जीत का दावा करने की अनुमति नहीं मिली है। अन्य लोगों ने सुझाव दिया है कि डोनेट्स्क क्षेत्र में चल रहे आक्रामक अभियानों को सुदृढ़ करने के लिए उच्च प्रशिक्षित बलों को उपलब्ध कराने के लिए ऐसा किया गया था। उत्तरार्द्ध की संभावना कम लगती है क्योंकि यह रक्षात्मक परिधि को कमजोर करने की कीमत पर होगा, कथित तौर पर नीप्रो नदी के पूर्व में स्थापित किया गया था, जो क्रीमिया में जाने वाले प्रमुख दृष्टिकोणों में से एक की रखवाली करता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि क्रीमिया का नुकसान पुतिन शासन के लिए मौत की घंटी होगी। फिर कुछ का सुझाव है कि जबकि यह वास्तव में एक सामरिक हार रही है, रूस रणनीतिक रूप से जीत रहा है। रूसी गैस और तेल की आपूर्ति बंद होने और इसके खिलाफ प्रतिबंधों के कारण बढ़ती ऊर्जा की कीमतों और मुद्रास्फीति के खिलाफ पश्चिमी यूरोप के भीतर विरोध, नाटो और यूरोपीय संघ के भीतर बढ़ती फूट का परिणाम होगा। यह, बदले में, यूक्रेन पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा क्योंकि इसे प्रदान की जाने वाली सामग्री और वित्तीय सहायता की मात्रा में भारी कमी होगी।

वे दो मायने में गलत हैं। सबसे पहले, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद लगभग पचास वर्षों तक पश्चिमी यूरोप सोवियत बंदूकों के बैरल को घूर रहा था। भेद्यता और भय की भावनाएं निश्चित रूप से रातोंरात गायब नहीं हुई हैं और आखिरी चीज जो उन्हें चाहिए वह है रूस को एक बार फिर से अपने दरवाजे पर बैठना। ऐसी संभावना एकता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रेरणा होगी। दूसरे, पुतिन के रूसी साम्राज्य को पुनर्जीवित करने के महत्वाकांक्षी प्रयास, हालांकि अवास्तविक हो सकते हैं, ने पूर्वी यूरोप के अधिकांश हिस्सों को डरा दिया है जो खुद को अपने क्रॉसहेयर में देखता है और इसे पश्चिम के लिए एक चंचल और अविश्वसनीय पड़ोसी और व्यापारिक भागीदार बना दिया है। एक वह जो भविष्य में विशेष रूप से पुतिन के साथ व्यवहार करने से बचना चाहेगा। रूसी ऊर्जा आपूर्ति से हटना लगभग तय है।

अंत में, कोई मदद नहीं कर सकता है लेकिन यह सवाल पूछता है कि हम एक घटती शक्ति के साथ संबंध बनाए रखने के लिए इतने उत्सुक क्यों हैं जो केवल हमें वापस रोक सकती है। बेशक, संभावना यह है कि विदेश मंत्री की हाल की रूस यात्रा केवल हमारी ऊर्जा आपूर्ति पर चर्चा करने के बारे में नहीं थी बल्कि उन अमेरिकियों के इशारे पर थी जो रूस के साथ बातचीत के लिए पीछे के रास्ते खुले रखने के इच्छुक हैं। और तो और, चूंकि चीनियों के साथ उनका प्रभाव और संबंध काफी निम्न बिंदु पर हैं।

## आप की बात

### भाजपा की परीक्षा

**भारत** में कोई साल ऐसा नहीं गुजरा होगाए जब चुनाव के त्यौहार न मनाए जाते हों।फिर चाहे वो महामारी के दौरान ही क्यों न हो। राजनीतिए विकास और चुनाव सब एक दूसरे के पूरक हैं। हिमाचल चुनाव के बाद दिल्ली एमसीडी और फिर प्रधानमंत्री का गृह राज्य गुजरात भी इसी त्यौहार में हिस्सेदारी निभा रहा। मोरबी हादसे के बाद गुजरात में युवाओं की जटिल समस्या रोजगार आग में घी का काम कर रहा। जहां एक ओर भारत जोड़ों यात्रा को रोककर, कॉंग्रेस नेता राहुल गांधी गुजरात के दौरे पर हैंए वहीं आम आदमी पार्टी भी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। अब देखना होगा क्या गुजरात की जनता अपने बेटे और देश की कमान सम्भाल रहे प्रधानमंत्री मोदी को एक बार फिर पूर्ण बहुत की सरकार बनाने का आशीर्वाद देगी? हालांकि, कोरोना के बाद व्यापार से लेकर रोजगार, सभी बुरी तरह हताहत हुए थे, लेकिन भाजपा का दावा है कि उसने इस असाधारण व अभूतपूर्व समस्या से निपटने में सफलता पाई है। उत्तर प्रदेश ने भाजपा पर इसके बाद विश्वास प्रकट किया था। देखना होगा कि क्या गुजरात भी भाजपा पर वैसा ही विश्वास प्रकट करेगा, सर्वेक्षण तो यही कह रहे हैं।

**अमन जायसवाल,** दिल्ली

### चुनाव आयुक्त की नियुक्ति

**चुनाव आयुक्त** की नियुक्ति को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी करके अपना फैसला सुरक्षित रखा है! चुनाव आयोग देश के प्रजातांत्रिक मूल्यों की रक्षा का आधार स्तंभ है। और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति इसका महत्वपूर्ण पक्ष है। ऐसे में चुनाव आयुक्त की नियुक्तियां विश्वसनीय व पारदर्शी होना चाहिए ।इसके लिए सरकार और सुप्रीम कोर्ट को मिलकर गाइड लाइन तय करना चाहिए जिसमें अपने कार्यकाल में श्रेष्ठ व निष्पक्ष प्रदर्शन करने वाले अधिकारी का चयन होना चाहिए। यह वैसे इतना आसान भी नहीं है क्योंकि सीबीआई जैसी संस्था तक पर राजनीतिक लाभ उठाने का आरोप लगते रहे हैं और चुनाव आयोग पर तो हर.हारने ने वाला दल अपनी हार का ठीकरा फोड़ता है। सरकार को सुप्रीम कोर्ट के साथ मिलकर एक पैनल बनाना चाहिए जो ऐसे प्रभावशाली अधिकारियों की सूची बना कर देवें और उसमें से चयन किया जाए तो वह अधिक उर्जा पूर्ण ढंग से देशभर के चुनाव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को वहन करने में सक्षम होंगे। भारत की जनता को आज भी मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन की याद आती है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### पूर्व सैनिकों का योगदान

**हमारे** देश में हमेशा ही लगभग हर साल 50 से 60 हजार सैनिक रिटायर होते हैं इन सभी रिटायर कर्मचारी सैनिकों की प्राइवेट एवं निजी क्षेत्रों में तो नियुक्तियां संभव है परंतु शासकीय विभागों में उन्हें प्राथमिकता के आधार पर काम पर नहीं लिया जाता है एवं इनके पद सरेंडर होते रहते हैं इस बात की सूचनाएं भी नहीं दी जाती है कि किस विभाग में किस-किस ने पूर्व सैनिकों की नियुक्तियां हो सकती है तथा कितने पद खाली हैं। अगर पूर्व सैनिकों को शासकीय सेवाओं में फिर से लिया जाए तो यह उनकी कार्य क्षमता के लिए एक उचित बात होगी। पूर्व सैनिक नगर वार्ड और नगर निकायों में सैनिक संबंधी आवश्यकता की पूर्ति कर सकते हैं। पूर्व सैनिकों को विभिन्न सेवाओं में समुचित काम देने से ही स्पष्ट होगा कि अग्निवीरों के रूप में सेना में भर्ती होने वालों का भविष्य कैसा होगा। सरकार इन नौजवानों के समक्ष पूर्व सैनिकों के कामकाज को एक उदाहरण की तरह पेश कर और अधिक नौजवानों को सैनिक सेवाओं की ओर आकर्षित कर सकती है।

**मनमोहन राजावत राज,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**स्वामी** विवेकानंद भारतीय नौजवानों की प्रतिभा व क्षमताओं का स्वर्णिम प्रतिनिधित्व करते थे।

– **जगदीप धनखड़**
उप-राष्ट्रपति

**हमें** हमेशा इस बात पर जोर देना चाहिए कि दक्षिण चीन सागर में हम आपके साथ नियमों व मानकों की रक्षा में खड़े हैं।

– **कमला हैरिस**
अमेरिकी उप-राष्ट्रपति





**गुजरात** की जनता अरविंद केजरीवाल से बहुत उम्मीद करती है। इससे आम आदमी पार्टी की राज्य में विजय होगी।

– **गोपाल इटैलिया**
आप गुजरात नेता

# महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाया जाए: मुख्य सचिव

● महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा है कि देश की आबादी में 50 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं का है, इन्हें मुख्य धारा से जोड़ने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उनमें आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:। अर्थात जहां नारी की पूजा की जाती है, उसका सम्मान किया जाता है वहां देवताओं का वास होता है। भारतीय संस्कृति में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया गया है। मुख्य सचिव बृहस्पतिवार को लखनऊ में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिए प्रदेश सरकार बेहद संवेदनशील है। सरकारी नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी व स्वरोजगार योजनाओं में व्यापक स्तर पर महिलाओं को जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। इसके अलावा मिशन शक्ति अभियान, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जैसी विभिन्न योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि नई सोच के जरिए मौजूदा व्यवस्थाओं में विचार करने की जरूरत है। महिलाओं के समक्ष कई सारी चुनौतियां है। महिलाओं के प्रति रूढ़ीवादी मानसिकता और मौजूदा शक्ति संरचनाओं में बदलाव की आवश्यकता है। महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण में पुरुषों को समान भूमिका निभानी चाहिए। महिला एवं बाल विकास मंत्रालयके सचिवए मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और 18 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिवों ने सम्मेलन में भाग लिया। यूपी की अनामिका सिंह सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग ने कहा कि प्रदेश ने कार्यशाला की तैयारी के अंतर्गत नवंबर में ही संबधित विभागों एवं हितधारकों के साथ बैठकों का आयोजन किया जिसमें महिला सुरक्षा से संबन्धित मुद्दों, चुनौतियों एवं सुझावों को शामिल किया गया। कार्यशाला के दौरान महिला सुरक्षा को मजबूत करने, महिला केंद्रित विधान, महिलाओं के लिए उपकरण और योजनाएं और सामाजिक व्यवहार परिवर्तन पर ध्यान देने के साथ समुदाय और नागरिक जुड़ाव को मजबूत करने पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिसमें कार्य समूह के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने सर्वोत्तम प्रथाओंए चुनौतियोंए मुद्दों को साझा किया। और महिला सुरक्षा और अधिकारिता के क्षेत्र में आगे बढ़ना।

# पर्यटन योजनाओं की क्लोजर रिपोर्ट व विवरण तुरंत उपलब्ध कराने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन स्कीम, रामायण सर्किट योजना के अंतर्गत अयोध्या का पर्यटन विकास, बुद्धिष्ट सर्किट योजना के अंतर्गत श्रावस्ती एवं कपिलवस्तु के पर्यटन विकास से संबंधित क्लोजर रिपोर्ट, वीडियो, व्यय का वर्षवार विवरण, अन्य अभिलेख, फ ोटो आदि तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उपनिदेशक पर्यटन अयोध्या, देवीपाटन तथा बस्ती मण्डल को निर्देश दिये हैं कि केन्द्र पोषित योजनाओं के अंतर्गत आपके परिक्षेत्र में पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन स्कीम के रामायण सर्किट योजना के अंतर्गत अयोध्या का पर्यटन विकास, बुद्धिष्ट सर्किट के अंतर्गत श्रावस्ती एवं कपिलवस्तु तथा स्पिरीचुअल सर्किट-4 के अंतर्गत देवीपाटन मंदिर एवं वटवासिनी मंदिर का पर्यटन विकास, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की म्यूजियम ग्राण्ट स्कीम के अंतर्गत रामकथा संग्रहालय में डिजिटल इन्टरवेंशन की योजना संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा वांछित सूचनाएं, अभिलेख आदि उपलब्ध कराए जाने के निर्देश निदेशालय स्तर पर संपन्न हुई विभिन्न बैठकों के अलावा लिखित एवं मौखिक रूप से दिए गए थे, किन्तु अपेक्षित सूचनाएं अभी प्राप्त नहीं हुई हैं। इसलिए समस्त योजनाओं के बारे में वांछित अभिलेख की मांग की गई है। पर्यटन निदेशक उप्र प्रखर मिश्र ने बताया कि अयोध्या, देवीपाटन तथा बस्ती मण्डल के उपनिदेशकों को विगत 14 नवम्बर 2022 को इस संबंध में पुन: पत्र भेजा गया है।

# पैंगोलीन के स्केल्प व जंगली सूअर के दांत की तस्करी करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ ने** संकटग्रस्त एवं संरक्षित जानवर पैंगोलीन का स्केल्प एवं जंगली सूअर के दांत की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को सोनभद्र जिले के राबट्र्सगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। तस्करों के कब्जे से पैंगोलीन का स्केल्प और जंगली सूअर के चार दांत बरामद हुए। पकड़े गए तस्कर दोनों तस्कर अजय भारती और जीउत कुमार भारती ग्राम परसहवा, राबट्र्सगंज के रहने वाले हैं। बीते काफी दिनों से से पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में संकटग्रस्त संरक्षित वन्य जीवों की तस्करी करने वाले गैंग के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। इस सम्बन्ध कार्रवाई के लिए एसटीएफ की विभिन्न टीमों को लगाया गया था। एसटीएफ की फील्ड इकाई, वाराणसी भी छानबीन कर रही थी। उसे वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो से सूचना मिली थी कि थाना राबट्र्सगंज क्षेत्रान्तर्गत लजीज होटल के पास संकटग्रस्त वन्य जीव पैंगोलीन के स्केल्प एवं जंगली सूअर के दांत के साथ दो तस्कर मौजूद हैं, जो कही जाने की फिराक में हैं। इस सूचना के बाद एसटीएफ ने वन विभाग की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई में दोनों की गिरफ्तारी व बरामदगी की। पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि इनका एक गिरोह है। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में दुर्लभ जीव पैंगोलीन के स्केल्प व जंगली सूअर के दांत की तस्करी भारी पैमाने पर होती है। जिसका उपयोग विदेशों में शक्तिवर्धक दवाएं बनाने में किया जाता है।।जिसके कारण पैगोलीन के स्केल्प की हड्डियां अवैध रूप से काफ ी ऊचें दामों पर बेची जाती हैं। यह लोग जनपद सोनभद्र के जंगलों से वनवासियों के सहयोग से पैंगोलीन का स्केल्प व जंगली सूअर का दांत प्राप्त कर लेते है। उल्लेखनीय है कि पैगोलीन व जंगली सूअर को संरक्षित जीव के श्रेणी में रखा गया है। इनके अंगो का व्यापार करना निषिद्ध है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय वन विभाग द्वारा धारा 9,39, 48, 51 भारतीय वन्य जीव अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 20 हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार



**लखनऊ।** एसटीएफ ने आजमगढ़ में कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के बंधा रोड से गैंगेस्टर एक्ट में वांछित बीस हजार रुपए के ईनामी अपराधी राज गुलाब उर्फ बबलू को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में जेल जा चुका है। थाना सिधारी, आजमगढ़ में गैंगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत होने के बाद इधर उधर छिपकर रह रहा था। इसी दौरान 4 नंवबर 2022 को मेरे ऊपर बीस हजार रुपए का पुरस्कार घोषित हो गया। जिसके बाद से वह भागने की फिराक में था।

# सपा सरकार में केवल सैफई कुनबे व उनके चहेतों का विकास हुआ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी प्रदेश** अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा की सरकार में केवल सैफई कुनबे तथा उनके चहेतों का विकास हुआ है जबकि भाजपा की सरकार सबको साथ लेकर सबका विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि अखिलेश सरकार दंगाईयों के साथ खड़ी रहती थी।

सपा की सरकार में गुंडे, माफिया, अपराधी खुलेआम गुंडई करते थे, जमींन और मकानों पर कब्जे करते थे लेकिन आज योगी जी के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार में बड़े-बड़े अपराधियों व गरीबों को लूटकर अनैतिक संपत्ति अर्जित करने वालों पर कानून का डंडा चल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार शून्य पर है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी गुरूवार को मैनपुरी के करहल में करहल व मैनपुरी विधानसभा तथा किशनी में किशनी व भोगांव विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि इस बार नया इतिहास लिखा जाएगा और भाजपा मैनपुरी सीट जीतेगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में संकट मोचन मंदिरए अयोध्या, लखनऊ कचहरी विस्फोट के दंगाइयों के मुकदमों को वापिस लेने का काम किया गया लेकिन आज भाजपा सरकार में दंगाई घर में दुबक गए हैं। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता पार्टी के किसी भी उच्च पद तक पहुंच सकता है। सपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित तमाम बड़े पद एक परिवार के लिए ही आरक्षित है। सपा सहित तमाम विपक्षी दलों में सिर्फ परिवारवाद का सिद्धान्त लागू है। पिछली सरकारों में बिजलीए पानीए सड़क जैसी मूलभूत सुविधायें भी पक्षपात व भ्रष्टाचार के कारण जनसामान्य की पहुंच से दूर थे। श्री चौधरी ने कहा कि बूथ अध्यक्षों के नेतृत्व में ही पार्टी पूरा चुनाव लड़ रही है। पन्ना प्रमुख घर-घर जा कर सम्पर्क करके भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचायें तथा जो मतदाता शहर से बाहर हैं उनसे मतदान के लिए सम्पर्क कर शत-प्रतिशत मतदान के अभियान में जुटें।

# रालोद ने की विक्रम सैनी का नाम वोटरलिस्ट से हटाने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खतौली विधानसभा** उप चुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोकदल ने सजायाफ्ता पूर्व विधायक विक्रम सैनी का नाम वोटरलिस्ट से हटाने की मांग जिला निर्वाचन अधिकारी से की है। साथ ही उनके चुनाव प्रचार पर भी रोक लगाने की मांग की है। इस बावत राष्ट्रीय लोकदल मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने एक पत्र भी लिखा है। अभी हॉल ही रामपुर में भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना की मांग पर निर्वाचन अधिकारी की तरफ से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत आजम खान का नाम वोटरलिस्ट से हटाया गया था। उसी आधार पर मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने भी निर्वाचन अधिकारी से मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा है कि खतौली विधानसभा के पूर्व विधायक विक्रम सैनी मुजफ्फरनगर दंगों में सजायाफ्ता हैं जिस कारण उनकी सदस्यता समाप्त कर उपचुनाव कराया जा रहा है। उच्च न्यायालय से भी उनको कोई माफी नहीं मिली है। उनके विरुद्ध आदेश आ गया ह, उनकी सजा बरकरार रखी गई है। कानूनी रूप से उनका मताधिकार समाप्त किया जाना अनिवार्य है। चूंकि वह पहले भी मुजफ्फरनगर का साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ चुके हैं और अब पुन: इसी मंशा के साथ काम कर रहे हैं, उनकी पत्नी राजकुमारी सैनी उपचुनाव में प्रत्याशी है। जिसको चुनाव जीताने के लिए वह किसी भी सीमा तक जाकर कानून का उल्लंघन कर सकते है और खतौली विधानसभा में हो रहे शान्ति प्रिय चुनाव की फिजा बिगाड़ सकते हैं।

## सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बांदा निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार न गौतम कुमार सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बांदा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। गौतम को अपने दायित्वों के निर्वहन में घोर उदासीनता बरतने, डिपो में भ्रष्टाचार बढ़ाने, परिवेक्षीय नियंत्रण शिथिल रखने, मुख्यालय द्वारा दिए गए आदेशों एवं निर्देशों की अवहेलना करने, परिवहन निगम की छवि धूमिल करने तथा परिवहन निगम अधिकारी सेवा सामान्य विनियमावली 1988 का उल्लंघन करने आदि गंभीर आरोपों के अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया गया है। एक अन्य प्रकरण में चित्रकूट धाम डिपो के प्रभारी क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव कुमार शर्मा को लापरवाही बरतने के एवज में कठोर चेतावनी दी है। जिससे कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। शर्मा ने बांदा डिपो की बस संख्या यूपी-90टी-1074 में कार्यरत परिचालक द्वारा की गई यात्रियों के साथ अभद्रता एवं सरकारी कार्य में व्यवधान का संज्ञान नहीं लिया गया। इससे निगम की छवि धूमिल होने के साथ-साथ राजस्व पर भी असर पड़ा है।

# सपा ने पुलिस पर भाजपा का एजेंट बनकर काम करने का लगाया आरोप

● मुख्य चुनाव अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की तत्काल हटाने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा ने** अपने गढ़ को बचाने के लिए अपना पूरा दमखम लगा रखा है। इसी क्रम में आज सपा के प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने लखनऊ में मुख्य चुनाव अधिकारी से मिलकर मैनपुरी पुलिस-प्रशासन के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। करीब 100 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों पर भाजपा के एजेंट के तौर पर काम करने का आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की ताकि स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव सम्भव हो सके। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में राजेंद्र चौधरी के अलावा केके श्रीवास्तव एवं राधेश्याम सिंह यादव शामिल रहे। राजेन्द्र चौधरी ने भाजपा सरकार पर पुलिस की ताकत का गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया। थानाध्यक्ष करहल, थानाध्यक्ष बरनाहल को तत्काल सहित, 6 पुलिस इंस्पेक्टर, 13 पुलिस सब इंस्पेक्टर और 100 से ज्यादा हेड कांस्टेबल को हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों कॉन्स्टेबल बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं। पुलिस इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर दबाव बना रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि पुलिस के लोग भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार व मतदान का दबाव बना रहे है। पुलिस घर घर जाकर समाजवादी पार्टी के समर्थक कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित कर रही है। भाजपा मैनपुरी में पुलिस को सुविधानुसार पोस्टिंग करा रही है। ऐसे पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव कराया जाना मुमकिन नहीं है।

## पूर्व विधायक की पत्नी के निधन पर दुख जताया


**सपा अध्यक्ष** अखिलेश यादव ने एटा जनपद के मारहरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अमित गौरव यादव टीटू की पत्नी डॉ रीता यादव (42 वर्ष) के निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# माफिया और अपराधियों के लिए काल बनी योगी सरकार

● तीन सालों में मुख्तार सहित अन्य माफिया सरगनाओं के नौ गुर्गे मुठभेड़ में मारे गए

●41 अपराधियों को न्यायालय से दोष सिद्ध कराकर आजीवन कारावास व दो को फांसी की सजा दिलवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी में** माफिया और अपराधियों के लिए योगी सरकार काल बनी है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते वर्षों में शासन स्तर पर चिन्हित मुख्तार अंसारी और अन्य माफिया डॉन के 9 गुर्गों को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। इतना ही नही पुलिस ने 12 माफियाओं और उनके 29 सहयोगियों (कुल 41) को न्यायालय से दोष सिद्ध कराकर आजीवन कारावास, कठोर कारावास और 2 को फ ांसी की सजा दिलवाई है। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार के अनुसार बीते सालों में यूपी पुलिस ने 9 खूंखार माफिया व उनके गुर्गों को मुठभेड़ में मार गिराया है। जिसमें बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के गुर्गे हरिकेश यादव, राकेश पांडेय उर्फ हनुमान, लालू यादव, अलीशेर व कामरान को अलग-अलग मुठभेड़ में ढेर किया गया। इसी तरह पश्चिमी यूपी में अपराध का पर्याय बन चुके बिल्लू दुजाना व उसके सिपहसलार राकेश को भी मुठभेड़ में मार गिराया गया। खान मुबारक के गुर्गे परवेज, कुंटू सिंह के गुर्गे कन्हैया विश्वकर्मा भी पुलिस के एनकाउंटर में मारा गया। यूपी पुलिस ने न सिर्फ अपराधियों की गिरफ्तारी की बल्कि उन्हें सजा दिलाए जाने के लिए कोर्ट में मजबूती से पैरवी की। सजा पाने वाले यूपी में जिन माफिया के नाम टॉप पर हैं उनमें मुख्तार अंसारी, अजीत सिंह, विजय मिश्रा, अनिल दुजाना, आकाश जाट व उसके गुर्गे अमित भूरा व विपुल उर्फ खुन्नी, ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू व उसके गुर्गे बलिकरन, मुन्ना सिंह और संग्राम सिंह समेत 11 सहयोगी, मुनीर व उसका साथी रैयान, योगेश भदौड़ा व उसके साथी अंकित और लीलू, सुन्दर भाटी व उसके 10 सहयोगी अमित कसाना व एजाज शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 197 माफिया और उनके सहयोगियों पर गुंडा एक्ट और 405 के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट लगा है।।16 के खिलाफ एनएसए लगाया गया है।

# अस्पतालों की दवा बाजार में बेचने वाले गिरोह का खुलासा

● तीन गिरफ्तार, भारी मात्रा में सरकारी दवाइयां बरामद, अभियुक्तों में एक केजीएमयू की फार्मेसी का है सेल्समैन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केजीएमयू** सहित विभिन्न सरकारी अस्पतालों की छूट पर मिलने वाली दवाइयों को चोरी करके उन्हें खुले बाजार में बेचने वाले गिरोह का एसटीएफ ने खुलासा किया है। एसटीएफ ने केजीएमयू के रिवाल्विंग फंड (एचआरएफ) की फार्मेसी दवा की दुकान पर आउटसोर्स संविदा पर फार्मेसिस्ट सेल्समैन का काम करने वाले रजनीश कुमार सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में सरकारी दवाइयां बरामद की हैं। एसटीएफ के अनुसार बीते काफी दिनों से मरीजों के लिए किंग जार्ज मेडिकल युनिवर्सिटी (केजीएमयू) में स्थापित कम कीमत की फार्मेसी दुकानों की दवाओं को कूटरचना कर बाजार में ऊंची कीमत पर बेचने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की कई टीमों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। एसटीएफ मुख्यालय में एक टीम का गठन कर छानबीन की जा रही थी। इस दौरान बृहस्पतिवार को ज्ञात हुआ कि लखनऊ में एक गिरोह सक्रिय है, जो सरकारी अस्पतालों की कम कीमत की दवाओं के रैपर पर लिखी सरकारी मोहर को मिटाकर कर शहर के विभिन्न मेडिकल स्टोर पर ऊंची कीमत पर बेच कर धानार्जन कर रहे हैं। इस गिरोह के कुछ सदस्य लखनऊ शहर के नींबू पार्क के पास आकर सरकारी अस्पतालों की फार्मेसी की दवाओं का लेन-देन करने वाले हैं। इस सूचना पर एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए ड्रग विभाग की टीम के साथ नियाज फ्लावर मर्चेन्ट के सामने रोड पर निकट चौक ओवर ब्रिज फूल मंडी पहुंचकर सीतापुर निवासी रजनीश कुमार निवासी बसारा थाना महोली, नितिन बाजपेयी हुमायूपुर थाना मिश्रिख और प्रियांशू मिश्रा निवासी को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से भारी मात्रा में दवावओं के कैप्सूल, टैबलेट और सीरप व अन्य दस्तावेज वगैरह बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त रजनीश कुमार ने पूछताछ में बताया कि वह किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में रिवाल्विंग फंड (एचआरएफ) की फार्मेसी दवा की दुकान पर आउटसोर्स संविदा पर फार्मेसिस्ट सेल्समैन का काम पिछले तीन वर्षों से कर रहा है। केजीएमयू के एचआरएफ फार्मेसी दवा की दुकान पर केजीएमयू के रजिस्टर्ड मरीजों को 50-60 प्रतिशत छूट पर बिक्री की जाती है। मरीजों के यूएचआईडी रजिस्टर्ड नम्बर की जानकारी करके उनके नाम पर वह तथा केजीएमयू के अन्य फार्मेसी दवा दुकानों पर तैनात उसके कई साथी छूट की दवाओं जिन पर फार केजीएमयू, एचआरएफ ओनली लिखा रहता है।

# अवध के ताल्लुकेदारों की ख्वाहिश थी लखनऊ विश्वविद्यालय

● 102 वर्ष का हुआ लखनऊ विवि



**लखनऊ।** लखनऊ विवि ने 102 वर्ष का सफर पूरा कर लिया है। इसके इतिहास पर नजर डालें तो उस समय केवल इलाहाबाद विवि था। अवध के ताल्लुकेदारों की ख्वाहिश थी कि कॉल्विन कॉलेज में 12वीं तक पढ़ाई के बाद उनके बच्चे लखनऊ में ही बेहतर उच्च शिक्षा ग्रहण करें। यहां से लखनऊ विवि स्थापित करने को सोच शुरू हुई। राजा महमूदाबाद सर मोहम्मद अली मोहम्मद खान बहादुर ने विवि की बुनियाद रखी। इस कार्य में यूनाईटेड प्रोविंस के लेफ्टिनेंट गवर्नर सर हरकोर्ट बटलर ने अहम भूमिका निभाई। कहा जाता है कि बटलर के शिक्षा के प्रति रुझान के बारे में राजा महमूदाबाद जानते थे। इसलिए द पायनियर अखबार में लेख के माध्यम से उन्होंने अवध में विश्वविद्यालय की जरूरत पर जोर दिया। यहीं से बटलर प्रभावित हुए। 10 नवम्बर 1919 को हुई एक बैठक में इसे आवासीय यूनिवर्सिटी बनाने का फैसला लिया गया। 12 अगस्त 1920 में लखनऊ विवि बिल कुंवर महाराजा सिंह द्वारा विधान परिषद में रखा गया। काफी चर्चा और संशोधनों के साथ 8 अक्तूबर 1920 को इसे पारित कर दिया गया। उस समय राजा महमूदाबाद और जहांगीराबाद ने एक-एक लाख रुपये की धनराशि इसके निर्माण के लिए दी। जबकि ताल्लुकेदारों ने 30 लाख रुपए चंदा इकट्ठा किया था। 25 नवम्बर, 1920 ही वो तारीख है जब लविवि के सुनहरे इतिहास की नींव रखी गई थी। विवि की स्थापना के समय कैनिंग कॉलेज और मेडिकल कॉलेज महिला शिक्षा के लिए आईटी कालेज को संबद्ध कॉलेज की मान्यता मिली। इलाहाबाद विवि से सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार ज्ञानेंद्र नाथ चक्रवर्ती को यहां का कुलपति बनाया गया था और उन्होंने 16 दिसम्बर, 1920 को 3000 रुपए प्रतिमाह की तनख्वाह पर पांच वर्ष के लिए उन्होंने कार्यभार संभाला। आगरा कॉलेज के मेजर टीएफओ डोनेल को 1200 रुपये प्रति माह वेतन पर कुलसचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। विवि का पहला दीक्षांत समारोह 30 अक्तूबर 1922 में केजीएमयू के परिसर में हुआ। चांसलर सर हारकोर्ट बटलर ने दीक्षांत समारोह की शुरुआत की घोषणा की। कुलपति ने डॉक्टर ऑफ लिट्रेचर की पहली मानद उपाधि सर हारकोर्ट बटलर को दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब विश्वविद्यालय अपनी डिग्री जारी करने की शक्ति का इस्तेमाल कर रहा है।

अपराधियों के खिलाफसीतापुर पुलिस का जब्तीकरण अभियान जारी

# डीएम के निर्देश पर पुलिस ने जब्त की करीब 15 लाख की सम्पत्ति

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर पुलिस** द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरूवार को बड़ी कार्रवाई की गयी। सीतापुर पुलिस द्वारा आपराधिक कृत्यों से अर्जित करीब 15 लाख की सम्पत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की गयी तथा सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किए गए। जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर महमूदाबाद पुलिस द्वारा गोवंशीय पशुओं के अवैध कारोबार से अर्जित करीब 15 लाख की सम्पत्ति जब्त कर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी। सीतापुर पुलिस द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट के मुताबिक थाना महमूदाबाद क्षेत्र निवासी अभियुक्त जहीर बाबू पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला पीलखाना, पैंतेपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 226/22 धारा /3 यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी। अभियुक्त जहीर बाबू अपना एक संगठित गिरोह बनाकर व अपने गैंग के सदस्यों के माध्यम से आर्थिक एवं भौतिक लाभ हेतु गोवंशीय

**● अभियुक्त जहीर बाबू पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला पीलखाना पैंतेपुर की सम्पत्ति हुई कुर्क**

**●ग्राम पैंतेपुर में 600 वर्ग फिट का पक्का मकान किया गया कुर्क, अभियुक्त जहीर बाबू पर यूपी गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत की गयी कार्रवाई**

पशुओं के अवैध कारोबार जैसे अपराध करने का अभ्यस्थ अपराधी है। अभियुक्त जहीर बाबू के विरूद्ध उक्त अपराध के सम्बन्ध में पूर्व में भी अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त की आय का कोई ज्ञात स्त्रोत नहीं था व इतनी पैतृक सम्पत्ति नहीं है कि जिसकी आमदनी से इतने कम समय में इतनी मूल्यवान सम्पत्ति खरीदी जा सके। अपराध से अर्जित सम्पत्ति का उपयोग अभियुक्त जहीर बाबू व उसके परिवारीजनों द्वारा किया जा रहा है। पुलिस द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा अभियुक्त जहीर बाबू की अपराध से अर्जित सम्पत्ति का आदेश निर्गत किया गया। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में ग्राम पैंतेपुर में 600 वर्ग फीट का एक पक्का मकान कुर्क किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख 10 हजार रूपए है। अभियुक्त जहीर बाबू पर थाना महमूदाबाद में पूर्व में मुकदमा अपराध संख्या 226/20, धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर अधिनियम मुकदमा अपराध संख्या 17/15, 5/8, गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम, मुकदमा अपराध संख्या 88/15, धारा 5/8, गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम, मुकदमा अपराध संख्या 188/16, धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम मुकदमा अपराध संख्या 332/19 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व मुकदमा अपराध संख्या 98/18 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमे पंजीकृत हैं।

# जिला विद्यालय निरीक्षक के ताबड़तोड़ निरीक्षण से हड़कम्प

**● अवैध रूप से बिना मान्यता के धड़ल्ले से संचालित हो रहे थे करीब डेढ़ दर्जन विद्यालय**

**●न्यूनतम छात्र संख्या पाये जाने पर स्पष्टीकरण तलब, कई विद्यालयों को जारी की गई कारण बताओ नोटिस**

संवाददाता। सीतापुर

**जिला विद्यालय** निरीक्षक सीतापुर द्वारा ताबड़तोड़ किए गए औचक निरीक्षण से कॉलेज संचालकों में हड़कम्प मच गया। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालय अवैध रूप से बिना मान्यता के संचालित होना पाए गए जिनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए, संस्था व व्यक्ति पक्ष प्राप्त कर यथाशीघ्र नियमानुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट अथवा प्राविधानुसार कार्यवाही किये जाने सम्बन्धी कार्यवाही गतिमान है। डीआईओएस अनूप कुमार तिवारी ने बताया कि जनता इण्टर कालेज, रंगवा-रौसी, सेण्ट बिला इण्टर कालेज लहरपुर, खेमकरन इण्टर कालेज लहरपुर, चुन्टू लाल राम प्यारी स्कूल मछरेहटा, श्री बाला जी पब्लिक स्कूल मछरेहटा, न्यू रेडियण्ट पब्लिक स्कूल रिछाई, कमला देवी शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज, झेरखापुर, विद्या दीप पब्लिक स्कूल झरेखापुर , गुरूनानक इण्टर कालेज जहाँगीराबाद हरगांव, सुन्दर लाल स्मारक इण्टर कालेज हैदरपुर हरगांव एवं महात्मा बुद्ध पब्लिक स्कूल हरिहरपुर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीतापुर में कतिपय विद्यालय क्रमशः चुन्टू लाल राम प्यारी स्कूल मछरेहटा, श्री बाला जी पब्लिक स्कूल मछरेहटा, विद्या दीप पब्लिक स्कूल झरेखापुर एवं महात्मा बुद्ध पब्लिक स्कूल हरिहरपुर का बिना मान्यता के विद्यालय के संचालन किया जाना पाया गया। जिनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिर्स निर्गत करते हुए संस्था व व्यक्तिपक्ष प्राप्त कर यथाशीघ्र

नियमानुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट अथवा प्राविधानुसार कार्रवाई किए जाने सम्बन्धी कार्यवाही गतिमान है। मान्यता प्राप्त विद्यालय क्रमशः जनता इण्टर कालेज, रंगवा-रौसी, सेण्ट बिला इण्टर कालेज लहरपुर, न्यू रेडियण्ट पब्लिक स्कूल रिछाई, कमला देवी शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज झेरखापुर, गुरूनानक इण्टर कालेज जहाँगीराबाद हरगांव एवं सुन्दर लाल स्मारक इण्टर कालेज हैदरपुर हरगांव में अति न्यूनतम छात्र संख्या एवं मान्यता सम्बन्धी मानकों की पूर्ति न होने के दृष्टिगत नियमानुसार स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान करने के साथ 15 दिवस के भीतर मानकों की पूर्ति किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। अशासकीय विद्यालय खेमकरन इण्टर कालेज लहरपुर की जांच के दौरान अति न्यूनतम छात्र संख्या, शिक्षकों की समस्या, विद्यालय की स्थिति व प्रबन्धन में सुधार लाने हेतु निर्देशित करने के साथ स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये गये।

## कार्तिक पूर्णिमा मेले में देश के प्रसिद्ध कवियों ने बिखेरा गायकी का जादू

**सीतापुर।** हरगांव के कार्तिक पूर्णिमा मेले में बुधवार की रात श्रोता जहां वीर रस की रचनाओं को सुनकर जोश से भर गए, वहीं हास्य और व्यंग की फुहारों से लोटपोट होते रहे। मेले में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के कई प्रसिद्ध कवियों ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। कवि सम्मेलन का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। मिश्रिख के कवि रोहित विश्वकर्मा ने सरस्वती वंदना करते हुए कहा मां शारदे विनती हर बार है, आपका सुत नहीं मां समझदार है। उसके बाद लखनऊ से आए कवि योगेश चौहान की रचना यदि पटेल भारत माता के आँगन में जिन्दा होता, तो देशद्रोहियों के गर्दन में फँसी का फंद्दा होता ने पूरे पंडाल में जोश भर दिया।

## क्विक न्यूज

### नदी में मिली लापता युवक की लाश हत्या की आशंका

**बरेली ।** कई दिनों से लापता एक युवक की लाश कल शाम को घर से दूर नदी में पाई गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक के घर वालों ने हत्या की आशंका जताई। फरीदपुर थाना क्षेत्र के परा मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय जगपाल सिंह पुत्र वेद राम की लाश कल शाम को फरीदपुर थाना क्षेत्र में मथुरापुर गांव के पास बहगुल नदी में पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के भाई कुंवर पाल ने हत्या की आशंका जताते हुए बताया कि जगपाल 19 नवंबर को रोजाना की तरह सुबह टहलने के लिए घर से निकला था जाते समय उसने कहा कि वह वापस लौटकर दवा लेने जाएगा लेकिन वह वापस नहीं लौटा शाम तक इंतजार करने के बाद घर वालों ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला तब अगले ही दिन थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी गई इधर कल शाम को उसकी लाश बहगुल नदी में पाई गई घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शवको नदी से निकाल कर मृतक के घरवालों को सूचना दी तब मौके पर पहुंचे घर वालों ने हत्या की आशंका जताई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक के भाई कुवर पाल ने बताया कि उसके भाई की शर्ट और बनियान अभी भी गायब है पुलिस मामले की जांच कर रही है मृतक 5 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम अनीता देवी है

### कक्षा आठ की छात्रा से रेप कर आरोपी फरार

**बरेली ।** कक्षा आठ की छात्रा को बहला-फुसलाकर होटल में ले जाने के बाद दूसरे समुदाय के एक युवक ने नशा देकर रेप किया और जान से मारने की धमकी दी पता चलने पर घटना की शिकायत पुलिस से की गई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले पिता शुरू करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी । इज्जत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली कक्षा आठ की छात्रा के परिजनों के साथ हिंदू जागरण मंच के दुर्गेश गुप्ता व अन्य कार्यकर्ता इज्जत नगर थाने पहुंचे जहां छात्रा के परिजनों ने बताया कि छात्रा कक्षा 8 में पढ़ती है और उसकी जान-पहचान इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव फरीदापुर चौधरी निवासी फरमान अली से हो गई 22 नवंबर को फरमान अली छात्रा को अपने साथ बहला-फुसलाकर स्टेशन तक ले गया था लेकिन स्टेशन के बजाय वह उसे लेकर होटल पहुंचा और वहीं पर उसको धोखे से नशा देकर रेप किया होश आने पर छात्रा रोने लगे और तब फरमान ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर उसने यह बात किसी अन्य को बताई तो वह उसके माता-पिता व परिवार के अन्य लोगों को मार देगा घर लौटने के बाद छात्रा को परेशानी हुई तब उसकी मां ने उससे पूछताछ की तब आज हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं के साथ थाना पहुंचकर फरमान के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी जो फरार बताया जाता है

### लकड़ी कारोबारी के करीबियों पर शक

**बरेली।** लकड़ी ठेकेदार से लाखों की नकदी लूटने वाले बदमाशों का पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। शुरुआती जांच में पुलिस का शक ठेकेदार के करीबियों और मिलने जुलने वालों और काम छोडकर जा चुके लोगों पर हैं। पुलिस सभी की कुंडली खंगाल रही है ताकि बदमाशों तक पहुंचा जा सके। ज्ञात हो कि नरियावल के रहने वाले गिरीश कुमार लकड़ी ठेकेदार हैं। वह आए दिन लकड़ी खरीदने और बेचने का काम करते हैं। बुधवार की सुबह वह अपनी गाड़ी से लकड़ी खरीदने जा रहे थे। उन्होने एक बैग में छह लाख और दूसरे बैग में एक लाख रुपए रखे हुए थे। घर से कुछ ही दूरी पर रोहिला इंटरनेशनल स्कूल के सामने बाइक सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी पर लात मारकर गिरा दी थी। हेलमेट लगाए दोनों बदमाशों ने तमंचे के बल पर नकदी से भरा हुआ बैग लूट लिया था। इस दौरान बदमाशों ने तंमचा लहराते हुए ठेकेदार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। इस दौरान पुलिस को रोहिला इंटर नेशनल स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में फरार हो रहे बदमाशों की फुटेज मिली थी। जिसमें दोनों बदमाश हेलमेट लगाए हुए दिखाई दिए वह बाइक से फरार होते हुए दिखाई दे रहे थे। इसके बावजूद अब तक पुलिस फरार बदमाशों का कई सुराग नहीं जुटा पाई है। पुलिस लुटेरों की तलाश में हर पहलू पर जांच कर रही है।

# संविलियन विद्यालय दुलही में सीसीटीवी कैमरे व झूले का क्षेत्रीय विधायक ने किया लोकार्पण

**निघासन खीरी।** रमिया बेह? ब्लॉक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही 1 से 8 तक में सीसीटीवी कैमरा एवं झूलों का लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक धौराहरा विनोद शंकर अवस्थी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड कार्यक्रम में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। तत्पश्चात सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति विद्यालय के बच्चों के द्वारा की गई। बच्चों के द्वारा नशा उन्मूलन संबंधित एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसकी सब ने खूब सराहना की। विनोद लोधी, पंकज गिरी, विश्वनाथ मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड तथा एआरपी अजय कुमार वर्मा के द्वारा के बच्चों को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश ने बताया कि झूलों की व्यवस्था सामुदायिक सहभागिता के





द्वारा किया गया। विद्यालय में पहले पहले से स्थापित विद्यालय कोष जिसमे अभिभावक, संभ्रांत लोगो विद्यालय परिवार के सदस्यों द्वारा दान दिया जाता है और सर्वसम्मत से प्रस्तावित कार्यों में से कोई एक कार्य उपलब्ध धन से विद्यालय और बच्चों के हित में कराए जाते है। पूर्व में भी विद्यालय में एलसीडी, प्रोजेक्टर सहित स्मार्ट कक्षा की व्यवस्था की गई है। विद्यालय में सीसीटीवी की व्यवस्था स्वयं इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश ने की। विधायक धौरहरा माननीय विनोद शंकर अवस्थी ने विद्यालय मे किए गए प्रयासों की जमकर सराहना की विद्यालय का कैंपस साफ सफाई और व्यवस्थाओं हेतु इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश की खूब प्रशंसा की और आगंतुक/निरीक्षण पंजिका में लिखा कि मै इस विद्यालय से खुश हूं तथा विद्यालय के हीरोइक प्रदर्शन की कामना करता हूं। भाजपा जिला मंत्री विनोद लोधी ने भी विद्यालय और एडीओ महोदय के द्वारा विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश व विद्यालय स्टॉफ की प्रशंशा की। सबने आश्वस्त किया कि विद्यालय के हित में हरवक्त सहयोग करने को तैयार है। इस अवसर पर विश्वनाथ मौर्य अध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शशिकांत वर्मा, मंत्री हरिओम अवस्थी, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष उमेश चौरसिया, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष विवेक पटेल, मंत्री दानवीर यादव, पूर्व मंत्री राकेश प्रताप सहित कई वरिष्ठ शिक्षक जिनमें धर्मराज मौर्य, परशुराम, कमलेश अवस्थी डी के राम सहित जगमोहन, तारकेश्वर राय, प्रशांत बाजपई आदि के साथ समस्त एआरपी जिनमें राम मोहन, आशीष श्रीवास्तव, संतोष वर्मा, अनीता मिश्रा, अजय वर्मा व कई संकुल शिक्षक उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिया गया। सारे कार्यक्रम में दुलही के शिक्षकों सखाराम, ब्रह्म प्रकाश, गरिमा गुप्ता केशव राम मौर्य, कपिल मौर्य का सराहनीय योगदान रहा।

## किसानों को समय से खाद दिलाने की समस्या पर कांग्रेस ने भेजा ज्ञापन

**लखीमपुर-खीरी।** जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के आवाहन पर रबी की फसल बुवाई के समय खाद न उपलब्ध होने के कारण किसानों को हो रही समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सौंपा। जिला कांग्रेस द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पहलाद पटेल ने कहा ष्आज रबी की फसल बुआई के समय खाद की कालाबाजारी शुरू हो गई है। खाद के लिए किसान सुबह से शाम तक लाइन में ख?ा रहता है लेकिन खाद नहीं मिल पा रही है। सहकारी समितियों पर ताला प?ा हुआ है गन्ना किसानों को बकाया भुगतान आज तक नहीं हुआ है। गोला के उपचुनाव में प्रदेश के मुख्यमंत्री घोषणा कर के गए थे कि चीनी मिल शुरू होते ही किसानों का भुगतान मिलेगा लेकिन हमेशा की तरह एक बार फिर वो एक जुमला साबित हुआ। जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रीतू राज ने कहा कि किसानों को खाद न मिलने के कारण फसल बुवाई नहीं हो पा रही है। इसके नुकसान की भरपाई क्या सरकार करेगी? आज सरकार किसानों को पूरी तरह से समाप्त करने पर तुली है जिसका कांग्रेस पार्टी जोरदार तरीके से विरोध करेगी और किसानों को जब तक खाद नहीं मिलेगी कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। मुख्यरूप से धरना प्रदर्शन में इरफान किदवई, कृष्ण कुमार मिश्रा, रामकुमार वर्मा, संजय गोस्वामी, राम कुमार मिश्रा, शिव सहाय सिंह विभु अवस्थी, राजेंद्र गुप्ता,जगदंबा मिश्रा, दीपू मिश्रा, रामपाल शाक्य, लतीफ आजम, कामिल उस्मानी, अब्दुल रहीम, कृष्ण कुमार, किशोर मिश्रा, सरोजिनी अवस्थी मोहिनी रानी, रोली शर्मा, मुन्नी देवी, ओमप्रकाश सिंह, आकाश कुमार, सतीश कुमार मिश्रा, देवेंद्र कुमार पंकज, विपिन वर्मा, आशीष सिंह, नवाज खान, रवि गोस्वामी आदि काँग्रेस जनो ने सहभागिता की ।

### राष्ट्रीय किसान मोर्चा महासंघ ने ज्ञापन सौंपा

**मोहम्मदी-लखीमपुर।** राष्ट्रीय किसान मोर्चा महासंघ ने समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के स्टेनो को सौंपा। ज्ञापन मे कहा है कि किसानों की प्रमुख समस्याओं को वरीयता क्रम में रखा जाए। बैंक आदि कर्मचारियों द्वारा मैत्री भाव बनाए रखा जाए व खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा उचित दर विक्रेताओं पर कार्डधारकों को मानक के अनुरूप राशन ना दिए जाने की समस्या का निराकरण किया जाए। प्रशासन द्वारा पत्रकारों पर झूठे मुकदमे ना लिखे जाएं तथा अवैध खनन को लेकर क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन द्वारा निगरानी कडाई से की जाए। इसके साथ ही नग रपालिका परिषद के अंतर्गत मार्गो पर जलभराव एवं जल निकासी की समस्या को दूर करने का आग्रह किया गया व ग्रामीण अंचलों में समुचित विकास कार्यों की जांच कराए जाए।

# केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नगर पंचायत जन सम्पर्क कार्यालय का किया उद्धघाटन

**निघासन-खीरी।** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने नगर पंचायत प्रत्याशी पूर्व प्रधान बद्री प्रसाद मौर्य के जन सम्पर्क कार्यालय झंडी रोड पर फीताकाट कर किया शुभारंभ।सुबह सुंदर कांड के पाठ के साथ कार्यालय का हुआ उद्धघाटन।हजारो की संख्या में प्रत्याशी के नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों से आये समर्थक सुबह से जन सम्पर्क कार्यालय बैठकर प्रत्याशी बद्री प्रसाद मौर्य को जीताने के लिये आश्वश्त करते दिखे वही कई वक्ताओ ने मंच से बद्रीप्रसाद मौर्य को नगर पंचायत चुनाव में जीताने की अपील व सहयोग के लिये निवेदन किया वही सभी ने पूरा सहयोग व वोट देने का सकंल्प किया वही जीताने के लिये पूरा आश्वासन दिया। मंच का संचालन संगम लाल मिश्रा ने किया।इस दौरान सासंद प्रतिनिधि निघासन अरविन्द सिंह संजय पलिया सांसद प्रतिनिधि दीपक तलवार सिंगाही चेयरमैन उत्तम मिश्रा,महेश गुप्ता,पूर्व जिला उपाध्यक्ष





दयाशंकर मौर्य,सीमा जागरण मंच के जिलाध्यक्ष विनय जायसवाल,विपिन मौर्य,श्यामू पटेल,ध्रुव लोधी सहित हजारो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# इफ्को द्वारा सिलाई मशीन वितरण एवं नैनो यूरिया का महत्व एवं उपयोग पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**बरेली ।** इफ्को आंवला इकाई एवं कोआपरेटिव रूरल डेवलेपमेन्ट ट्रस्ट आंवला द्वारा आंवला बरेली में सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम एवं फसलों की उन्नत पैदावार में नैनो यूरिया ( तरल) का महत्व एवं उपयोग पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चौ0 शीशपाल सिंह ( अध्यक्ष कोरडेट) इफ्को ने भाग लिया तथा कार्यक्रम में किसानों को सम्बोधित करते हुए वैज्ञानिक तरीके से खेती करने एवं नेनो फर्टिलाइजर के बारे में सलाह दी उन्होने बताया एक बोतल नेनो यूरिया (500 एम.एल) एक बोरी यूरिया का काम करेगी जिसको ले जाने में बहुत ही आसानी होगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित श्री राकेश पुरी (वरि0 कार्यकारी निदे श क) इफ्को, आंवला ने इफ्को नेनो फर्टिलाइजर के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इसके उपयोग से पैदावार में वृद्धि के साथ-साथ फसल की गुणवक्ता एवं





उत्पादन में वृद्धि होगी जिसकी जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित श्री अभिमन्यु राय (सचिव) इफ्को, कोरडेट ने किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व की जानकारी दी एवं अनुरोध किया की मृदा परीक्षण के बाद ही फसलों में उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। कोआपरेटिव रूरल डेवलेपमेन्ट ट्रस्ट आंवला के प्रभारी बन्टूराम एवं फूलपुर के प्रधानाचार्य श्री राजेन्द्र यादव ने किसानों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान द्वारा कृषक हित में चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी एवं कृषकों को जल विलेय उर्वरकों एवं सागरिका के महत्व एवं उपयोग करने के बारे में जानकारी दी एवं कोरडेट आंवला पर उत्पादित विभिन्न प्रकार के जैव उर्वरकों के बारे में प्रयोग विधि, मात्रा, होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत रूप से किसानों को जानकारी दी। इस कार्यक्रम में ग्राम पखुरनी सैंधा, इस्लामाबाद, एवं नितोई की 25 महीलाओं को चौ0 शीशपाल सिंह ( अध्यक्ष, कोरडेट) इफ्को एवं श्री राके श पुरी (वरि0 कार्यकारी निदे श क) इफ्को, आंवला के द्वारा सिलाई मशीन वितरित की गई ।उक्त कार्यक्रम में कोरडेट फूलपुर मृदा परिक्षण विभाग के श्री हरीश चन्द्र जी, श्री अमित कुमार का सहयोग सराहनीय रहा।

## पेज एक का शेष

### निर्वाचन आयुक्त की...

गोयल की नियुक्ति का हवाला देते हुए अटॉर्नी जनरल ने कहा कि उनका प्रोफाइल महत्वपूर्ण है न कि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, जिसे मुद्दा बनाया जा रहा है। पीठ ने कहा कि 1991 का कानून कहता है कि चुनाव आयुक्त का कार्यकाल छह साल का है और सरकार को यह सुनिश्चित करना होता है कि इस पद पर आसीन व्यक्ति निर्धारित कार्यकाल पूरा करें। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि वह उन वजहों का पता नहीं लगा पा रहा है कि कानून मंत्री ने कैसे उन चार नामों का चयन किया जो निर्धारित छह साल का कार्यकाल पूरा नहीं करने वाले थे। मामले में सुनवाई चल रही है और पीठ ने कहा कि गोयल की नियुक्ति से जुड़ी मूल फाइल लौटाई जाए। केंद्र ने उच्च न्यायालय के बुधवार को दिए निर्देश के अनुसार पीठ के समक्ष निर्वाचन आयुक्त के तौर पर गोयल की नियुक्ति की मूल फाइल पेश की जिस पर न्यायालय ने गौर किया। पीठ निर्वाचन आयुक्त और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी व्यवस्था बनाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। निवार्चन आयुक्त के रूप में अरुण गोयल की नियुक्ति बुधवार को उच्चतम न्यायालय की पड़ताल के दायरे में आ गई, जिसने इस सिलसिले में केंद्र से मूल रिकॉर्ड तलब करते हुए कहा था कि वह (शीर्ष न्यायालय) जानना चाहता है कि कहीं कुछ अनुचित तो नहीं किया गया है। पंजाब कैडर के आईएएस अधिकारी गोयल को 19 नवंबर को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया। वह 60 वर्ष के होने पर 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले थे। अपनी नई भूमिका संभालने के बाद, गोयल मौजूदा सीईसी राजीव कुमार के फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त होने के बाद अगले मुख्य निर्वाचन आयुक्त होंगे। मई में, पूर्ववर्ती सीईसी सुशील चंद्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद निर्वाचन आयोग में एक पद रिक्त हुआ था।

### पायलट ने गद्दारी...

वहीं सचिन पायलट गहलोत पर सीधा हमला करने से बचे लेकिन कहा कि उनके जैसे अनुभवी व्यक्ति को इस तरह की भाषा का प्रयोग करना शोभा नहीं देता और हमारी प्राथमिकता भाजपा को हराने के साथ साथ राहुल गांधी का हाथ मजबूत करना होनी चाहिए। पायलट ने कहा गहलोत उन्हें 'निकम्मा, नाकारा, गद्दार आदि कहते रहे हैं, लेकिन उनका लालन-पालन उन्हें इस प्रकार की भाषा के प्रयोग की अनुमति नहीं देता है। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट ने कहा कि अभद्र शब्दों का प्रयोग, कीचड़ उछालने और आरोप-प्रत्यारोप का जो दौर चल रहा है, उससे कोई उद्देश्य पूरा नहीं होने वाला है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पायलट ने कहा, 'इससे कोई उद्देश्य नहीं पूरा होता, जब हमें एकजुट होकर भाजपा से लड़ना है...पहले भी अशोक गहलोत जी लंबे समय से मुझ पर ऐसे आरोप लगाते रहे हैं।' गहलोत ने यह आरोप भी लगाया कि जब पायलट के नेतृत्व में कांग्रेस के कुछ विधायक गुरुग्राम के एक रिसॉर्ट में एक महीने से अधिक समय तक रहे थे, तब इस बगावत में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की भी भूमिका थी।

राजस्थान के मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनके पास इस बात का सबूत है कि पायलट समेत प्रत्येक विधायक को 10-10 करोड़ रुपए दिए गए थे। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान चाहे तो 102 विधायकों में से पायलट को छोड़कर किसी को भी उनकी जगह मुख्यमंत्री बना सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा उदाहरण कहीं देखने को नहीं मिलेगा जहां प्रदेश में पार्टी का अध्यक्ष वहां की सरकार को गिराने की कोशिश कर रहा हो। हालांकि राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष सतीश पूनिया ने इन आरोपों का खंडन किया कि 2020 में कांग्रेस विधायकों को दल बदल के लिए पैसे देने में भाजपा शामिल थी। गहलोत ने कहा कि अगर पायलट विधायकों से माफी मांगते तो स्थिति अलग होती। गहलोत के करीबी 90 से अधिक पार्टी विधायकों द्वारा राजस्थान में कांग्रेस विधायक दल की बैठक नहीं होने देने के बाद पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से अपने माफी मांगने का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने (पायलट ने) आज तक माफी नहीं मांगी है। अगर उन्होंने माफी मांगी होती तो मुझे माफी नहीं मांगनी पड़ती।

### भारत जोड़ो यात्रा में...

बहरहाल, सूर्योदय के बाद जब बोरगांव से यात्रा ने मध्य प्रदेश में अपने दूसरे दिन में प्रवेश किया तो पहले दिन के मुकाबले भीड़ कम नजर आई, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही इसमें लोगों और गाड़ियों का काफिला बढ़ता गया। उस समय भारत जोड़ो यात्रा का अलग रंग नजर आया, जब खंडवा जिले में पैदल चलने के दौरान राहुल अचानक रुक गए और आदिवासियों के एक समूह से मुलाकात के बाद उनसे तीर-कमान लेकर तीरंदाजी का लुत्फ लेने लगे। इस दौरान प्रियंका, रॉबर्ट वाड्रा और रेहान के साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी तीर चलवाए। इस बीच, राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट भी यात्रा में राहुल और प्रियंका के साथ कदमताल करते दिखाई दिए। यह यात्रा मध्य प्रदेश में 380 किलोमीटर का फासला तय करने के बाद चार दिसंबर को राजस्थान में प्रवेश करेगी।

### जामा मस्जिद में महिलाओं...

महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इस फैसले को प्रतिगामी तथा अस्वीकार्य बताया। स्थिति स्पष्ट करते हुए जामा मस्जिद के पीआरओ सबिउल्लाह खान ने कहा कि तीन मुख्य प्रवेश द्वारों के बाहर कुछ दिन पहले नोटिस लगाए गए थे, जिन पर तारीख नहीं है। हालांकि, इन पर ध्यान अभी गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं के मस्जिद आने पर प्रतिबंध नहीं है। यह आदेश ऐसी महिलाओं या लड़कियों के लिए है जो यहां अकेली आती हैं और पुरुषों के साथ बैठकर समय बिताती हैं अथवा वीडियो बनाती हैं। पति या परिवार के अन्य सदस्यों के साथ आने वाली महिलाओं पर कोई रोक नहीं है। जामा मस्जिद के शाही इमाम सैय्यद अहमद बुखारी ने कहा कि यह फैसला कुछ घटनाओं के सामाने आने के बाद लिया गया था। यह नमाज पढ़ने की जगह है, इसके लिए सभी का स्वागत है। यह पिकनिक मनाने या मिलने की जगह नहीं है।

### असीम मुनीर पाकिस्तान...

रक्षा मंत्री ने कहा, इससे हमारे देश और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में भी मदद मिलेगी। फिलहाल सब कुछ ठप है। सीजेसीएससी सशस्त्र बलों में सर्वोच्च पद है, लेकिन सैनिकों की तैनाती, नियुक्तियों और स्थानांतरण सहित प्रमुख शक्तियां थल सेनाध्यक्ष के पास होती हैं, इसलिए फौज में सेना प्रमुख को सबसे शक्तिशाली माना जाता है। पाकिस्तान में सेना काफी ताकतवर मानी जाती है। पाकिस्तान को अस्तित्व में आए 75 साल हुए हैं और देश पर आधे से ज्यादा वक्त सेना का शासन रहा है। सुरक्षा और विदेश नीति में फौज का काफी दखल रहता है। नए सेना प्रमुख की नियुक्ति काफी अहम है, क्योंकि कई लोगों का मानना है कि अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की रैली का संबंध सेना में कमान बदलने से है। उन्होंने अपने समर्थकों को 26 नवंबर को रावलपिंडी में इकट्ठा होने के लिए कहा है, जिसके दो दिन बाद जनरल बाजवा नए सेना प्रमुख को कमान सौंपेंगे।

### एंबोलो के गोल से...

कैमरून ने स्विट्जरलैंड पर दबाव डाला। मैच के 66वें मिनट में आंद्रे-फ्रैंक जांबो एंगुइसा के हैडर को स्विट्जरलैंड के गोलकीपर यान सोमर ने आसानी से बचा लिया। स्विट्जरलैंड ने इसके कुछ देर बाद एक और मूव बनाया जो एंबोलो के गोल वाले मूव की तरह ही था लेकिन इस बार कैमरून के गोलकीपर आंद्रे ओनाना ने रूबेन वर्गास के शॉट को बचा लिया। खेल से पहले कैमरून के महान खिलाड़ी रोजर मिला को मैदान पर उतारा गया। इस दौरान 1990 के विश्व कप में उनके गोलों का एक वीडियो भी प्रशंसकों को दिखाया गया। कैमरून उस विश्व कप में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली अफ्रीकी टीम बना था। मिला के साथ कैमरून के महानतम खिलाड़ी सैमुअल इटो ओ भी शामिल हुए जो अब इस देश के फुटबॉल महासंघ के प्रमुख हैं। कैमरून ने पिछली बार विश्व कप में 2002 में जब सऊदी अरब के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की थी तब एकमात्र गोल इटो ओ ने ही दागा था।

### नृशंस हत्याओं के पीछे...

पति या प्रेमी ही नहीं, परिजन भी कथित रूप से परिवार के सम्मान के लिए को चोट पहुंचने के चलते उपज रही घृणा में बेटियों की जान लेने से नहीं हिचक रहे। पिछले दिनों यमुना एक्सप्रेसवे पर ट्रॉली बैग में मिली 21 वर्षीय युवती की लाश की पहचान दिल्ली निवासी के तौर पर हुई थी। उसके पिता ने मर्जी के खिलाफ शादी करने के कारण उसे गोली मार कर मौत की नींद सुला दिया था।

# कांग्रेस ने गांधीवादी मूल्यों का पालन नहीं किया : मोदी

**भाजपा सरकार ने गुजरात के शिक्षा क्षेत्र में व्यापक बदलाव किए: प्रधानमंत्री**



भाषा। अहमदाबाद

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछली कांग्रेस सरकारों ने महात्मा गांधी के मूल्यों का पालन नहीं किया और गुजरात के गांवों की उपेक्षा की।

मोदी गुजरात में अहमदाबाद जिले के बावला गांव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के लिए एक प्रचार रैली में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, 'महात्मा गांधी कहते थे कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने ऐसे गांधीवादी मूल्यों का पालन करने की कभी परवाह नहीं की। उन्होंने वास्तव में उस आत्मा को कुचल दिया। गांवों की उपेक्षा की गई और उनकी वास्तविक क्षमता को कभी समझा नहीं गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि गांवों और शहरों के बीच की खाई कांग्रेस सरकारों के तहत ही चौड़ी हुई, जिसने दोनों के बीच संघर्ष का लाभ भी लिया। उन्होंने दावा किया, आज हर कोई गुजरात की पंचायती राज व्यवस्था की सराहना करता है। लेकिन कांग्रेस के शासन के दौरान उस विभाग का बजट सिर्फ 100 करोड़ रुपए था। प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा ने गांवों में बिजली और नल के पानी जैसी सुविधाएं मुहैया कराने पर ध्यान केंद्रित किया ताकि लोगों को ऐसी सुविधाओं के अभाव में शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को गांधीनगर जिले के दहेगाम में दिन की तीसरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को बदल दिया है और इसे अधिक वैज्ञानिक और आधुनिक बना दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात में शिक्षा का बजट बढ़कर 33,000 करोड़ हो गया है जो कि कई राज्यों में कुल बजट से भी अधिक है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल चुनाव प्रचार अभियान के दौरान शिक्षा के दिल्ली मॉडल का जोरशोर से जिक्र कर रहे हैं और वादा कर रहे हैं कि यदि राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो वह सरकारी विद्यालयों में आमूलचूल परिवर्तन करके दिखाएगी। वर्ष 2001 से 2014 तक लगातार गुजरात के मुख्यमंत्री रहे मोदी ने कहा, करीब 20 से 25 साल पहले गुजरात में शिक्षा के लिए बजट आवंटन महज 1,600 करोड़ रुपए था। आज यह 33,000 करोड़ रुपए हैं जो कि कई राज्यों के कुल बजट से कई गुना अधिक है। हमने ए प्रगति की है। दहेगाम में पांच दिसंबर को विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत मतदान होने हैं। गुजरात में पहले चरण के तहत एक दिसंबर को मतदान होगा। मोदी ने कहा, इस क्षेत्र में हमने जो बदलाव किए हैं उससे पूरे गुजरात के लोगों को फायदा हुआ है। गुजरात में भाजपा ने शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव किए हैं और इसे अधिक वैज्ञानिक और आधुनिक बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधीनगर अब शिक्षा का एक बड़ा केंद्र बन गया है।

## असम-मेघालय की हिंसा-प्रभावित सीमा पर स्थिति तनावपूर्ण, परंतु शांति कायम

भाषा । हमरेन (असम)

**असम-मेघालय** सीमा पर एक गांव में मंगलवार तड़के हुई हिंसक झड़पों के बाद स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन शांति कायम है। वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि हिंसक झड़पों में छह व्यक्तियों की मौत के बाद इलाके में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि संघर्ष स्थल और आसपास के इलाकों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत प्रतिबंध भी लगाया गया है। अधिकारी ने बताया, स्थिति शांतिपूर्ण है और जब तक माहौल पूरी तरह से सामान्य नहीं हो जाता तब तक सुरक्षाकर्मियों को वहां तैनात रखा जाएगा। हमारे मजिस्ट्रेट रोजाना घटनास्थल का दौरा कर रहे हैं।

असम-मेघालय सीमा के साथ पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में एक विवादित स्थान पर मंगलवार तड़के हुई हिंसा में एक वन रक्षक सहित छह लोगों की उस वक्त मौत हो गई थी, जब अवैध रूप से काटी गई लकड़ियों से लदे एक ट्रक को असम के वनकर्मियों द्वारा रोका गया था। घटना के बाद यात्री कारों पर सिलसिलेवार हमलों के बाद असम सरकार ने वाहनों को मेघालय ले जाने से रोक दिया है।

असम से मेघालय के विभिन्न प्रवेश बिंदुओं पर पुलिसकर्मियों ने बैरिकेड्स लगा दिए हैं और लोगों से आग्रह किया जा रहा है कि वे असम की नंबर प्लेट वाले वाहनों में मेघालय न जाएं। गुवाहाटी पुलिस के उपायुक्त (पूर्व) सुधाकर सिंह ने बताया, हम लोगों से अनुरोध कर रहे हैं कि वे असम से पंजीकृत कार में मेघालय की यात्रा न करें। अगर (यात्रा करना) नितांत जरूरी है तो उन्हें सीमा के प्रवेश बिंदुओं से मेघालय की टैक्सी किराए पर लेनी चाहिए। हालांकि, उन्होंने कहा कि ट्रक और टैंकर जैसे वाणिज्यिक वाहनों पर इस तरह का कोई प्रतिबंध नहीं है।

## गुजरात चुनाव के पहले चरण के 21 प्रतिशत उम्मीदवार दागी

**रिपोर्ट**

भाषा। अहमदाबाद

**गुजरात विधानसभा** के लिए पहले चरण के तहत 89 सीट पर चुनाव हो रहे हैं और कुल 788 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनमें 167 प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 100 उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या एवं बलात्कार जैसे गंभीर आरोप हैं। यह जानकारी बृहस्पतिवार को एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट से मिली।

इसके साथ ही 21 प्रतिशत प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं जबकि 13 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आरोप हैं।

पहले चरण के तहत, आम आदमी पार्टी (आप)कुल 89 में से 88 सीट पर चुनाव लड़ रही है और वह इस सूची में सबसे ऊपर है जिसके 36 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आप के 30 प्रतिशत उम्मीदवार हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। आप के 32 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं।अरविंद केजरीवाल नीत पार्टी के बाद दूसरे नंबर पर कांग्रेस है जिसके 35 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। ऐसे 20 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस पहले चरण में सभी 89 सीट पर चुनाव लड़ रही है और आपराधिक मामलों वाले उसके उम्मीदवारों की संख्या 31 है।

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी पहले चरण के चुनाव में सभी सीट पर चुनाव लड़ रही है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार भाजपा ने आपराधिक अतीत वाले 14 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। प्रतिशत के लिहाज से यह संख्या 16 प्रतिशत है।भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) पहले चरण में 14 सीट पर चुनाव लड़ रही है और उसके चार उम्मीदवारों (29 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। उसके सात प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार 2017 के विधानसभा चुनावों में, पहले चरण के 15 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले थे, जबकि आठ प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले थे।

गंभीर आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों में जनक तलविया (भाजपा), वसंत पटेल (कांग्रेस), अमरदास देसानी (स्वतंत्र) शामिल हैं। आपराधिक रिकॉर्ड वाले अन्य उम्मीदवारों में भाजपा के पुरुषोत्तम सोलंकी, कांग्रेस के गनीबेन ठाकोर और जिग्नेश मेवानी, आप के गोपाल इटालिया और अल्पेश कठेरिया शामिल हैं। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, भाजपा और बीटीपी ने पहले चरण में क्रमश: 36, 25 और 67 प्रतिशत ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था जिनके खिलाफ आपराधिक मामले थे।उच्चतम न्यायालय के 25 सितंबर, 2018 के आदेश के अनुपालन में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार, सभी राजनीतिक दलों के लिए लंबित आपराधिक मामलों और ऐसे उम्मीदवारों के चयन की वजहों की जानकारी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है। इसके साथ ही जानकारी को एक स्थानीय और एक राष्ट्रीय दैनिक में प्रकाशित करने एवं आधिकारिक सोशल मीडिया मंच पर अपलोड करने की भी आवश्यकता होती है।

एडीआर के प्रमुख अनिल वर्मा ने वीडियो लिंक के जरिए एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा,"इन निर्देशों का ठीक से पालन नहीं किया जा रहा है... हमने गौर किया है कि स्थानीय समाचार पत्रों में गुजराती में जानकारी प्रकाशित की जाती है, लेकिन घोषणाएं अंग्रेजी में होती हैं। साथ ही, ऐसी जानकारी का फॉन्ट आकार 12 होना चाहिए, लेकिन उन्हें बहुत छोटे फॉन्ट आकार में प्रकाशित किया गया है।

## विधायक की खरीद-फरोख्त की कोशिश: भाजपा नेता संतोष, तीन और व्यक्ति आरोपी के रूप में नामजद

भाषा। हैदराबाद

**तेलंगाना राष्ट्र समिति** (टीआरएस) के चार विधायकों की कथित खरीद-फरोख्त की कोशिश के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी.एल. संतोष और तीन अन्य को आरोपी के रूप में नामजद किया है। तेलंगाना उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद मामले की जांच कर रही एसआईटी ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी.एल. संतोष को दूसरा नोटिस जारी किया है, जो अभी तक एसआईटी के समक्ष पेश नहीं हुए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नए नोटिस में संतोष को पूछताछ के लिए 26 या 28 नवंबर को एसआईटी के समक्ष पेश होने को कहा गया है। अब तक हुई जांच के आधार पर,एसआईटी ने यहां एक विशेष भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) अदालत में दाखिल किए गए एक मेमो में संतोष और केरल से दो व्यक्तियों-
-जग्गू स्वामी तथा तुषार वेल्लापल्ली-
-के अलावा बी. श्रीनिवास का नाम मामले में आरोपी के तौर पर जोड़ा है। इससे पहले, रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा, नंद कुमार और सिम्हायजी स्वामी नाम के तीन व्यक्तियों को मामले में आरोपी के तौर पर नामजद किया गया था। टीआरएस विधायक पायलट रोहित रेड्डी सहित चार विधायकों द्वारा एक शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद 26 अक्टूबर को यह कदम उठाया गया था। प्राथमिकी की प्रति के मुताबिक, रोहित रेड्डी ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उन्हें 100 करोड़ रुपए की पेशकश की थी और इसके एवज में विधायक को टीआरएस छोड़ कर अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया गया था। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने बुधवार को एसआईटी को निर्देश दिया कि वह दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41ए के तहत दोबारा संतोष को नोटिस जारी करे।

## क्विक न्यूज

### तेलंगाना के मंत्री, आयकर अधिकारी के खिलाफ मामले दर्ज

**हैदराबाद।** आयकर अधिकारियों द्वारा ली गई तलाशी में कथित तौर पर बाधा डालने को लेकर तेलंगाना के श्रम एवं रोजगार मंत्री सी.मल्ला रेड्डी के खिलाफ यहां पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक मामला दर्ज किया। वही, मंत्री के बेटे की एक शिकायत के बाद एक आयकर अधिकारी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। शिकायतों के आधार पर, बोवेनपल्ली पुलिस थाने में जीरो एफआईआर (दोनों मामलों के सिलसिले में) दर्ज की गई और अधिकारक्षेत्र के मद्देनजर प्राथमिकी आगे की जांच के लिए डुंडीगल पुलिस थाना को भेजी जाएगी। पुलिस ने बताया कि एक आयकर अधिकारी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि मल्ला रेड्डी और उनके परिजन ने कार्वाई बाधित की तथा उन्हें बंधक बना लिया। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में मंत्री के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंत्री के छोटे बेटे ने भी पुलिस में एक शिकायत दर्ज करा कर कहा है कि उनके बड़े भाई को आयकर अधिकारियों ने कुछ कागजातों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया। उन्होंने बताया कि दोनों ओर से शिकायतें मिलने के बाद, मामले जीरो एफआईआर के रूप में दर्ज किए गए है। रेड्डी ने बुधवार को यहां अपने आवास और शैक्षणिक संस्थानों में तलाशी के दौरान आयकर विभाग अधिकारियों के साथ मौजूद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों पर उनके बेटे की पिटाई करने का आरोप लगाया था।

### ओडिशा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी ढेर

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बोलांगीर जिले मे गंधमर्दन पहाड़ी इलाके मे बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।मुठभेड़ खापरखोल पुलिस थाना क्षेत्र के तहत जल महादेव मंदिर से सटे जंगल में हुई। ओडिशा के विशेष अभियान बल (एसओजी) और बोलंगीर जिला स्वयंसेवी बल (डीवीएफ) को यहां संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान एक माओवादी शिविर दिखा और इसके बाद मुठभेड़ हुई। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि माओवादियों ने सुरक्षा बलो पर गोलीबारी की जिसका सीओजी और डीवीएफ के जवानों ने जवाब दिया और इस दौरान दो माओवादी मारे गए। पुलिस अधिकारी ने कहा, दो शव बरामद किए गए है और तलाशी अभियान जारी है। हम शवों को पहाड़ी से नीचे लाने के बाद ही विवरण दे पाएंगे। माओवादी शिविर से कुछ हथियार और गोला-बारूद जब्त किया गया है। गौरतलब है कि कोरापुट जिले मे 11 नवंबर को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ मे दो माओवादी मारे गए थे।

### कुंबकोणम मठ से चार प्राचीन मूर्तियां, तंजौर चित्रकला जब्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की मूर्ति शाखा ने कुंबकोणम मे एक धार्मिक संस्थान में छिपाई तंजौर चित्रकारी के अलावा कांसे की चार मूर्तियां बरामद की है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हिंदू मुन्नानी के राम निरंजन तथा 20 अन्य सदस्यो की शिकायत के बाद तलाशी के दौरान मूर्ति शाखा के कर्मियो ने भगवान नटराज, तिरुवाची के साथ देवी शिवकामी, तिरुवाची के साथ गणेश, बाला धनदयुत्तपानी और 63 नयनमार वाली तंजौर चित्रकारी बरामद की। मूर्ति शाखा ने इंस्पेक्टर इंदिरा की शिकायत पर एक मामला दर्ज किया है। जब्त की गई मूर्तियो को कुंबकोणम के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। मूर्ति शाखा ने यहां एक विज्ञप्ति में कहा कि यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि क्या ए मूर्तियां मंदिरो से चुराई गई थी। हिंदू मुन्नानी के सदस्यो ने अपनी याचिका मे आरोप लगाया कि कुंबकोणम मे मौनस्वामी मठ ने प्राचीन मूर्तियो को रखा था। विज्ञप्ति में दावा गया गया है कि मठ के प्राधिकारी इन मूर्तियो के मालिकाना हक के संबंध मे दस्तावेज नही दिखा पाए।

### मुकरोह हिंसा: अमित शाह के साथ सीमा की स्थिति पर चर्चा के लिए मेघालय के मुख्यमंत्री जाएंगे नई दिल्ली

**शिलांग।** मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा के नेतृत्व मे मेघालय मंत्रिमंडल का एक प्रतिनिधिमंडल मुकरोह गांव में झड़प के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति की चर्चा करने एवं इस हिंसा की संघीय जांच की मांग करने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली जाएगा। यह भेंट बृहस्पतिवार शाम को होगी। उससे एक दिन पहले असम मंत्रिमंडल ने घोषणा की थी कि वह इस हिंसा की जांच सीबीआई को सौंपेगा तथा उसने राज्य पुलिस से नागरिक अशांति से निपटने के दौरान संयम से काम लेने को कहा है। वेस्ट कार्बी आंगलोग जिले में मंगलवार तड़के असम-मेघालय सीमा पर संदिग्ध रूप से अवैध लकड़ी ले जा रहे एक ट्रक को असम पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद भड़की हिंसा मे एक वन कर्मी एवं मेघालय के पांच ग्रामीणो की मौत हो गई। इस घटना के बाद सीमावर्ती क्षेत्र मे तनाव फैल गया तथा असम के एक वन कार्यालय को नाराज ग्रामीणों ने जला दिया। मेघालय के अलग अलग हिस्सो में असम के कुछ वाहनो को फूंक भी दिया गया। इस बीच, यहां कम से कम पांच सामाजिक संगठनो ने इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगो के विरूद्ध कार्वाई की मांग करते हुए बृहस्पतिवार को दो दिनो के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन की घोषणा की। गृहविभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने इलाके में किसी भी अप्रिय घटना को टालने के लिए सुरक्षा एजेंसियो को चौकस रहने का निर्देश दिया है।



मोरमुगाओ में वाई 12705 जहाज के डेक पर खड़े नौसेना के अधिकारी

## अमेरिकी अधिकारी के पीएम मोदी का अनावश्यक संदर्भ देने से भारत नाराज

भाषा। नई दिल्ली

**पत्रकार** जमाल खशोगी की हत्या के आरोपों का सामना कर रहे सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सुल्तान को मिली छूट का बचाव करते हुए अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र किए जाने से भारत नाराज है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने मामले में अमेरिकी अधिकारी द्वारा मोदी का जिक्र किए जाने के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में कहा, सच कहूं, तो मैं यह समझने में विफल हूं कि प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी (अमेरिकी अधिकारी को) कैसे प्रासंगिक या आवश्यक लगी। बागची ने भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों का जिक्र करते हुए कहा, हमारे दोनों देशों के बीच बहुत ही विशेष संबंध हैं जो और मजबूत हो रहे हैं तथा हम इसे और गहरा करने के लिए अमेरिका के साथ काम करने की आशा करते हैं। पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या पर सऊदी युवराज को छूट दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल ने पिछले शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने ऐसा किया है और प्रधानमंत्री मोदी सहित यह पूर्व में कई राष्ट्राध्यक्षों के लिए लागू किया गया है।

बागची ने यह भी कहा कि दिसंबर में प्रधानमंत्री के अमेरिका जाने संबंधी खबरें भी गलत हैं। उन्होंने कहा, हमारी तरफ से दिसंबर में प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा का कोई प्रस्ताव नहीं है। इस संबंध में मीडिया में आईं खबरें गलत हैं। बागची ने हाल ही में बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन के बीच संक्षिप्त द्विपक्षीय बैठक के संबंध में विदेश मंत्री एस जयशंकर और व्हाइट हाउस के प्रवक्ता के हवाले से झूठी टिप्पणियों के बारे में सोशल मीडिया पोस्ट को भी खारिज किया। उन्होंने कहा, हमने कुछ गलत सोशल मीडिया पोस्ट देखे हैं जिनमें झूठे बयानों को विदेश मंत्री से जोड़ा गया है, जिन्होंने प्रेस या सोशल मीडिया पर ऐसी कोई टिप्पणी नहीं की है। इसमें व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव का हवाला देते हुए भी गलत बयान दिए गए हैं। इसलिए, मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि इस तरह की गलत सूचना पर विश्वास न करें।

बागची ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बाली शिखर सम्मेलन के दौरान कई मौकों पर बाइडन से मुलाकात की, जिसमें एक संक्षिप्त द्विपक्षीय बैठक और एक त्रिपक्षीय बैठक शामिल थी जिसमें इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो शामिल थे।

## नवाब मलिक की जमानत याचिका पर अदालत ने कहा, फैसला अभी तैयार नहीं

भाषा। मुंबई

**मुंबई की** एक विशेष अदालत धनशोधन मामले में गिरफ्तार महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक की जमानत याचिका पर अब 30 सितंबर को फैसला सुना सकती है। अदालत ने बृहस्पतिवार को कहा, फैसला अभी तैयार नहीं है। विशेष न्यायाधीश आर. एन. रोकडे ने 14 नवंबर को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मलिक की जमानत पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। बृहस्पतिवार को सुनवाई शुरू होते ही अदालत ने कहा कि फैसला तैयार नहीं है.फैसला अब 30 सितंबर को सुनाया जा सकता है। मलिक (62) के खिलाफ धनशोधन का मामला भगोड़े माफिया सरगना दाऊद इब्राहिम और उसके साथियों की गतिविधियों से जुड़ा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता मलिक को इस साल फरवरी में गिरफ्तार किया था। मलिक अभी न्यायिक हिरासत में हैं और उनका मुंबई के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। मलिक ने जुलाई में विशेष अदालत के समक्ष नियमित जमानत याचिका दायर की थी। राकांपा नेता ने जमानत की मांग करते हुए कहा था कि उनके खिलाफ धनशोधन के लिए मुकदमा चलाने का कोई आधार नहीं है। हालांकि, जांच एजेंसी ने जमानत का विरोध करते हुए कहा था कि दाऊद इब्राहिम और उसके गुर्गों के खिलाफ राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा दर्ज मामला मलिक के खिलाफ मुकदमा चलाए जाने का आधार माना जा सकता है। ईडी ने दावा किया था कि आरोपी के इब्राहिम और उसकी बहन हसीना पारकर के साथ कारोबारी संबंध थे, इसलिए उनके निर्दोष होने का कोई सवाल ही नहीं उठता। मलिक के खिलाफ ईडी का मामला एनआईए द्वारा दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है।

### इस्लामिक रेजिस्टेंस काउंसिल नामक संगठन ने मंगलुरु धमाके की जिम्मेदारी ली

**बेंगलुरु।** एक अनजान से संगठन इस्लामिक रेजिस्टेंस काउंसिल (आईआरसी) ने कर्नाटक के मंगलुरु में 19 नवंबर को हुए धमाके को कथित तौर पर अंजाम देने का दावा किया है। आईआरसी ने कहा है कि उसके मुजाहिद भाई मोहम्मद शारिक ने कादरी में एक हिंदू मंदिर पर हमले की कोशिश की थी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) आलोक कुमार ने कहा कि पुलिस संगठन की प्रामाणिकता का सत्यापन कर रही है। सोशल मीडिया पर प्रसारित संदेश में कहा गया है, हम इस्लामिक रेजिस्टेंस काउंसिल (आईआरसी) यह संदेश देना चाहेंगे- मंगलुरु में भगवा आतंकियों के गढ़ (दक्षिण कन्नड़ जिले में) कादरी स्थित हिंदू मंदिर पर हमारे एक मुजाहिद भाई मोहम्मद शारिक ने हमला करने की कोशिश की। यह संदेश सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें आगे कहा गया है, हालांकि यह अभियान सफल नहीं हुआ, फिर भी हम इसे रणनीतिक नजरिए से सफल मानते हैं, क्योंकि राज्य और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा वांछित होने के बावजूद, भाई (शारिक) उनसे बचने में सफल रहा और हमले की तैयारी की तथा उसे अंजाम भी दिया।

## शिवाजी पर टिप्पणी: भाजपा सांसद उदयनराजे भोसले ने कोश्यारी, त्रिवेदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

भाषा। पुणे(महाराष्ट्र)

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के सांसद एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज उदयनराजे भोसले ने 17वीं सदी के मराठा शासक के बारे में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और अपनी पार्टी के सहकर्मी सुधांशु त्रिवेदी की आलोचना की। कोश्यारी मराठा साम्राज्य के संस्थापक को पुराने समय का आदर्श बताने को लेकर आलोचना का सामना कर रहे हैं, जबकि त्रिवेदी ने कथित तौर पर कहा था कि शिवाजी महाराज ने मुगल बादशाह औरंगजेब से माफी मांगी थी।भोसले ने मंगलवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक पत्र लिख कर कोश्यारी और त्रिवेदी के खिलाफ कार्वाई की मांग की थी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार उस समय मंच पर थे, जब राज्यपाल ने शिवाजी महाराज के बारे में बोला था। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि 20 नवंबर को औरंगाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान गडकरी और पवार को कोश्यारी की टिप्पणी पर आपत्ति जतानी चाहिए थी। भोसले ने कहा, जब मैंने छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में राज्यपाल का बयान सुना, मैं समझ नहीं पाया कि इस तरह के बयान का क्या आधार है। उन्होंने कहा कि शिवाजी ने उस समय न्याय के लिए और दासता से लोगों को मुक्त कराने के लिए लड़ाई लड़ी थी, जब अन्य सभी शासकों ने मुगलों का अधिपत्य स्वीकार कर लिया था।

उन्होंने कहा, आधुनिक भारत की अवधारणा छत्रपति शिवाजी महाराज ने रखी थी। वह भगत सिंह, नाना पाटिल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, छत्रपति साहू महाराज, महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ भीम राव आंबेडकर जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने कहा, अब ए लोग कह रहे हैं कि शिवाजी महाराज के विचार पुराने पड़ गए हैं। भोसले ने त्रिवेदी की आलोचना करते हुए कहा कि जब देश में हर किसी ने मुगल शासन के समक्ष घुटने टेक दिए थे, केवल शिवाजी महाराज ही उसके खिलाफ खड़े हुए थे। उन्होंने कहा, जब इस तरह के बयान दिए जाते हैं, तो क्या उन्हें खुद पर शर्म नहीं आती? किस आधार पर वे इस तरह के बयान दे रहे हैं? इस तरह के बयान हमें आक्रोशित करते हैं। उन्होंने कहा, यदि शिवाजी की विचारधारा को भूला दिया गया तो देश के टुकड़े होने में कितना वक्त लगेगा? हमने भगवान को कभी नहीं देखा है, लेकिन छत्रपति शिवाजी महाराज भगवान के अवतार थे।

### महाराष्ट्र के राज्यपाल ने सारी हदें पार कर दी हैं: शरद पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने छत्रपति शिवाजी महाराज पर हालिया बयान को लेकर महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की बृहस्पतिवार को आलोचना की और कहा कि उन्होने सारी हदे पार कर दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों को महत्वपूर्ण पद नही दिए जाने चाहिए। पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा, जब मैने छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे मे उनकी टिप्पणी सुनी...अब उन्होने सारी हदे पार कर दी है। उन्होने कल शिवाजी महाराज की प्रशंसा की थी, लेकिन यह देर से समझ मे आया। उन्होने कहा, मुझे लगता है कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को (कोश्यारी के बारे मे) फैसला लेना चाहिए। ऐसे लोगो को महत्वपूर्ण पद नही दिए जाने चाहिए। राकांपा प्रमुख ने कहा, राज्यपाल का पद एक संस्था का प्रतिनिधित्व करता है और उस पद की गरिमा बनाए रखने के लिए हमने कोश्यारी के खिलाफ पहले कोई टिप्पणी नही की।

# सुधारवादी नेता अनवर बने मलेशिया के नए पीएम

**● सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह ने की नाम की घोषणा**

**भाषा।** कुआलालंपुर



**मलेशिया** के सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह ने सुधारवादी विपक्षी नेता अनवर इब्राहिम को बृहस्पतिवार को देश का नया प्रधानमंत्री घोषित किया। इससे मलेशिया में खंडित जनादेश वाले आम चुनावों के बाद कई दिनों से जारी राजनीतिक अनिश्चितता का अंत हो गया। सुल्तान ने कहा कि अनवर को बृहस्पतिवार शाम पांच बजे शाही महल में मलेशिया के दसवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। आम चुनाव में अनवर के नेतृत्व वाले गठबंधन पाकतन हरपन (उम्मीदों के गठबंधन) को सर्वाधिक 82 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। हालांकि, यह गठबंधन सरकार गठन के लिए जरूरी 112 सीटों के आंकड़े से काफी पीछे रह गया था। चुनाव में मलय समुदाय से मिले अप्रत्याशित समर्थन के कारण पूर्व प्रधानमंत्री मुहीद्दीन का मलय-केंद्रित पेरिक्टन नेशनल (राष्ट्रीय गठबंधन) 72 सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहा था। पैन-मलेशियन इस्लामिक पार्टी 49 सीटों पर जीत के साथ इस गठबंधन का सबसे बड़ा दल बनकर उभरी थी। गतिरोध का समाधान उस समय हो गया, जब चुनाव में 30 सीटें जीतने वाले यूनाइटेड मलय नेशनल ऑर्गेनाइजेशन (यूएमएनओ) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने एक ऐसी एकता सरकार का समर्थन करने की सहमति जता दी, जिसका नेतृत्व अनवर के हाथों में होगा। दोनों खेमों के बीच लंबे समय से जारी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते मलेशिया की राजनीति में कुछ समय पहले तक इस तरह के गठबंधन की कल्पना करना भी मुश्किल था।

बोर्नियो द्वीप में अच्छा-खासा प्रभाव रखने वाले कई छोटे राजनीतिक दलों ने भी अनवर के नेतृत्व में एकता सरकार के गठन के सुल्तान के फैसले का समर्थन करने की घोषणा की है। शाही महल की ओर से एक बयान जारी कर कहा गया है, सुल्तान सभी दलों को याद दिलाते हैं कि जीतने वाले सब कुछ नहीं जीतते और हारने वाले सब कुछ नहीं खोते। सुल्तान ने अनवर और उनके नेतृत्व वाली नई सरकार से विनम्र रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सभी विरोधी दलों को एक स्थिर सरकार सुनिश्चित करने और मलेशिया की राजनीतिक उथल-पुथल को समाप्त करने के लिए सामंजस्य स्थापित करना चाहिए, जिसके कारण 2018 के चुनावों के बाद से देश के तीन प्रधानमंत्री बनाए जा चुके हैं। शाही महल ने बयान में कहा है कि सुल्तान इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि अनवर वह उम्मीदवार हैं, जो बहुमत साबित करने में सफल रहेंगे। हालांकि, बयान में नई सरकार के स्वरूप के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। अनवर नीत बहुदलीय गठबंधन के सत्ता में आने पर मलेशिया में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़कने की आशंका जताए जाने के बाद पुलिस ने देशभर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

## चीन में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लॉकडाउन की अवधि बढ़ाई गई

**बीजिंग।** चीन में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लॉकडाउन की अवधि को बढ़ा दिया गया है। झोंगझोउ के आठ जिलों की कुल आबादी करीब 66 लाख है और वहां लोगों को बृहस्पतिवार से लेकर पांच दिन तक अपने-अपने घरों में रहने को कहा गया है। शहर की सरकार ने संक्रमण से निपटने की कार्वाई के तहत वहां व्यापक स्तर पर जांच के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि झोंगझोउ इन दिनों खबरों में बना हुआ है, जहां स्थित एप्पल के आईफोन के दुनिया के सबसे बड़े कारखाने में कर्मचारियों को कथित तौर पर पुलिस ने संविदा संबंधी विवाद के चलते पीटा और हिरासत में रखा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बृहस्पतिवार को बताया कि चीन में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 31,444 नए मामले सामने आए। चीन के वुहान शहर में 2019 में सामने आए संक्रमण के पहले मामले के बाद देश में सामने आए ए सबसे अधिक दैनिक मामले हैं।



चीन में कोविड के बढ़ते हुए प्रकोप के चलते सुरक्षा के लिए मानक बढ़ाए गए।

# भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति सुरक्षा व समृद्धि का आह्वान किया

**भाषा।** ढाका

**भारत** ने हिंद महासागर क्षेत्र और व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए हिंद महासागर परिधि संघ (आईओआरए) को मजबूत करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को बृहस्पतिवार को दोहराया। विदेश राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह ने यहां आयोजित आईओआरए की मंत्रिपरिषद (सीओएम) की 22वीं बैठक में भाग लेते हुए यह बात कही। आईओआरए हिंद महासागर क्षेत्र में 23 सदस्यों और 10 संवाद भागीदारों के साथ सबसे बड़ा और पूर्व-प्रतिष्ठित संगठन है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक विदेश राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह ने आईओआरए में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने आईओआर के साथ-साथ व्यापक भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए आईओआरए को मजबूत करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

मंत्री ने आपदा जोखिम प्रबंधन (डीआरएम) के आईओआरए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के समन्वयक के रूप में भारत के योगदान और आईओआरए सचिवालय की क्षमता निर्माण और मजबूती के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार पर भी प्रकाश डाला। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, हमारी जलवायु, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा के लिए मौजूदा वैश्विक चुनौतियों का सामना करते हुए, मंत्री ने लाइफ - पर्यावरण के लिए जीवन शैली और 2023 में बाजरा के अंतरराष्ट्रीय वर्ष की हमारी पहल पर प्रकाश डाला।

# यूक्रेन की सेना ने बनाई नई योजना

**खेरसॉन।** यूक्रेनी निशानेबाज ने अपने दायरे को समायोजित करते हुए नाइपर नदी के पार एक रूसी सैनिक पर 0.50 कैलिबर की गोली से निशाना साधा। इससे पहले, दूसरे यूक्रेनी सैनिक ने रूसी सेना की टोह लेने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। कुल मिलाकर खेरसॉन से बाहर निकलने के दो सप्ताह बाद रूस तोप से यूक्रेन के इस दक्षिणी शहर पर गोले बरसा रहा है, जबकि यूक्रेन अपने लंबी दूरी तक निशाना साधने वाले हथियारों से पलटवार कर रहा है। यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि उनकी सेना अपनी गति को बनाए रखना चाहती है। यूक्रेन के साथ जारी नौ महीने के युद्ध में कब्जाई गई एकमात्र प्रांतीय राजधानी से भी रूस की वापसी उसकी सबसे करारी हार थी। यूक्रेनी सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि अब जब उसके सैनिकों ने नई स्थिति हासिल की है तो सेना नई योजना बना रही है। यूक्रेनी सेना अब रूस-नियंत्रित क्षेत्रों में अंदरूनी सीमा तक हमले कर सकती है और संभवत: क्रीमिया के करीब अपनी जवाबी कार्वाई कर सकती है, जिस पर रूस ने 2014 में अवैध रूप से कब्जा कर लिया था।



रूसी सैनिकों ने क्रीमिया सीमा के पास और पूरब में दोनेत्स्क तथा लुहांस्क क्षेत्रों के बीच के कुछ इलाकों में ट्रेंच सिस्टम (खाई बनाना) सहित किलेबंदी कर रखी है। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के अनुसार, कुछ ठिकानों पर रूस की नई किलेबंदी मौजूदा अग्रिम मोर्चे से करीब 60 किमी पीछे तक है और इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि रूस एक बार फिर से यूक्रेन पर महत्वपूर्ण सफलता हासिल करने की फिराक में है। सैन्य रणनीतिकार और सेवानिवृत्त ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख जनरल मिक रयान ने कहा, उनके पास गति है। इसे वह किसी भी रूप में बर्बाद करना नहीं चाहते। नदी पार करने और रूसियों को और पीछे धकेलने के लिए यूक्रेन को जटिल तार्किक योजना की आवश्यकता होगी। दोनों पक्षों ने नाइपर पर बने पुलों को उड़ा दिया है।

# ब्राजील की निर्वाचन एजेंसी ने मतों को रद्द किए जाने की बोलसोनारो की मांग ठुकराई

**भाषा।** रियो डी जिनेरियो

**ब्राजील** के निर्वाचन प्राधिकरण के प्रमुख ने हाल में हुए आम चुनाव में अधिकतर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए डाले गए मतों को रद्द घोषित किए जाने के देश के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो और उनके राजनीतिक दल के अनुरोध को बुधवार को खारिज कर दिया। ब्राजील के निवर्तमान राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो ने चुनाव में मिली हार के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद मंगलवार को सॉफ्टवेयर संबंधी किसी दिक्कत (बग) का हवाला देते हुए चुनाव परिणाम पर सवाल उठाए थे। उन्होंने निर्वाचन प्राधिकारियों से देश की अधिकतर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए डाले गए मतों को रद्द करने की मांग की थी। बहरहाल, विशेषज्ञों का कहना है कि इस बग से परिणाम की विश्वसनीयता पर कोई असर नहीं पड़ा।

बोलसोनारो और उनकी लिबरल पार्टी की ओर से 33 पन्नों की अपील दायर करने वाले वकील मार्सेलो डी बेसा ने कहा था कि मतों को रद्द किए जाने के बाद बोलसोनारो के पास 51 प्रतिशत वैध मत रहेंगे और वह चुनाव में पुन: जीत जाएंगे। देश की सुपीरियर इलेक्टोरल कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस ने लिबरल पार्टी और बोलसोनारो की अपील को खारिज कर दिया। उन्होंने पार्टी पर यह मुकदमा दायर करने के लिए 43 लाख डॉलर का जुर्माना भी लगाया।

निर्वाचन प्राधिकारी पूर्व राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा को पहले ही विजई घोषित कर चुके हैं और बोलसोनारो के कई सहयोगियों ने भी नतीजों को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, बोलसोनारो के हार नहीं मानने के कारण कई शहरों में लोगों ने प्रदर्शन किए और परिणाम स्वीकार करने से इनकार कर दिया। लिबरल पार्टी के नेता वालडेमार कोस्टा और डी बेसा ने कहा कि 2020 से पहले की करीब 2,80,000 मशीनों के आंतरिक लॉग में व्यक्तिगत पहचान संख्या नहीं थी।

## फॉक्सकॉन ने चीन की फैक्टरी में वेतन विवाद पर माफी मांगी

**बीजिंग।** एप्पल के आईफोन को असेंबल करने वाली कंपनी फॉक्सकॉन ने वेतन के विवाद के लिए बृहस्पतिवार को माफी मांग ली। इस विवाद के कारण कंपनी की फैक्टरी में कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर दिया था। कर्मचारियों ने शिकायत की थी कि फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने मध्य झेंगझोऊशहर में फैक्टरी बुलाने के लिए उन्हें दिए जाने वाले वेतन की शर्तों में बदलाव कर दिया है। कर्मचारियों ने फैक्टरी में असुरक्षित स्थितियां होने की शिकायतों को लेकर पिछले महीने काम पर आना बंद कर दिया था जिसके बाद फॉक्सकॉन कर्मचारियों को वापस बुलाने की कोशिश कर रहा है। सोशल मीडिया पर आई वीडियो में मंगलवार को शुरू हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कर्मचारियों के बीच झड़प देखी गई। फॉक्सकॉन ने नए कर्मचारियों को जोड़ने की प्रक्रिया में तकनीकी खामी को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उन्हें वही वेतन दिया जाएगा जिसका उनसे वादा किया गया था।

# सेंसेक्स 62,273 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर, निफ्टी भी 217 अंक मजबूत

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 62,272.68 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्यौरे में ब्याज दरों में वृद्धि के नरम रुख से निवेशकों की धारणा को बल मिला। साथ ही वैश्विक बाजारों में मजबूती और सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग और पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में बढ़त से बाजार में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 762.10 अंक यानी 1.24 प्रतिशत उछलकर 62,272.68 अंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 62,412.33 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 216.85 अंक यानी 1.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,484.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार में दौरान यह अपने 52 सप्ताह के उच्चस्तर 18,529.70 तक गया था। शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी से निफ्टी में दो प्रतिशत या 324 अंक तथा सेंसेक्स में ।,167 अंक या दो प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, दो चीजों से सेंसेक्स रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका बाजार में तेजी, बॉन्ड पर प्रतिफल घटने और डॉलर की विनियम दर में गिरावट से बाजार की धारणा को बल मिला है। उन्होंने कहा, दूसरा, भारत में वृहत आर्थिक ऋण वृद्धि और पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि के मजबूत आर्थिक संकेतों से भी बाजार को मजबूती मिली। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी बाजार को समर्थन मिला।

सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस के शेयर में सबसे अधिक 2.93 प्रतिशत की तेजी आई। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा लाभ में रहे। दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर गिरावट में रहे। व्यापक बाजार में बीएसई का मिडकैप 0.52 प्रतिशत और स्मॉलकैप 0.42 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहा जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में नुकसान रहा। यूरोप के बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी थी। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में बुधवार को तेजी दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.46 प्रतिशत की गिरावट लेकर 85.02 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## आंकड़ों में देरी, बार-बार समीक्षा से मौद्रिक नीति का काम चुनौतीपूर्ण बना: डिप्टी गवर्नर पात्रा

**मुंबई।** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि वर्तमान में मौद्रिक नीति तैयार करना बेहद चूनौतीपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि आजकल के अस्थिर माहौल, आंकड़ों में देरी और उनकी बार-बार समीक्षा ने इस काम को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। पात्रा ने कहा कि दिसंबर के पहले सप्ताह में घोषित की जाने वाली अगली मौद्रिक नीति समीक्षा के लिए विचार-विमर्श शुरू होगा। अक्टूबर के मुद्रास्फीति के आंकड़ों और 30 नवंबर को आने वाले जुलाई-सितंबर के वृद्धि आंकड़ों पर निर्भर रहना होगा।

वार्षिक एसबीआई सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मौद्रिक नीति को दूरदर्शी होना चाहिए। ऐसा इसलिए है, क्योंकि जब नीति दर में बदलाव किया जाता है, तो इसका असर ऋण दरों और अर्थव्यवस्था में कुल मांग तक पहुंचने में काफी समय लगता है। ऐसे में हम सिर्फ भविष्य की मुद्रास्फीति को लक्षित कर सकते हैं, कल की नहीं। पात्रा ने कहा, एक महीने और तीन माह पुराने आंकड़ों के आधार पर, मुझे यह आकलन करना होगा कि मुद्रास्फीति कितनी है और वृद्धि की रफ्तार कैसी रहने वाली है। पात्रा केंद्रीय बैंक में मौद्रिक नीति कार्य की देखरेख करते हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में युद्ध और तेल तथा खाद्य कीमतों में उछाल, ऐसे झटके हैं, जिनका सामना आधिकारिक डेटा जारी होने के बाद मौद्रिक नीति को करना पड़ता है।

पात्रा ने कहा कि इसके अलावा बार-बार समीक्षा का जोखिम भी है और कभी-कभी आंकड़ों में बहुत अधिक बदलाव हो जाता है। उन्होंने हंसते हुए कहा, अगर एनएसएसओ के पास आंकड़ों को संशोधित करने का अधिकार है, अगर कंपनियां कमाई के आंकड़े बदल सकती हैं, तो मुझे भी सितंबर (अंतिम नीति) की ब्याज दर में बदलाव करने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने हाल में कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग आधारित विश्लेषण शुरू किए हैं, जिसके नतीजे काफी दिलचस्प हैं।

## जीएसटी मुनाफाखोरी की शिकायतों की जांच एक दिसंबर से प्रतिस्पर्धा आयोग करेगा

**नई दिल्ली।** जीएसटी मुनाफाखोरी से जुड़ी सभी शिकायतों की जांच एक दिसंबर से भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) करेगा। इससे पहले इस प्रकार की शिकायतों से राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण (एनएए) निपटता था। केंद्र सरकार ने इस बाबत एक अधिसूचना जारी की है। वर्तमान में कंपनियों द्वारा जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों की जांच मुनाफाखोरी-रोधी महानिदेशालय (डीजीएपी) करता है और फिर यह अपनी रिपोर्ट एनएए को देता है। जिसके बाद एनएए इन शिकायतों पर अंतिम निर्णय लेता है। एनएए का कार्यकाल इस महीने समाप्त होने वाला है इसलिए इसके कामकाज को एक दिसंबर से सीसीआई संभालेगा। डीजीएपी अपनी सभी रिपोर्ट सीसीआई को देगा, जो उन पर फैसला सुनाएगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमाशुल्क बोर्ड ने 23 नवंबर को एक अधिसूचना में यह कहा है। एनएए की स्थापना माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कानून की धारा 171ए के तहत नवंबर 2017 में दो साल के लिए (2019 तक) की गई थी। बाद में इसका कार्यकाल नवंबर 2021 तक दो साल के लिए बढ़ाया गया। फिर, जीएसटी परिषद ने पिछले वर्ष सितंबर में एनएए का कार्यकाल और एक साल के लिए बढ़ाकर 30 नवंबर 2022 कर दिया जिसके बाद इसका सारा कामकाज सीसीआई को सौंपने का निर्णय लिया। अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी मुनाफाखोरी से संबंधित शिकायतों से निपटने के लिए सीसीआई में एक अलग खंड की स्थापना की जा सकती है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था मध्यम-तेज रफ्तार से बढ़ेगी, महंगाई नीचे आएगी : वित्त मंत्रालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**वैश्विक स्तर** पर मौद्रिक नीति में आक्रामक रुख के बावजूद व्यापक आर्थिक स्थिरता के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में मध्यम-तेज रफ्तार से बढ़ने के लिए अच्छी स्थिति में है। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि खरीफ की फसल की आवक के साथ आने वाले महीनों में मुद्रास्फीतिक दबाव कम होगा और साथ ही कारोबार की संभावनाओं में सुधार के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मंत्रालय की अक्टूबर 2022 के लिए मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में साथ ही आगाह किया गया है कि अमेरिका की सख्त मौद्रिक नीति भविष्य का एक जोखिम है। इससे शेयर बाजार में गिरावट, मुद्राओं की विनियम दर में कमजोरी और बॉन्ड पर प्रतिफल ऊंचा हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक स्तर आर्थिक वृद्धि के अनुमान में तेजी से गिरावट, उच्च मुद्रास्फीति और बिगड़ती वित्तीय स्थिति ने वैश्विक मंदी की आशंका को बढ़ाया है। साथ ही वैश्विक स्तर मंदी का भारत के निर्यात कारोबार पर अप्रत्यक्ष प्रभाव भी पड़ सकता है। हालांकि, लचीली घरेलू मांग, मजबूत वित्तीय प्रणाली और पुन: सक्रिय निवेश चक्र के साथ संरचनात्मक सुधार आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया, एक तरफ जहां दुनिया में सख्त मौद्रिक नीति ने आर्थिक वृद्धि के अनुमान को कमजोर किया है, दूसरी तरफ व्यापक आर्थिक स्थिरता से भारतीय अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में मध्यम गति से बढ़ने के लिए अच्छी स्थिति में दिखाई दे रही है।

मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में अबतक सरकार ने देश की खाद्य सुरक्षा चिंताओं को दूर कर किया है और इसपर सरकार प्राथमिकता से ध्यान दे रही है। रिपोर्ट के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिंस कीमतों में कमी और नई खरीफ फसल की आवक भी आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने में मदद करेगी। इस साल फरवरी में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद आपूर्ति श्रृंखला में मुख्य रूप से व्यवधान के कारण देश में थोक और खुदरा मुद्रास्फीति साल के ज्यादातर समय में उच्चस्तर पर बनी रही। हालांकि, इसमें अक्टूबर में कमी आई है। उल्लेखनीय है कि रूस और यूक्रेन आवश्यक कृषि वस्तुओं के सबसे महत्वपूर्ण उत्पादकों में से हैं। इसमें गेहूं, मक्का, सूरजमुखी के बीज और उर्वरक जैसा कच्चा माल भी शामिल है।

# एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 2023 में मंदी की आशंका नहीं: मूडीज

**नई दिल्ली।** आने वाले वर्ष के दौरान एशिया-प्रशांत (एपीएसी) क्षेत्र में मंदी की आशंका नहीं है। हालांकि, क्षेत्र पर ऊंची ब्याज दरों और वैश्विक व्यापार वृद्धि धीमी रहने का असर जरूर पड़ेगा। मूडीज एनालिटिक्स ने बृहस्पतिवार को यह कहा। एपीएसी परिदृश्य: भविष्य में नीचे की ओर शीर्षक वाले अपने विश्लेषण में मूडीज ने कहा है कि अगले वर्ष भारत धीमी वृद्धि की दिशा में बढ़ रहा है जो इसकी दीर्घकालिक संभावना के अनुरूप है। सकारात्मक पक्ष को देखें तो निवेश का प्रवाह और प्रौद्योगिकी तथा कृषि में उत्पादन लाभ से वृद्धि को गति मिलेगी। अगर मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर बनी रहती है तो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को छह प्रतिशत के ऊपर रखना होगा जिससे सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि मंद पड़ जाएगी। मूडीज ने अगस्त में अनुमान जताया था कि 2022 में भारत की वृद्धि धीमी पड़कर प्रतिशत रहेगी, 2023 में यह और धीमी होकर पांच प्रतिशत पर आ जाएगी। 2021 में यह 8.5 प्रतिशत रही थी। अपने विश्लेषण में मूडीज ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की गति धीमी पड़ रही है और व्यापार पर निर्भर यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार में सुस्ती के असर को झेल रहा है। मूडीज एनालिटिक्स में प्रमुख अर्थशास्त्री स्टीव कोचरेन ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में केवल चीन ही कमजोर कड़ी नहीं है बल्कि भारत समेत एशिया की अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का निर्यात मूल्य अक्टूबर में सालाना आधार पर गिरा है। हालांकि, भारत की निर्यात पर निर्भरता कुछ कम है। क्षेत्रीय परिदृश्य के बारे में मूडीज ने कहा कि भारत समेत एपीएसी क्षेत्र की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं भले ही महामारी संबंधी पाबंदियों को हटाने में देरी करने के बाद विस्तार कर रही है, यूरोप तथा उत्तर अमेरिका में मंदी की आशंका के कारण 2022 की तुलना में 2023 आर्थिक वृद्धि के लिहाज से सुस्त रहने वाला है।

## भारत की अध्यक्षता में होने जा रही जी 20 की बैठक के लिए तैयार अंडमान

**पोर्ट ब्लेयर।** भारत की अध्यक्षता में होने जा रही जी20 की बहुप्रतीक्षित बैठकों में से एक के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह बैठक अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में 26 नवंबर को होगी। आयोजन हैवलॉक द्वीप के नाम से मशहूर स्वराज द्वीप में किया जाएगा। यह स्थान पोर्ट ब्लेयर से समुद्र के रास्ते लगभग ढाई घंटे की दूरी पर है और यहां सरकारी जहाजों और निजी पोत के जरिए पहुंचा जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि प्रतिनिधि 25 नवंबर को एक चार्टर्ड विमान से पोर्ट ब्लेयर पहुंचेंगे और बैठक अगले दिन होगी। उनके 27 नवंबर को प्रस्थान करने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि नई दिल्ली में जी20 सचिवालय ने स्वराज द्वीप की लोकप्रियता और प्राकृतिक सुंदरता को देखते हुए एक बैठक यहां आयोजित करने का फैसला किया है। पारंपरिक नृत्य और संगीत से युक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला मेहमानों के लिए तैयार की गई है।

## जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना जरूरी: कांत

**नई दिल्ली।** जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने बृहस्पतिवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकनॉमी) को बढ़ावा देने की जरूरत है। चक्रीय अर्थव्यवस्था में एक टिकाऊ व्यवस्था की अवधारणा पर काम किया जाता है, जहां इस्तेमाल की गई वस्तुओं का पुनर्चक्रण किया जाता है, जिससे नए संसाधनों का इस्तेमाल कम से कम हो। कांत ने एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न मंत्रालय और राज्य सरकारें चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए पहल कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सीओपी-27 में भारत ने अपनी दीर्घकालिक निम्न कार्बन उत्सर्जन रणनीति का उल्लेख किया है।

**PUBLIC NOTICE FOR LOST OF DOCUMENTS**

To be known to all that **I, VIMAL GOEL S/o Sh. BHAGAT RAM, R/o B-3/350, FIRST FLOOR, PASCHIM VIHAR, Delhi-110063**, have lost his original property Document i.e. Possession, Possession slip, Allotment letter and Demand letter in respect of the Property Bearing No. Y-206, Y Block, Loha Mandi (W.H.S), Naraina, New Delhi-110028, have been lost, an NCR Vide LR No: 1014191/2022 against this effect has been lodged in Crime Branch Police Station Delhi.

Any persons claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above address/phone No. 9811114864 with 15 days from the date of publication of this notice.

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, **Sudesh Kapahi W/O Late Kewal Kumar R/O- LIG Flat No. 4-B, First Floor, Block-A, Madipur, Delhi I am** the legal owner of **LIG FLAT NO.4-B, first floor, Block-A, Madipur, Delhi, File No.L-73(1)1983/MP/LIG which is allotted by the DDA. Original Possession Letter & Water & Electric Connection NOC of** the above Flat has been lost. An FIR/NCR to this effect has lodged in P. S. Crime Branch, Delhi vide **LR No:1014308 /2022, Dated-24-11-2022.** Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No.**9999495288** within 15 days from the date of publication of this notice. Any person claiming any right, interest, or having any objections with respect to this property can also personally inform/contact me.

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large **Mr. Naresh Pal** S/o Mr. Jai Singh who is purchasing the Two Flat i.e. **UNIT NO. 206, (REAR LHS SIDE) HAVING AREA 600 SQ. FT. AND FLAT NO. 205, (REAR RHS SIDE) HAVING AREA 400 SQ. FT., ON SECOND FLOOR, WITHOUT ROOF RIGHTS OUT OF KHASRA NO. 104MI, AT SIGNATURE APARTMENT-B IN THE VILLAGE OF KHORA, PARGANA LONI TEHSIL AND DISTT GHAZIABAD, (U.P). PIN- 201309.** from **Mrs. Suman Yadav** W/o Mr. Sukhveer Singh & Mr. Pradeep Yadav S/o late Mr. Sukhveer Singh, who had owners through Khatauni Record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP-201301; Contact # 0120-4269379

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to general public that my client is intending to purchase from Mrs. Shalini Garg, w/o Sanjay Garg, r/o House no 333, sector 16, Faridabad Haryana 121002, Property with the following details: Agricultural Land bearing numbers: Mustil No. 69 Kila No. 22/2/2; Mustil No.73 Kila No. 2 & 9 and having 50% share in Mustil No. 73 Kila Nos. 3, 8/1, 8/3, 13, 18 & 23/1 of village Sarmathla, Tehsil Sohna, Dist. Gurgaon, Haryana.
May it be further known that:
1. That Mrs. Shalini Garg have lost the original sales deed documents for the above-mentioned property vide Vasika No. 768 dt. 27/05/1994 and Vasika No. 5257 dt. 07/02/1996 both executed at Sub-Registrar office of Sohna Tehsil and I have lodged an FIR for the same with the Police.
2. That if any person happens to find the above said original documents they must urgently contact me for delivering the same against reasonable reward.
3. That if any person/entity (corporate or otherwise) has any right, title, interest, benefit, claim or demand in or to the above mentioned property or any part thereof by way of sale, exchange, gift, lease, tenancy, license, assignment, mortgage, charge, lien, trust, family arrangement/ settlement, encumbrance, inheritance, bequest, easement, possession, maintenance, development rights, order/ decree/ judgment of any Court or any other agreement, understanding or otherwise, such person/entity (corporate or otherwise) may lodge their claims and objection to me, against transfer of the above said property to my client by way of sales deed, with all documentary proofs supporting the claims and objections within 15 days of the date of publication of this notice failing which it shall be deemed that there are no claims or objections from anyone for the proposed sale of the above mentioned property to my client or that any such claims and objections shall be considered as waived and/or abandoned.
**Date: 25/11/2022**
**Sanjeev Dwivedi (Advocate)**
48, Gajanand Block, Tis Hazari Courts, ND-54
**Mob: +91-99997 33612**
**placid_chap@hotmail.com**

# श्री राम जानकी विवाह के उल्लास में डूबी अयोध्या नगरी

## जानकी महल सहित अयोध्या के सभी मंदिरों में विवाह उत्सव आज से, 28 नवंबर को निकलेगी बारात



**अयोध्या।** भगवान श्री राम की जन्म और कर्मस्थली अयोध्या में श्री रामलला के मंदिर निर्माण के साथ प्रतिदिन उत्साह और आनंद का माहौल है लेकिन यह उल्लास कई गुना बढ़ जाता है। जब प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के बाद उनके विवाहोत्सव का पर्व की तैयारी प्रारंभ होती है। माता जानकी और प्रभु श्री राम का विवाह अगहन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है।रामनगरी के जिन चुनिंदा मंदिरों में राम विवाहोत्सव पूरे भाव से मनाया जाता हैए सबसे प्रमुख मंदिर जानकी महल है जिसे माता जानकी जी का मायका भी कहा जाता है। उसके बाद पुण्यसलिला सरयू के तट पर स्थित लक्ष्मणकिला स्वर्गद्वारी स्थित बिहुती भवनए दशरथ जी राजमहल बड़ी जगह ए रंग महलए कनक भवन जैसे प्रमुख रूप से शामिल है वैसे तो अयोध्या के सभी मंदिरों में विवाह महोत्सव बड़ी ही शिद्दत के साथ मनाया जाता है।सभी मंदिरों में विवाह महोत्सव मनाने की तैयारी प्रारंभ हो गई है और यह उत्सव 28 नवंबर को विवाह पंचमी के रूप में मनाया जाएगा जिसमें अयोध्या के प्रमुख मंदिरों से ठाकुर जी की भव्य बारात निकाली जाएगी। इसके पूर्व तिलक उत्सव का कार्यक्रम होगा और प्रभु श्री राम और माता जानकी का विवाह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। श्रीराम विवाहोत्सव का प्रमुख केंद्र जानकी महल ट्रस्ट भी है जो तैयारियों के साथ ही उत्सव के आगोश में डूबता जा रहा है।जानकी महल में राम विवाहोत्सव किस प्रामाणिकता से मनायी जाती है यह बिनौरी नेगए न्यौछावरी नेगए घुड़चढ़ीए बरात प्रस्थानए वैवाहिक कार्यक्रम और विवाहोत्सव के अगले दिन छप्पन भोग तथा कुंवर कलेवा के आयोजनों से समझा जा सकता है। जानकीमहल के ट्रस्टी आदित्य सुल्तानिया के अनुसार सीता.राम विवाह हमारे लिए अतीत का घटनाक्रम ही नहींए बल्कि जीवन में प्रतिपल प्रेरित होने का दिव्य सूत्र है और इस आयोजन में हम कोई कसर नहीं छोड़े रखना चाहते।राम विवाहोत्सव 25 नवंबर 9 बजे रामर्चा पूजन से प्रारंभ होगा। शाम 6 बजे रामलीला और रात्रि 8 बजे गणेश पूजन होगा। 27 नवंबर को प्रात: 10 हल्दीए तिलकए मेहंदी शाम 6 बजे रामलीला और रात्रि 8 बजे बिनौरी नेग। 28 नवंबर को प्रात: 9 न्यौछावरी नेगए10 बजे मुकलावा नेगए सांय 5 बजे घुड़चढ़ी बारात प्रस्थान रात्रि 10 विवाह। 29 नवंबर को रात्रि 8 बजे छप्पन भोग दर्शन और कुंवर कलेवा के साथ विवाह महोत्सव का समापन होगा। उन्होंने बताया की विवाह के लिए अतिथियों का आना प्रारंभ हो गया है और तैयारी पूरी कर ली गई है।

## अभिमान का परित्याग करना ही सर्वोत्तम भक्तिः स्वामी रामदिनेशाचार्य

**अयोध्या।** वैष्णो नगरी अयोध्या के गहोई मंदिर मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन अवसर पर व्यासपीठ से जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य महाराज ने बताया कि भगवान की बाल लीला प्राप्त होती है जिन भक्तों संतो की भक्ति पूर्ण हो जाती है। वही ब्रजमंडल में गोपी और ग्वाल बनकर आते है।माखन परमात्मा को अत्यंत प्रिय है क्योंकि वह थोड़ा सा ताप पाकर पिघल जाता है ऐसे ही जो दूसरे के दुख को देखकर पिघल जाया करें जिनका हृदय वही माखन स्वरूप है और ऐसे हृदय को परमात्मा चुराने के लिए तत्पर रहते है। गोवर्धन पूजा कराकर इंद्र के अभिमान का दमन करा दिया और भगवान ने कहा हमें अभिमान बिल्कुल पसंद नहीं है परमात्मा की कृपा हो जाए तो पहाड़ भी पूजित हो जाता है और देवता हो जाता है इसलिए अभिमान का परित्याग करना ही सर्वोत्तम भक्ति है और यही परमात्मा की शरणागति है। मनुष्य के अंदर आने को दुर्गुणों व्याप्त हैं उसमें से सबसे बड़ा अभिमान है क्योंकि व्यक्ति के अंदर अभिमान व्याप्त होने पर बुद्धि और भक्ति दोनों नष्ट हो जाती हैं इसीलिए परमात्मा उस अभिमान का मर्दन करके व्यक्ति को अपने निकट लाते है। कथा के समापन सत्र में यजमान द्वारा व्यासपीठ की आरती उतारी गई और आए हुए सभी श्रोता गणों में प्रसाद वितरण किया गया। जगत गुरु महाराज ने सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया।



# टीटीई के धक्के से ट्रेन से गिरे फौजी की इलाज के दौरान मौत

**बरेली।** जिले मे टीटीई के धक्के से ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए फौजी की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि जयपुर मे राजपूत बटालियन मे तैनात 31 वर्षीय जवान सोनू सिंह 17 नवंबर को टीटीई सुपन बोरे द्वारा कहासुनी के बाद धक्का दिए जाने के कारण ट्रेन से नीचे गिर गया था। उन्होंने बताया कि ट्रेन की चपेट मे आने से फौजी का एक पैर कट गया था, जबकि दूसरा पैर बुरी तरह से कुचल गया था। सूत्रों के मुताबिक, सैन्य अस्पताल में डॉक्टरों ने सोनू की तीन बार सर्जरी की, मगर सोमवार को उसका दूसरा पैर भी काटना पड़ा था। इस दौरान वह बेहोश ही रहा और बुधवार शाम उसने दम तोड़ दिया। सूत्रों के अनुसार, लगातार बेहोशी मे होने के कारण उसका बयान भी दर्ज नही किया जा सका। उन्होंने बताया कि जवान की मौत हो जाने के बाद बृहस्पतिवार को आरोपी टीटीई के खिलाफ दर्ज मुकदमे मे गैर-इरादतन हत्या की धारा भी शामिल कर दी गई। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने बोरे की तलाश तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि फौजी सोनू सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनो को सौप दिया गया है। सेना के स्थानीय सूबेदार हरेंद्र कुमार सिंह द्वारा इस घटना के संबंध मे दर्ज कराए गए मुकदमे के मुताबिक, बलिया का रहने वाला जवान सोनू ट्रेन से दिल्ली जा रहा था। बरेली स्टेशन पर 17 नवंबर को सुबह करीब सवा नौ बजे प्लेटफॉर्म नंबर दो पर उसकी ट्रेन रुकी थी। फौजी पानी की बोतल लेने के लिए स्टेशन पर उतरा था। मुकदमे के अनुसार, वह (सोनू) जब ट्रेन पर चढ़ने लगा तो टीटीई बोरे ने उसे कथित रूप से धक्का दे दिया, जिससे सोनू नीचे गिर गया और ट्रेन की चपेट मे आने से उसका एक पैर कट गया और दूसरा बुरी तरह से कुचल गया।

## मुठभेड़ में बिहार के दो अपराधी गिरफ्तार

**बलिया।** बलिया जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र मे बृहस्पतिवार तड़के पुलिस और बिहार के दो अपराधियो के बीच हुई मुठभेड़ मे चार पुलिस कर्मी घायल हो गए। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दोनो बदमाशो को गिरफ्तार कर लिया। रसड़ा के पुलिस उपाधीक्षक शिव नारायण वैस ने बताया कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के बलिया-गाजीपुर राजमार्ग पर गश्त के दौरान पुलिस ने मोटरसाइकिल से गाजीपुर की तरफ जा रहे दो लोगो को रोका तो उन्होंने पुलिस कर्मियो पर गोली चला दी। वैस के मुताबिक, बदमाशो की चलाई गोली लगने से चार पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्वाई मे सुनील नामक अपराधी गोली लगने से घायल हो गया। वैस के अनुसार, पुलिस ने सुनील और उसके साथी मुकेश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ मे घायल पुलिसकर्मियो और बदमाश सुनील को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। वैस के मुताबिक, गिरफ्तार दोनो अपराधी बिहार के सीवान जिले के रहने वाले है।

## अपस्किलिंग एकेडमिक प्रोग्राम शुरू

**लखनऊ।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय प्रोत्साहन के अनुरूप अपस्किलिंग प्लेटफार्म का उद्देश्य पारंपरिक स्कूली शिक्षा द्वारा छोड़ी गई खाई को पाटना है और प्रत्येक बच्चे को भविष्य की सफलता के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है। कम्युनिकेशन लैब्स, डिजाइन थिंकिंग लैब्स, फाइनेंशियल लिटरेसी लैब्स और लॉजीमैथ लैब्स वाली अपनी स्किल लैब्स के जरिए बियॉन्ड स्कूल ग्रेड 1 से 8 तक के छात्रों को संचार, तार्किक और महत्वपूर्ण सोच, वित्तीय साक्षरता और डिजाइन थिंकिंग जैसे आवश्यक कौशल के साथ सशक्त बनाने के लिए इन-स्कूल शैक्षणिक कार्यक्रम प्रदान करेगा। सीईओ और संस्थापक पायल गाबा ने अपने विस्तार और ब्रांड को डिजिटल से आगे ले जाने पर कहा कि दुनिया बदल गई है और साथ ही भविष्य की नौकरियों की आवश्यकताएं भी बदल गई हैं। डिजिटल अकादमी ने अभिनेता बोमन ईरानी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। सीओओ और संस्थापक अतुल चुघ ने कहा कि कोविड ने हमें प्रौद्योगिकी के महत्व को समझने में मदद की और यह भी बताया कि यह बच्चों के सीखने के परिणामों को कैसे बढ़ा सकता है। दो साल की छोटी अवधि मे बियॉन्डस्कूल ने पहले ही भारत भर में 10,000 छात्रों के जीवन को बदल दिया है और 20 देशों ने अपने कार्यक्रमों को शुरू करने के बाद सकारात्मक परिणाम देखे हैं।

## वुशू प्रतियोगिता में माही यादव ने जीता रजक पदक, बढ़ाया जिले का मान

**लालगंज** रायबरेली। झारखंड के रांची शहर में खेलो इंडिया द्वारा आयोजित वूशु प्रतियोगिता में माही यादव ने रजत पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया और साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। भारतीय वूशु संघ एवम भारती खेल प्राधिकरण साईं के संयुक्त तत्वाधान में खेलों इंडिया ने वूशु खेल का वेस्ट जॉन महिला लीग का आयोजन 17 से 21 नवंबर तक रांची के खेल गांव में किया था। जिसमे रायबरेली जिले से छह महिला खिलाड़ी डिम्पी तिवारी, पूर्णिमा पटेल, निमिषा यादव, दिव्या कुमारी, आराध्या गुप्ता,माही यादव ने प्रतिभाग किया था। सभी खिलाड़ियों ने अपनी अच्छी फाइट का प्रदर्शन किया और माही यादव ने रजत पदक हासिल करते हुए दिसम्बर माह में आयोजित होने वाली वूशु की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह सुनश्चित कर ली। वूशु एसोसिएशन की जिला सचिव पूनम यादव ने जानकारी देते हुए बताया की यह प्रतियोगिता खेलो इंडिया ने भारत की टीमों को चार जोन में बांट कर कराया। इन चारो जोन के स्वर्ण पदक तथा रजत पदक विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

## संभल में अभियुक्त को गिरफ्तार करने गई टीम पर पथराव,तीन पुलिस कर्मी घायल,छह लोग गिरफ्तार

**संभल।** संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र मे बृहस्पतिवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर हमला और पथराव किया गया जिसमे तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि नखासा थाना क्षेत्र के दीपा सराय मे बृहस्पतिवार को चौकी इंचार्ज और चार कांस्टेबल हत्या के प्रयास के अभियुक्त रिजवान को गिरफ्तार करने गई थी लेकिन उसके परिजन इस पुलिस टीम से भिड़ गए और उन्होंने अभियुक्त को भगाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि परिजनों द्वारा घर की छत से पुलिस टीम पर पथराव भी किया और इस संघर्ष मे तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए। उनके अनुसार उन्हें इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। मिश्रा के मुताबिक इस मामले मे 10 लोगो के खिलाफ नामजद और 15 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा छह लोगो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## गेमिंग में कॅरियर संवारने की ललक

लखनऊ। एचपी इंडिया गेमिंग लैंडस्केप स्टडी 2022 के मुताबिकए भारतीय गेमर्स ने गेमिंग में कॅरियर बनाने की इच्छा जतायी है। इस अध्ययन के लिए देश के 14 शहरों से करीब 2000 प्रतिभागियों को चुना गया था जिन्होंने बताया कि गेमिंग से अच्छी आमदनी कमाने के साथ.साथ मल्टीपल कॅरियर विकल्पों की उपलब?धता के चलते गेमर्स इसे पसंद कर रहे हैं।भारत में एचपी की गेमिंग स्टडी के इस दूसरे संस्करण मेंए पीसी को गेमिंग के लिए सबसे पसंदीदा डिवाइस बताया गया है। 68:गेमर्स ने पीसी को पहली पसंद बताया क्योंकि इससे बेहतर प्रोसेसर्सए डिजाइन और ग्राफिक?स के रूप में लाभ मिलता है और इमर्सिव डिस?प?ले भी अनुभव बेहतर बनाते हैं। विक्रम बेदी सीनियर डायरेक्टरए पर्सनल सिस्टम्स ने कहा, जैसे.जैसे गेमिंग इंडस?ट्री आगे बढ़ रही हैए उसके चलते गेमिंग को एक कॅरियर विकल?प के तौर पर देखा जाने लगा है।

## दहेज हत्या के मामले में दोषी पति को सात वर्ष का कारावास

**प्रतापगढ।** प्रतापगढ़ की अपर जिला एवं सत्र अदालत ने दहेज हत्या के एक मामले में पति को दोषी मानते हुए उसे सात साल कैद की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक उदयपुर क्षेत्र मे 16 अप्रैल 2021 को रूबी सिंह नामक एक विवाहिता की दहेज को लेकर उसके ससुराल के लोगो ने हत्या कर दी थी और रूबी के परिजन को फोनकर बताया था कि उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। इस मामले मे रूबी के पति अतुल सिंह, सास गुड़िया और ससुर रवीन्द्र सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुंदन किशोर ने दोनो पक्षो को सुनने के बाद बुधवार को अतुल सिंह को सात साल की कैद और सात हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

## चेहरों पर मुस्कान लाने को प्रतिबद्ध

लखनऊ। वीवो ने दिल को छू लेने वाला कैंपेन केयर विथ जॉय लॉन्च किया है ताकि यह दिखाया जा सके कि किस प्रकार ब्रांड अपने ग्राहकों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर वीवो इंडिया के ब्रांड स्ट्रेटेजी हेड योगेंद्र श्रीरामुला ने कहा हम जो कुछ भी करते हैं वह हमारे ग्राहकों के लिए ही होता है। कस्टमर.सेंट्रिक ब्रांड के रूप में हमने 650 से ज्यादा सर्विस सेंटर का एक मजबूत राष्ट्रव्यापी नेटवर्क स्थापित करने के लिए कड़ी मेहनत की है इन्हें पूरी तरह से वीवो द्वारा मैनेज किया जाता है। कैंपेन में एक वीवो कस्टमर सर्विस एक्जीक्यूटिव को दिखाया गया है जो सभी मुश्किलों को पार करते हुए ग्राहक के फोन को रिपेयर कर सही समय पर डिलीवरी देता है।

## तेंदुए के हमले में एक बच्चे की मौत

**बलरामपुर।** जिले मे सोहेलवा वन्य क्षेत्र के मजगवा गांव मे बुधवार शाम को तेंदुए के हमले मे एक बच्चे की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार देर शाम को मजगवा गांव मे प्रहलाद का 10 वर्षीय बेटा संदीप घर के बाहर लघु शंका के लिए निकला था, तभी एक पेड़ के पीछे बैठे तेंदुए ने उसपर हमला कर दिया और उसे उठा कर गन्ने के खेत मे ले जाने लगा। सूत्रों के अनुसार बच्चे के रोने की आवाज सुनकर बाहर निकली उसकी नानी ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने भी शोर किया, तब तेंदुआ बच्चे को छोड़ कर भाग गया। सूत्रों के मुताबिक इस घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची एवं पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिलाधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि इस घटना की जांच कराई जा रही है तथा तेंदुए को पकड़कर चिड़ियाघर भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

# आजम ने मुस्लिम समाज का इस्तेमाल कर पूरा किया व्यक्तिगत स्वार्थ : दानिश



**बलिया।** उत्तर प्रदेश के इकलौते मुस्लिम मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खां पर निशाना साधते हुए उन पर मुस्लिम समाज का मसीहा बनने की आड़ में व्यक्तिगत राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति करने का आरोप लगाया।

अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री अंसारी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में रामपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में भाजपा की जीत का विश्वास व्यक्त करते हुए आजम खां पर निशाना साधा। उन्होंने उनपर मुस्लिम समाज के उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उन्होंने मुसलमानों का मसीहा बनने की कोशिश की लेकिन उसकी आड़ में अपना व्यक्तिगत राजनीतिक स्वार्थ पूरा किया है। उन्होंने कहा कि मगर जनता अब सब कुछ समझती है और पांच दिसंबर के उपचुनाव के बाद सब कुछ साफ हो जाएगा। अंसारी ने दावा किया कि मुस्लिम समुदाय में पिछड़ा हुआ पसमांदा समाज तेजी से भाजपा से जुड़ रहा है तथा इसी साल जून में हुए आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा के उपचुनावों के नतीजों से यह साबित भी हो गया है। राज्य मंत्री ने कहा , मुस्लिम समाज विपक्षी दलों के भ्रम का शिकार होकर भाजपा को अपना दुश्मन समझ रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में जिस तरह से बगैर किसी भेदभाव के विकास की सभी योजनाओं का लाभ मुस्लिम समाज को मिल रहा है, उससे भाजपा के प्रति उसकी आम सोच में बदलाव आया है। उन्होंने एक अन्य सवाल पर कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश के मदरसों में जांच नहीं, बल्कि सर्वे कराया है और उसके आधार पर आने वाले समय में मदरसों में बेहतर प्रबंध की दिशा में कदम उठाया जाएगा।

# बुंदेलखण्ड की तस्वीर बदलने में काफी हद तक रहे कामयाब

**भाषा।** झांसी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर अपनी बदनीयती और भ्रष्ट नीति के चलते बुंदेलखण्ड को बदहाल रखने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनकी सरकार इस क्षेत्र की तस्वीर को बदलने में काफी हद तक कामयाब रही है। मुख्यमंत्री ने झांसी के ऐतिहासिक दुर्ग की प्राचीर तले आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, पिछली सरकारों की बदनियती और भ्रष्ट नीति के चलते बुंदेलखंड की बदहाल स्थिति रही थी। मगर, हमारी सरकार ऐसा नहीं रहने देगी और वह बुंदेलखंड को लगातार विकास की ओर आगे बढ़ा रही है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे सहित डिफेंस कॉरिडोर जैसी अनेक योजनाओं की मदद से जनता को स्वाबलंबी बनाने से बुंदेलखंड की तरक्की हो रही है। उन्होंने कहा, इससे पहले बुंदेलखंड सूखा, गरीबी और भ्रष्ट नेताओं की लूट-खसोट के लिए जाना जाता था और स्वार्थी तत्वों द्वारा बुंदेलखंड की बहुत ही खराब तस्वीर बताई जाती थी। बुंदेलखंड के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद कहा था कि चुनाव की शुरुआत बुंदेलखंड से करके बुंदेलखंड की तस्वीर बदलने का प्रयास किया जाए और उसमें हम बहुत हद तक सफल भी हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पांच सालों में सुरक्षा का माहौल देखकर देशविदेश के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में अब निवेश करने को तैयार हैं और इसी क्रम में अगले साल 10 से 12 फरवरी तक लखनऊमें ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें निवेश की व्यापक संभावना है। उनका कहना था कि इस सम्मेलन से पहले ही 125 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव भी आ चुके हैं जिनमें सबसे अधिक निवेश बुंदेलखंड में ही किया जाएगा। आदित्यनाथ ने इस दौरान 328 करोड़ रुपए से अधिक की 100 से अधिक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड का पूरा क्षेत्र पेयजल के लिए तरसता था लेकिन सरकार अब हर घर जल योजना के तहत लगभग पूरे बुंदेलखंड के हर घर में आर.ओ. का शुद्ध जल पहुंचाने के बहुत करीब पहुंच गई है। उनके अनुसार डिफेंस कॉरिडोर की दो बेहद महत्वपूर्ण इकाइयों का विकास बुंदेलखंड क्षेत्र में ही किया जा रहा है। उन्होंने कानून व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पहले यह क्षेत्र डकैतों से घिरा रहता था, आम जनता माफियाओं के कब्जे में रहती थी मगर वर्ष 2017 में भाजपा की सरकार आने के बाद अब डकैतों का खात्मा ही नहीं हुआ है, बल्कि माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्वाई करते हुए उनकी अवैध सम्पत्ति जब्त की जा रही है। इससे पहले, मुख्य मंत्री ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए।



**प्रबुद्ध जन सम्मेलन में बोले सीएम योगी, पिछले पांच सालों में सुरक्षा का माहौल देखकर देशविदेश के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में अब निवेश करने को तैयार हैं**



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी पत्नी और मैनपुरी उपचुनाव के लिए सपा उम्मीदवार डिंपल यादव के लिए बृहस्पतिवार को प्रचार किया

# ऐतिहासिक धनुष यज्ञ मेला शुरू

**शिवगढ़,**रायबरेली। शिवगढ़ क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में लगने वाला कुडवावीर बाबा का चार दिवसीय एतिहासिक धनुष यज्ञ मेला गुरुवार से शुरू हो गया है। हर साल की तरह मेले से पूर्व 23 नवम्बर को श्री रामचरितमानस पाठ का शुभारम्भ किया गया। जिसके समापन पर गुरुवार को हवन पूजन के साथ चार दिवसीय धनुष यज्ञ मेले का शुभारम्भ किया गया। मेला कमेटी के संरक्षक पंडित गिरजा शंकर मिश्रा ने मेले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि मेले के पहले दिन 24 नवम्बर को दिन में 2 बजे से 5 बजे तक रामलीला का आयोजन किया गया। वहीं रात में नाटक मंचन किया जाएगा। 25 नवम्बर को दिन में 2 बजे से 5 बजे तक रामलीला, रात में 8 से जवाबी कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 26 नवम्बर को 1 बजे से शाम 4 तक प्रांतीय स्तर के विराट दंगल का आयोजन किया जाएगा जिसमें एक से एक नामी गिरामी पहलवान आकर अपने दांव-पेज दिखायेंगे। जिसके बाद रात 8 बजे से नौटंकी का आयोजन किया जाएगा। वहीं मेले के अंतिम दिन हर साल की तरह दोपहर 1 से गाजे-बाजे के साथ हाथी घोड़ों एवं रथो से भगवान रामचंद्र की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात्रि में 8 बजे से नौटंकी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में दुकानदारों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम है। उन्होंने बताया कि मेला कमेटी मेले में आने वाले दुकानदारों की सामान्य सहायता भी करेगी। श्री मिश्रा ने बताया कि 75 वर्ष पहले धनुष यज्ञ मेला शुरू हुआ था। बाबा के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। जिनकी कृपा करें भक्तों के हर बिगड़े काम बन जाते हैं।

**जहरीला फल खाने से चार बच्चे गंभीर रूप से बीमार:** बाराबंकी। जिले के जैदपुर इलाके में जहरीला फल खाने से चार बच्चे गंभीर रूप से बीमार हो गए। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैदपुर थाना क्षेत्र के चंदौली का पुरवा गांव में बुधवार को साग तोड़ने गए बच्चों ने जंगल में लगा जेट्रोफा का फल खा लिया और उसे अपने साथ घर भी ले आए। सूत्रों के मुताबिक, स्वाद अच्छा लगने पर घर में मौजूद महिलाओं समेत कई लोगों ने जेट्रोफा का सेवन कर लिया, जिसके बाद उन सभी की तबीयत अचानक बिगड़ गई।

## मेडिकॉल का आयोजन 9 से

**लखनऊ।**मेडएक्सपर्ट बिजनेस कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चिकित्सा उपकरणों के लिए सबसे बड़े व्यापार मेले मेडिकॉल का आयोजन 9 से 11 दिसंबर के दौरान कोलकाता के विश्व बांग्ला मेला प्रांगण में किया जाएगा। मेडिकॉल के 31वें संस्करण में अस्पताल की सभी जरूरतों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगाए जिसमें सर्जिकल कॉटन से लेकर नवीनतम इमेजिंग उपकरण और सर्जिकल उपकरण जैसी सभी चीजें शामिल होंगी। वर्ष 2006 से चेन्नई, मुंबईए दिल्ली, अहमदाबाद, कोलकाताए हैदराबाद और कोलंबो में मेडिकॉल शो का आयोजन किया जाता है। मेडिकॉल द्वारा अब तक 30 सफल संस्करणों का आयोजन किया जा चुका है।

# दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष : एक व्यक्ति की मौत, 14 जख्मी

**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा 14 अन्य जख्मी हो गए। पुलिस उपाधीक्षक विनय गौतम ने बताया कि रामस्वरूप और ब्रह्मपाल के बीच खेत की जमीन को लेकर विवाद था और जब ब्रह्मपाल खेत में गेहूं बोने गया था तब रामस्वरूप ने आपत्ति की। गौतम के अनुसार दोनों के बीच कहासुनी ने देखते ही देखते बड़ा रूप ले लिया और दोनों पक्ष लाठी-डंडे लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े। उनके मुताबिक इस दौरान गम्भीर चोट लगने से अमित कुमार (25) की मौत हो गई।

# दक्षिण कोरिया ने उरुग्वे को ड्रा पर रोका

● गोलरहित रहा मुकाबला

● 0-0 से बराबरी पर रहा मैच

भाषा। अल रेयान



**एक और प्रबल** दावेदार टीम फीफा विश्व कप के शुरूआती चरण में प्रभावित करने में नाकाम रही जिसमें दक्षिण कोरिया ने दक्षिण अमेरिका की मजबूत टीम उरूग्वे को ग्रुप एच मैच में 0 – 0 ड्रा पर रोक दिया। एजुकेशन सिटी स्टेडियम में इस मुकाबले के ड्रा रहने से एक बार फिर शुरूआती मुकाबलों में प्रबल दावेदार टीम उम्मीद के मुताबिक नतीजा नहीं हासिल कर पाई। अर्जेंटीना और जर्मनी को अपने शुरूआती मैचों में बड़े उलफटेर का सामना करना पड़ा था। दक्षिण कोरिया की टीम पूरे मैच में अपने से अनुभवी उरूग्वे टीम के खिलाफ गोल करने के करीब पहुंचती दिखी। टीम के फॉरवर्ड सोन हेयुंग मिन अपनी बाईं आंख के चोटिल सॉकेट को बचाने के लिए मास्क पहने थे। दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी मैच के दौरान काफी फुर्ती से भरे थे और मैच शुरू होते ही गोल करने की कोशिश में दिखे। दक्षिण कोरिया के कुछ प्रशंसक सोन के साथ मजबूती दिखाने के लिए बैटमैन की तरह का मास्क पहने थे। हालांकि मैच के दौरान गोल करने के कुछ ही बेहतरीन मौके बने जिसमें उरूग्वे को सबसे अच्छा मौका 43वें मिनट में डिएगो गोडिन के जरिए और 89वें मिनट में फेडेरिको वालवर्डे की बदौलत मिला। गोडिन का शानदार हेडर शॉट गोल की तरफ पहुंचा लेकिन यह बाएं पोस्ट से



टकरा गया। वहीं वालवर्डे का लंबी रेंज का ताकतवर शॉट भी बाईं पोस्ट से टकरा गया। उरूग्वे की टीम ग्रुप एच में अब पुर्तगाल से भिड़ेगी जबकि दक्षिण कोरिया का सामना घाना से होगा। दक्षिण कोरिया ने मैच शुरू होते ही आक्रामक रवैया अपनाया और जैसे ही सोन गेंद के पास पहुंचते हर बार दर्शक उत्साहित हो जाते। हालांकि वह पहले हाफ में ही एक बार ही खतरनाक प्रयास कर पाए। दक्षिण कोरियाई टीम उरूग्वे की तुलना में मैदान में काफी फुर्तीली रही लेकिन विपक्षी टीम के लिए खतरनाक नहीं दिखी। टीम को सर्वश्रेष्ठ मौका 34वें मिनट में मिला जब हवांग उई जो का करीबी रेंज का प्रयास क्रॉसबार के ऊपर से चला गया। दूसरे हाफ में उरूग्वे की टीम ने गेंद पर अधिक नियंत्रण करना शुरू किया लेकिन वह हमेशा ही सर्तक दिखी और इतने अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद पहल करने में पीछे रही। दूसरे हाफ में मार्टिन सासेरेस को मैच का पहला पीला कार्ड दिखाया गया। उरूग्वे के कोच डिएगो अलोंसो ने 64वें मिनट में लुई सुआरेज की जगह एडिनसन कवानी को भेजा। हालांकि मैच में जोश की कमी दिखाई दी और ऐसा वालवर्डे के अंतिम मिनट में प्रयास के पोस्ट के टकराने तक रहा। पर दोनों टीमों के शानदार रक्षण के हिसाब से नतीजा बराबरी का रहा।

## कनाडा की वापसी यादगार नहीं बनने दी बेल्जियम ने

**अल रेयान।** मिकी बात्सुयाइ के पहले हॉफ के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की मदद से बेल्जियम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद कनाडा को।–0 से हराकर फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। कनाडा 36 साल बाद विश्वकप में भाग ले रहा है। उसने अच्छे प्रयास किए लेकिन बात्सुयाइ के 44वें मिनट में किए गए गोल से उसकी वापसी यादगार नहीं बन पाई। विश्व में दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम किसी भी समय अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई। उसके गोलकीपर थिबाउट कौरटोइस ने अगर शुरू में पेनल्टी नहीं बचाई होती तो परिणाम इसके उलट भी हो सकता था। बेल्जियम के लिए जीत के अलावा मैच में जश्न मनाने वाली कोई अन्य चीज नहीं रही। यहां तक कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक केविन डी ब्रूएन भी अपने और टीम के प्रदर्शन से निराश थे। जब उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया तो वह इस फैसले पर भी हैरान थे। डी ब्रूएन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने अच्छा खेल दिखाया। मैं नहीं जानता कि मुझे यह ट्रॉफी क्यों दी गई। मुझे लगता है कि मेरे नाम के कारण मुझे यह पुरस्कार मिला। बेल्जियम की उम्रदराज टीम को कुछ अवसरों पर कनाडा ने कड़ी चुनौती दी। कनाडा ने विश्वकप के इतिहास में अब तक जो चार मैच खेले हैं वह उन सभी में गोल करने में नाकाम रहा है। उसने 1986 के विश्वकप में तीन मैच खेले थे जिनमें वह गोल नहीं कर पाया था। कनाडा ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया जिसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है



कि उसने गोल पर 21 शॉट जमाए जबकि बेल्जियम नौ शॉट ही जमा सका। कनाडा के इन शॉट में उसके स्टार खिलाड़ी अल्फोंसो डेविस का पेनल्टी पर लिया गया शॉट भी शामिल है जिसे बेल्जियम के गोलकीपर ने रोक दिया था। कनाडा के पास विश्वकप में गोल करने का यह सबसे सुनहरा मौका था जो उसने गंवा दिया। कनाडा के कोच जॉन हेर्डमैन ने अपने खिलाड़ियों के बारे में कहा, उन्होंने दिखाया कि वह इस स्तर पर खेलने के लिए तैयार है और इस स्तर के खिलाड़ी हैं। मैच का निर्णायक पल 44वें मिनट में आया जब बेल्जियम ने बढ़त हासिल की। तब हालांकि डी ब्रूएन का थ्रो या ईडन हजार्ड का पास अच्छा नहीं था लेकिन कनाडा की रक्षा पंक्ति छितर गई जिसका फायदा उठाकर बात्सुयाइ ने गोल दाग दिया।

### बेल्जियम की विदेश मंत्री ने विश्वकप के दौरान पहना वन लव आर्मबैंड

**दोहा।** बेल्जियम की विदेश मंत्री हद्जा लहबीब ने कनाडा के खिलाफ अपने देश के विश्व कप मैच के दौरान जब फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो से मुलाकात की तो उस समय उन्होंने वन लव आर्मबैंड (बांह की पट्टी) पहन रखा था। लहबीब की बुधवार को एक तस्वीर सामने आई जिसमे उन्होने रंगीन आर्मबैड पहन रखा है। इस तरह के आर्मबैंड को विविधता मे एकता का प्रतीक माना जाता है। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बेल्जियम सहित सात यूरोपीय देशों के कप्तानों को इस तरह का आर्मबैड पहनने से रोक दिया था।

## अमेरिका के खिलाफ उलटफेर से बचना चाहेगा इंग्लैंड

**दोहा।** इंग्लैंड ने फीफा विश्व कप में अपने शुरूआती मैच में ईरान के खिलाफ छह गोल दागे लेकिन दो गोल गंवाए भी जो कोच गेरेथ साउथगेट के लिए अमेरिका के खिलाफ होने वाले टीम के अगले मैच से पहले चिंता का विषय बना हुआ है। हालांकि इससे अमेरिका के लिए उम्मीद भी बनी है। सोमवार को ईरान पर 6-2 की जीत के बाद साउथगेट ने कहा, मैच के अंत में हम थोड़े लापरवाह दिखे। पर कोच ने चेताया कि अमेरिकी टीम ग्रुप बी के शुक्रवार को होने वाले मैच मे पूरी तरह से तैयार होगी और मैदान पर अपना सर्वस्व देने के लिए उतरेगी। टूर्नामेंट मे पहले ही कई उलटफेर हो चुके है जिसमें सऊदी अरब की अर्जेंटीना पर और जापान की जर्मनी पर उलटफेर भरी जीत शामिल है। हालांकि अगर अमेरिकी टीम इंग्लैंड पर जीत दर्ज कर लेती है तो इसका दर्जा सऊदी अरब की जीत की तरह नही होगा लेकिन इसमें कोई शक नही कि ग्रेग बरहाल्टर की टीम टूर्नामेंट के प्रबल दावेदारों में शुमार इंग्लैंड के खिलाफ अंडरडॉग की तरह होगी।

### वेल्स के खिलाफ वैकल्पिक गोलकीपर के साथ उतरेगा ईरान

**दोहा।** ईरान के गोलकीपर अली बेरानवंद विश्व कप के पहले मुकाबले में चोटिल हो गए थे और उनका वेल्स के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले ग्रुप बी के मैच में उतरने की कम संभावना है। बेरानवंद की अनुपस्थिति मे हुसैन हुसैनी को गोलकीपिंग की जिम्मेदारी निभानी पड़ सकती है। उनके लिए यह बड़ी चुनौती होगी क्योंकि उनका सामना गैरेथ बेल जैसे खिलाड़ी से होगा। ईरान अपने पहले मैच मे इंग्लैंड से 6-2 से हार गया था और वह ग्रुप मे मे सबसे निचले पायदान पर है। हुसैनी पहले ही एक दमदार प्रतिद्वंदी का सामना कर चुके है। बेरानवंद के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ उन्होने ही गोलकीपर की जिम्मेदारी संभाली थी लेकिन वह पूरी तरह से नाकाम रहे थे। ईरान ने बेरानवंद की स्थिति के बारे में नही बताया है। बस उसने इतनी जानकारी दी है कि उनकी नाक पर चोट लगी है। वेल्स के खिलाफ ईरान पिछले मैच जैसी गलतियो से बचना चाहेगा जब इंग्लैंड के सामने उसकी एक नही चल पाई थी।

### सेनेगल के खिलाफ दबाव से निपटना चाहेगा मेजबान कतर

**दोहा।** विश्व कप मेजबान कतर के लिए बद से बदतर साबित हो सकता है, अगर उसके खिलाड़ी ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच मे अफ्रीकी चैम्पियन सेनेगल के खिलाफ दबाव से निपटने में सफल नही हो पाए। कतर पहले ही विश्व कप के शुरूआती मैच को गंवाने वाला पहला मेजबान बन चुका है। उसे रविवार को इक्वाडोर से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। इससे उस पर ग्रुप चरण से बाहर होने वाला दूसरा मेजबान बनने का खतरा भी मंडरा रहा है जबकि पहली बार ऐसा 2010 मे दक्षिण अफ्रीका के साथ हुआ था। अगर वह प्रत्एक मैच में हार गया? या फिर घरेलू विश्व कप मे एक भी गोल करने में सफल नही रहा तो इससे फीफा के छोटे और अमीर खाड़ी देश को विश्व कप की मेजबानी सौपने के फैसले की और भी आलोचना होगी जो 12 साल पहले मेजबानी का अधिकार जीतने से पहले फुटबॉल के इस बड़े टूर्नामेंट में कभी भी क्वालीफाई नही कर सका था।

### नीदरलैंड व इक्वाडोर के मैच में स्ट्राइकर के बीच होगा मुकाबला

**दोहा।** इक्वाडोर के स्ट्राइकर इनर वैलेंसिया और नीदरलैंड के फॉरवर्ड मेम्फिस डेपे का प्रदर्शन शुक्रवार को होने वाले विश्वकप मुकाबले में काफी हद तक परिणाम का निर्धारण करेगा। यह दोनो ही स्ट्राइकर अलग शैली के है। वैलेंसिया के शॉट अधिक ताकतवर और सीधे होते है जबकि डेपे ज्यादा कुशल है। यह दोनो ही खिलाड़ी अपनी टीम के लिए बेहद महत्व रखते है और ऐसे में इस मुकाबले में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहे टिकी रहेंगी। इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम के छह अंक हो जाएंगे और उसकी ग्रुप ए मे स्थिति मजबूत हो जाएगी। वैलेंसिया ने कतर के खिलाफ इक्वाडोर की तरफ से दोनो गोल किए थे। वह अब तक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 37 गोल कर चुके है। दूसरी तरफ नीदरलैंड ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर सेनेगल को 2-0 से हराया था। डेपे उस मैच मे दूसरे हाफ मे ही मैदान पर उतरे थे। डेपे ने नीदरलैंड को विश्व कप मे जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने क्वालीफाइंग दौर में 12 गोल किए और छह गोल करने में मदद की थी।

### विश्व कप में जर्मनी के विरोध के तरीके का अनुकरण नहीं करेगा नीदरलैंड

**दोहा।** नीदरलैंड के खिलाड़ियों के इक्वाडोर के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले विश्व कप मैच से पहले मेजबान देश कतर के मानवाधिकार रिकॉर्ड के विरोध स्वरूप जर्मनी की तरह कोई भावभंगिमा दिखाने की उम्मीद नही है। जर्मनी के खिलाड़ियों ने बुधवार को फुटबॉल विश्व कप में टीम के पहले मैच से पूर्व तस्वीर खीचे जाने के दौरान अपने चेहरे ढक लिए थे जो मेजबान देश कतर में भेदभाव का विरोध करने के लिए वन लव आर्मबैंड (बांह पर पट्टी बांधना) पहनने की योजना पर फीफा के कड़े रुख की निंदा का तरीका था। सात यूरोपीय टीमों ने यह आर्मबैंड पहनने की योजना बनाई थी जिसमे नीदरलैंड और जर्मनी शामिल थी। समलैगिकता को अपराध बताने वाले कानूनो और प्रवासी मजदूरो के साथ बर्ताव के कारण कतर की काफी आलोचना हो रही है।

### ईरान ने सरकार की आलोचना के लिए पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी को गिरफ्तार किया

**दुबई।** ईरान ने अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के एक प्रमुख पूर्व सदस्य को सरकार की आलोचना करने पर गिरफ्तार किया है जबकि अधिकारी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनो से जूझ रहे है। इन विरोध-प्रदर्शन की छाया राष्ट्रीय टीम पर भी पड़ रही है जो फीफा विश्व कप मे वैश्विक दर्शको के सामने प्रतिस्पर्धा कर रही है। ईरान की समाचार एजेंसियो फार्स और तसनीम ने गुरुवार को बताया कि वोरिया गफौरी को राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का अपमान करने और सरकार के खिलाफ प्रचार करने के लिए गिरफ्तार किया गया। विश्व कप के लिए नही जाने का फैसला करने वाले गफौरी अपने करियर के दौरान ईरान के अधिकारियों की आलोचना करते रहे है। वह पुरुषो के फुटबॉल मैचो मे महिला दर्शको पर लंबे समय से लगे प्रतिबंध के साथ-साथ ईरान की टकराव वाली विदेश नीति पर आपत्ति जताते रहे है।

### वेस्टइंडीज की अभ्यास मैच में अच्छी शुरूआत

**कैनबरा।** तेज गेंदबाज अलजारी जोसफ के चार विकेटो की मदद से ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश को 322 रन पर समेटने के बाद वेस्टइंडीज ने अभ्यास क्रिकेट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को यहां अपनी पहली पारी मे बिना किसी नुकसान के 65 रन बनाए। घरेलू टीम ने सुबह अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 279 रन से आगे बढ़ाई और इसमे 25 रन और जोड़े। वेस्टइंडीज की तरफ से जोसफ ने 65 रन देकर चार जबकि स्पिनर रोस्टन चेज ने 72 रन देकर दो विकेट लिए। इसके बाद वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज क्रैग ब्रैथवेट (73 गेंदो पर नाबाद 33 रन) और तेगनारायण चंद्रपॉल (85 गेंदो पर नाबाद 32 रन) ने गुलाबी गेंद से खेले जा रहे इस मैच मे टीम को ठोस शुरुआत दी।

# अस्थाई कप्तान शिखर धवन की अगुवाई में वनडे विश्वकप की तैयारियों की शुरुआत करेगा भारत

भाषा। ऑकलैंड

● न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला आज से

**टी20 प्रारूप** में पुराना रवैया अपनाने के कारण आलोचना झेल रही भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला से अगले साल होने वाले 50 ओवरों के विश्वकप की तैयारियों की भी शुरुआत करेगी। भारत को 2020 में विराट कोहली की अगुवाई में न्यूजीलैंड के हाथों श्रृंखला में 0–3 से हार का सामना करना पड़ा था और टीम अतीत की इस हार को भूलकर नए सिरे से शुरुआत करना चाहेगी। भारत में होने वाले वनडे विश्वकप के शुरू होने में अब केवल 11 महीने का समय बचा है तथा शुक्रवार से शुरू होने वाली श्रृंखला से भारत के मध्यक्रम और गेंदबाजी आक्रमण को लेकर हर किसी को शुरुआती आइडिया मिल जाएगा। भारत के पांच सीनियर खिलाड़ी कप्तान रोहित शर्मा, करिश्माई बल्लेबाज कोहली, टीम प्रबंधन के प्रिय केएल राहुल, तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह और वनडे में नंबर एक ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा इस श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं और ऐसे में कुछ हद तक यह पता चल जाएगा टीम किस दिशा में आगे बढ़ रही है। इन सभी सीनियर खिलाड़ियों को अब अधिक से अधिक वनडे क्रिकेट खेलना होगा जिसकी शुरुआत बांग्लादेश श्रृंखला से होगी। उनकी वापसी के बाद टीम संयोजन में काफी बदलाव देखने को मिलेगा। इन सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में शिखर धवन टीम की अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दो वर्षों में वनडे में लगभग 1000 रन बनाए हैं। पिछले दो वर्षों में वह केवल इसी प्रारूप में खेले हैं। अगर इस परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो कोहली और रोहित दोनों ने धवन के मुकाबले में एक तिहाई वनडे ही खेले हैं क्योंकि उन्होंने टेस्ट और टी20 पर अधिक ध्यान दिया। इस बीच शुभमन गिल ने वनडे में सलामी बल्लेबाज के रूप में खुद को साबित किया। उन्होंने अभी तक जितने भी वनडे मैच खेले हैं उनमें उनका औसत 57 रन प्रति पारी से अधिक और स्ट्राइक रेट 100 से अधिक है। ऐसी स्थिति में भारत के पास सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित, धवन और गिल तीन खिलाड़ी होंगे। राहुल वनडे में मध्यक्रम में खेलते रहे हैं। मध्यक्रम में भारत के पास श्रेयस अय्यर भी हैं जिन्होंने शार्ट पिच गेंदों को खेलने में परेशानी होने के बावजूद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। सूर्यकुमार इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और यदि वह फिट रहते हैं तो फिर उन्हें बाहर नहीं किया जा सकता है।



# जिंबाब्वे दौरे में कप्तानी छीने जाने से आहत नहीं हुआ था: धवन

भाषा। ऑकलैंड

**शिखर** धवन को भगवान पर बहुत भरोसा है और यही वजह है कि जब जिंबाब्वे दौरे के दौरान उनकी जगह केएल राहुल को कप्तानी सौंपी गई तो वह आहत नहीं हुए थे। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में अमूमन वनडे टीम की अगुवाई करने वाले धवन को इस साल अगस्त में जिंबाब्वे दौरे में होने वाले तीन वनडे मैचों के लिए कप्तान नियुक्त किया गया था लेकिन केएल राहुल के फिट होने के बाद पूर्व राष्ट्रीय चयन समिति ने उनसे कप्तानी छीन ली थी। धवन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मैं आहत नहीं हुआ था क्योंकि कुछ चीजें पहले से ही निर्धारित होती हैं ।

### द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को अधिक प्रासंगिक बनाने की जरूरत : विलियमसन

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि अत्याधिक क्रिकेट खेला जाना हाल मे इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे श्रृंखला के दौरान दर्शकों की कम उपस्थिति का कारण हो सकता है और स्टेडियमो मे प्रशंसकों को आकर्षित करने के लिए द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को अधिक प्रासंगिक बनाना होगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच हाल की वनडे श्रृंखला मे बहुत कम दर्शक स्टेडियम मे पहुंचे। इनमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया अंतिम मैच भी शामिल है। यह श्रृंखला इंग्लैंड के टी20 विश्व कप जीतने के चार दिन बाद ही शुरू हो गई थी। विलियमसन ने भारत के खिलाफ पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह देखना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन इससे पता चलता है कि कितनी अधिक क्रिकेट खेली जा रही है। इसमें कोई संदेह नही कि आईसीसी के टूर्नामेंट लोकप्रिय है और काफी क्रिकेट खेली जा रही है।

# सात भारतीय मुक्केबाज फाइनल में

● युवा विश्व चैंपियनशिप

भाषा। नई दिल्ली



भावना शर्मा

**भारतीय मुक्केबाजों** का स्पेन के ला नूसिया में चल रही युवा पुरुष और महिला विश्व चैंपियनशिप में दबदबा बरकरार रहा जब सात मुक्केबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। युवा एशियाई चैंपियन वंशज और विश्वनाथ सुरेश ने आशीष के साथ मिलकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। भारत के तीनों पुरुष मुक्केबाज इस तरह सेमीफाइनल में जीत दर्ज करने में सफल रहे। महिला वर्ग में कीर्ति (81 किग्रा से अधिक), भावना शर्मा (48 किग्रा), देविका घोरपड़े (52 किग्रा) और रवीना (63 किग्रा) ने फाइनल में प्रवेश किया। विश्वनाथ ने पुएर्तो रिको के जुआनमा लोपेज को 4–। से हराया जबकि वंशज (63.5 किग्रा) और आशीष (54 किग्रा) ने क्रमशः अमेरिका में डिशॉन क्रोकलेम और उज्बेकिस्तान के खुजानाजर नोरतोजीव को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों में 3–2 और 4–3 से शिकस्त दी। दूसरी तरफ कीर्ति को छोड़कर अन्य महिला मुक्केबाजों ने आसान जीत दर्ज की। कीर्ति ने कजाखस्तान की आसेल टोकटासिन को 3–2 से शिकस्त दी। रवीना और भावना ने कजाखस्तान की अपनी प्रतिद्वंद्वियों क्रमशः आसेम तनातर और गुलनाज बुरिबाएवा को सर्वसम्मत फैसले में हराया। देविका ने अमेरिका की आमेदाह को 4–। से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। चार भारतीय महिला मुक्केबाजों तमन्ना (50 किग्रा), कुंजरानी देवी थोनगम (60 किग्रा), मुस्कान (75 किग्रा) और लाशु यादव (70 किग्रा) को हालांकि सेमीफाइनल में शिकस्त के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

### स्पेन को हराकर क्रोएशिया डेविस कप के सेमीफाइनल में

**मलागा।** अनुभवी खिलाड़ी मारिन सिलिच ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए तीन घंटे तक चले मुकाबले में स्पेन के पाब्लो कारेनो बुस्टा को पराजित करके क्रोएशिया को डेविस कप टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंचाया। सिलिच ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में वापसी की लेकिन निर्णायक सेट के टाईब्रेकर में एक समय वह।–4 से पीछे चल रहे थे। सिलिच ने यहीं पर अपने अनुभव का इस्तेमाल किया और 5–7, 6–3, 7–6 (5) से जीत दर्ज करके क्रोएशिया को स्पेन पर 2–0 की अजेय बढ़त दिलाई।

## फ्रांस को हराकर भारत अंतिम चार में

भाषा। यरूसलम

● विश्व टीम शतरंज

भारत ने टाईब्रेकर तक चले मुकाबले में फ्रांस को पराजित करके फिडे विश्व टीम शतरंज चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले दोनों मुकाबलों में दोनों टीम बराबरी पर रही जिसके बाद ब्लिट्ज टाईब्रेकर का सहारा लिया गया जिसमें भारत ने 2.5– 1.5 के अंतर से जीत दर्ज की। भारत की जीत के नायक निहाल सरीन और एस एल नारायणन रहे जिन्होंने क्रमशः जूल्स मौसर्ड और लॉरेंट फ्रेसिनेट को हराया। भारत के शीर्ष खिलाड़ी विदित गुजराती ने फ्रांसीसी स्टार मैक्सिम वाचियर लाग्रेव को 45 चाल में बराबरी पर रोका जबकि के शशिकिरण को मैक्सिमे लेगार्ड ने 55 चाल में पराजित किया। ऐसे में सरीन और नारायणन की जीत से भारत आगे बढ़ने में सफल रहा। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला उज्बेकिस्तान से होगा। उज्बेकिस्तान ने यूक्रेन को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले शुरुआती मुकाबले में गुजराती ने लाग्रेव को जबकि नारायणन ने फ्रेसिनेट को हराया। सरीन और शशिकिरण ने अपनी बाजियां ड्रा खेली जिससे भारत ने यह मुकाबला 3–। से जीता। फ्रांस ने हालांकि दूसरे मुकाबले में इसी अंतर से जीत दर्ज करके मैच को टाईब्रेकर तक खींचा। दूसरे मुकाबले में लाग्रेव ने गुजराती को जबकि फ्रेसिनेट ने नारायणन को हराया। सरीन और शशिकिरण ने फिर से अपनी बाजियां ड्रा खेली।

### हार्दिक के कप्तानी कौशल से भारत को टी२० क्रिकेट में काफी मदद मिल सकती है : मिलर

**अबुधाबी।** दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर डेविड मिलर का मानना है कि बतौर कप्तान हार्दिक पंड्या अपनी अभूतपूर्व मानसिक स्पष्टता और काम करने के तरीके से भारतीय टी20 टीम को निर्भीक बना सकते हैं। हार्दिक को 2024 टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के कप्तान के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा के अगले दो साल तक खेल के इस प्रारूप में इस जिम्मेदारी को निभाने की उम्मीद नहीं है। पिछले दो वर्षों में खेल के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर में शामिल हुए मिलर दक्षिण अफ्रीका को दबाव भरी परिस्थितियों से उबारने वाले खिलाड़ी बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि हार्दिक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटन्स को पदार्पण में खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने यहां अबुधाबी टी10 लीग के मौके पर कहा, आईपीएल में उनकी कप्तानी में खेलने से मुझे लगता है कि वह नैसर्गिक नेतृत्वकर्ता है, लोग उसका अनुकरण करते हैं। आप जैसा खेलना चाहते हो, वह आपको वैसा ही खेलने की आजादी देता है। वह बतौर कप्तान बहुत एकजुट रखने वाला है, वह चाहता है कि हर कोई एक दूसरे के करीब रहे। मिलर ने कहा, साथ ही वह अनुशासन के मामले में भी बहुत ही स्पष्ट है। उसमें बतौर कप्तान काफी अच्छे गुण हैं।

## भारत के खिलाफ शाकिबुल हसन की वापसी से मजबूत होगी बांग्लादेश



**ढाका।** स्टार आलराउंडर शाकिबुल हसन अगले हफ्ते भारत के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की टीम के लिए उपलब्ध होंगे। शाकिब अगस्त मे जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछली श्रृंखला मे नही खेल पाए थे जिसमे बांग्लादेश को ट्वेंटी20 और वनडे श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा था। जिम्बाब्वे श्रृंखला से पहले शाकिब ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी सरजमी पर बांग्लादेश की पहली जीत मे 64 गेंद मे 77 रन की पारी खेलकर अहम भूमिका निभाई थी। बांग्लादेश ने बाद में दक्षिण अफ्रीका की सरजमी पर पहली वनडे श्रृंखला (2-। से) जीती थी। मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल अबेदिन ने गुरुवार को कहा, शाकिब की टीम में वापसी से हमारी वनडे टीम और मजबूत होगी। भारत बहुत मजबूत टीम है लेकिन हमें अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है क्योंकि हम अपने मैदान पर खेलेंगे। यह टीम भारत को चुनौती दे सकती है।

## हाकी इंडिया ओलंपियन और पूर्व खिलाड़ियों को देगा विश्व कप के कॉम्प्लीमेंटरी टिकट

**भुवनेश्वर।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को घोषणा की कि देश के सभी हॉकी ओलंपियन और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भुवनेश्वर और राउरकेला मे होने वाले आगामी पुरुष विश्व कप मैच देखने के लिए कॉम्प्लीमेंटरी (मानार्थ) टिकट दिए जाएंगे। सोलह टीमों का यह टूर्नामेंट 13 से 29 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। मैच यहां कलिंग स्टेडियम और राउरकेला में नव निर्मित बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम मे खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के लिए खेल के सभी भारतीय दिग्गजों (जिसमें ओलंपियन भी शामिल) को आमंत्रित करना सम्मान की बात होगी।

## पूरन की धमाकेदार पारी से ग्लेडिएटर्स जीता



**अबू धाबी।** निकोलस पूरन के धमाकेदार अर्धशतक की मदद से डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने अबू धाबी टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम अबू धाबी को 35 रन से हराया। पूरन ने आठ छक्कों और पांच चौकों की मदद से 77 रन बनाए जिससे डेक्कन की टीम ने छह विकेट पर 134 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम अबू धाबी किसी भी समय लक्ष्य तक पहुंचने की स्थिति में नही दिखी और डेक्कन के गेंदबाजों ने उसे छह विकेट पर 99 रन पर रोक दिया। उसकी तरफ से जेम्स विन्से ने सर्वाधिक 37 रन बनाए जबकि फेबियन एलेन ने नाबाद 26 रन का योगदान दिया।